नई दिल्ली

नई दिल्ली, शनिवार 21 सितंबर 2019

अश्विन मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 23, अंक : 185

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

मौसम

अधि. 33.2

न्यून. 24.7

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





13 रोहित-धोनी की उपस्थिति के कारण कप्तान के रूप में विराट प्रभावी

विचार पेज 08 बढ़ेगी नौसेना की ताकत










## मंदी को मात की कवायद: वित्त मंत्री ने दी उद्योग जगत को सौगात

# कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का ऐलान कैपिटल गेन पर सरचार्ज खत्म

आर्थिक मंदी से निपटने के लिए वित्त मंत्रालय की ओर से कई घोषणाएं की गई हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का ऐलान किया है। कटौती के बाद सरकार की ओर से कॉरपोरेट टैक्स 25.17 फीसदी तय किया गया है। इसके अलावा कंपनियों को कोई और टैक्स नहीं देना होगा। वित्त मंत्रालय ने कैपिटल गेन पर भी सरचार्ज खत्म कर दिया है। सरकार के फैसले से उन कंपनियों को राहत मिली है जो भारतीय हैं और मैन्युफैक्चरिंग हैं।

एजेंसी ⏭ पणजी

इन घोषणाओं से निवेश को प्रोत्साहन मिलने तथा रोजगार सृजन को गति मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ये घोषणाएं करते हुए कहा कि इन बदलावों को आयकर अधिनियम के लिये एक अध्यादेश के जरिये अमल में लाया जाएगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि आर्थिक वृद्धि तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिये आयकर अधिनियम में एक नया प्रावधान किया गया है, जो वित्त वर्ष 2019-20 से प्रभावी होगा। इससे किसी भी घरेलू कंपनी को 22 प्रतिशत की दर से आयकर भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। हालांकि इसके लिये शर्त होगी कि वे किसी प्रोत्साहन का लाभ नहीं ले सकेंगी। अधिशेषों और उपकर को मिलाकर इसकी प्रभावी दर 25.17 प्रतिशत होगी।

तीस प्रतिशत कंपनी कर की दर पर कॉरपोरेट कर की मौजूदा प्रभावी दर 34.94 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में नया निवेश आकर्षित करने तथा मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए आयकर अधिनियम में नए प्रावधान किए गए हैं। इससे एक अक्टूबर 2019 या इसके बाद गठित किसी भी कंपनी को विनिर्माण में निवेश करने तथा 31 मार्च 2023 से पहले परिचालन शुरू करने पर 15 प्रतिशत की दर से आयकर भरने का विकल्प मिलेगा। इन कंपनियों के लिये प्रभावी दर 17.01 प्रतिशत होगी।

### अब होटल में रूम लेना होगा सस्ता

वहीं, जीएसटी काउंसिल की बैठक में होटल किराये में जीएसटी दरों को घटा दिया गया है। इससे अब लोगों को कम दाम पर होटल रूम मिल सकेंगे। अब 7500 रुपये से कम के होटल किराये पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अलावा 7500 रुपये से ज्यादा के होटल किराये पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा।

■ इन बदलावों को आयकर अधिनियम के लिए एक अध्यादेश के जरिए अमल में लाया जाएगा




### 7 लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा

शेयर बाजार के इस उत्साह की वजह से कारोबार के दौरान निवेशकों को 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा हुआ। दरअसल, गुरुवार को बीएसई का मार्केट कैप 1,38,54,439.41 लाख करोड़ रुपये था जो शुक्रवार को बाजार बंद होने पर 1,45,37,378.01 लाख करोड़ पर पहुंच गया। इस लिहाज से 6.80 लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा हुआ है। वहीं कारोबार के दौरान यह मुनाफा बढ़कर 7 लाख करोड़ से अधिक हो गया था।

### इतिहास की सबसे बड़ी बढ़त

निर्मला सीतारमण के ऐलान के बाद शेयर बाजार ने जो रफ्तार पकड़ी, उसने एक नया रिकॉर्ड बना दिया। दरअसल, कारोबार के दौरान एक वक्त सेंसेक्स 2250 अंक से अधिक की बढ़त देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1921 अंक उछलकर 38,014 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी भी 569 अंक की तेजी के साथ 11,274 पर रहा।

### कटौती ऐतिहासिक कदम : मोदी



वित्त मंत्री के फैसलों पर पीएम मोदी ने ट्वीट कर सरकार के इन फैसलों को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी की तरफ एक बढ़ता कदम बताया है। मोदी ने लिखा कि कॉरपोरेट टैक्स में कटौती ऐतिहासिक है, इससे मेक इन इंडिया को बड़ा बूस्ट मिलेगा और दुनियाभर से प्राइवेट इन्वेस्टमेंट भारत की ओर आकर्षित होगा।

### 'इवेंट मैनेजमेंट' कर रही है मोदी सरकार: कांग्रेस

कांग्रेस ने 'कारपोरेट कर' की दर कम किए जाने के सरकार के कदम पर सवाल खड़े करते हुए को दावा किया कि नरेंद्र मोदी सरकार 'इकनॉमिकट मैनेजमेंट' नहीं, बल्कि 'इवेंट मैनेजमेंट' कर रही है।

## 15 दिन की जांच के बाद एसआईटी ने कसा शिकंजा

# चिन्मयानंद गिरफ्तार बोले- मैं शर्मिंदा हूं

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर



■ 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

यौन शोषण मामले में वांछित चल रहे स्वामी चिन्मयानंद को आखिरकार एसआईटी ने 15 दिन की जांच के बाद शुक्रवार सुबह उनके मुमुक्ष आश्रम से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया गया और फिर अदालत के सामने पेश किया गया। अदालत में चिन्मयानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बहरहाल, एसआईटी के मुताबिक स्वामी चिन्मयानंद ने मसाज वाले वायरल वीडियो के बारे में शर्मिंदगी जताते हुए कहा कि वे इस मामले को लेकर शर्मिंदा हैं।

हैरानी की बात यह है कि शुरुआत से ही सवालों के घेरे में रही एसआईटी आखिरी दम तक चिन्मयानंद को मदद कर रही है। एसआईटी ने स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ रेप संबंधी सीधी धाराओं में मुकदमा दर्ज न करके 376सी का इस्तेमाल किया। इसका मतलब हुआ कि चिन्मयानंद के खिलाफ रेप का सीधा आरोप नहीं बनता है। यानी कि अगर स्वामी दोषी पाए गए तो भी उन्हें अधिकतम 5 साल की सजा होगी।

### एसआईटी ने नहीं मांगी कस्टडी

वहीं दूसरी तरफ आनन-फानन में स्वामी चिन्मयानंद को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया लेकिन पूछताछ के लिए एसआईटी ने उनकी पुलिस कस्टडी नहीं मांगी जबकि एसआईटी को अभी तक इस मामले के तमाम साक्ष्य स्वामी चिन्मयानंद से बरामद करने बाकी हैं।

### ये साक्ष्य करना हैं बरामद

सबसे अहम साक्ष्य स्वामी चिन्मयानंद का मोबाइल फोन, गद्दा जिस पर मालिश करवाते हुए वीडियो वायरल हुआ था, का बरामद किया जाना अहम है। साथ ही इस पूरे मामले में शामिल तमाम दूसरे लोग और दूसरे ऐसे सबूत हैं जिनकी बरामदगी बेहद अहम है। इसके बावजूद एसआईटी ने चिन्मयानंद को न्यायिक हिरासत में जाने का रास्ता छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### भारत को फ्रांस में मिला पहला राफेल विमान



**नई दिल्ली/पेरिस।** भारतीय वायुसेना के सूत्रों के मुताबिक, एयरफोर्स ने पहला राफेल जेट रिसीव कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को फ्रांस में भारतीय वायुसेना ने राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉ एविएशन से पहला रफाल जेट रिसीव किया। आपको बता दें कि रफाल डील में हुए कथित घोटाले को लेकर इसपर भारत में जमकर राजनीति हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान डेप्युटी एयर फोर्स चीफ मार्शल वी आर चौधरी मौजूद रहे। बताया गया कि वी आर चौधरी ने खुद भी रफाल विमान को लगभग एक घंटे तक उड़ाया।

### रतुल की न्यायिक हिरासत तीन अक्टूबर तक बढ़ायी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी की न्यायिक हिरासत तीन अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी। पुरी को अदालत के सामने पेश किया गया और प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि अगर उन्हें रिहा किया जाता है, तो वह साक्ष्य से छेड़छाड़ कर सकते हैं। इसके बाद विशेष न्यायाधीश संजय गर्ग ने आदेश जारी किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पुरी को 20 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

### ट्विटर ने बंद किए फर्जी खबर फैलाने वाले खाते

**वाशिंगटन।** ट्विटर ने फर्जी खबरें फैलाने तथा सरकार समर्थित प्रचार अभियान को आगे बढ़ाने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, चीन और स्पेन जैसे देशों में हजारों खाते बंद कर दिए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि चीन के ट्विटर खाते हांगकांग में चल रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर विरोधाभासी बातें फैलाने में संलिप्त थे। इसी तरह कतर और यमन को निशाना बनाकर सउदी अरब के पक्ष में माहौल बनाने को लेकर संयुक्त अरब अमीरात तथा मिस्र स्थित कई खाते बंद किये गये।

### तिहाड़ में मिशेल से पूछताछ करेगी सीबीआई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सीबीआई को अगस्तावेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद कथित बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल से पूछताछ करने की शुक्रवार को इजाजत दे दी।

## सीबीआई ने जमानत याचिका का किया विरोध

# सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं चिदंबरम



■ कोर्ट से कहा, जमानत मिली तो गवाहों को कर सकते हैं प्रभावित

**नई दिल्ली।** आईएनएक्स मीडिया केस पर सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। इसमें एजेंसी ने पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की जमानत याचिका का विरोध किया है। सीबीआई ने कहा है कि इस मामले की जांच अभी चल रही है, ऐसे में इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। एजेंसी का कहना है कि चिदंबरम बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं, अगर उन्हें जमानत दी जाती है तो वो बाहर आकर गवाहों को प्रभावित और अन्य संभावित सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।

हलफनामे के जरिए दिए जवाब में सीबीआई ने कोर्ट को ये भी बताया है कि कई देशों को पत्र लिखकर चिदंबरम, इनके परिजनों और संबन्धित कम्पनियों के विदेशों में स्थित बैंक खातों और शेल कंपनियों के बारे में जानकारी मांगी है। ऐसे में अगर पी. चिदंबरम को जमानत मिलती है तो सीधे तौर पर जांच प्रभावित होगी। यानी जमानत पर रिहा होकर इस गंभीर मामले में पी. चिदंबरम गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के दावे को किया खारिज

# घाटी के लोगों को हाईकोर्ट पहुंचने में नहीं हो रही दिक्कत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ बच्चों को हिरासत में रखने के आरोपों की पड़ताल का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसे जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मिल गई है, लेकिन यह घाटी के लोगों के हाईकोर्ट से संपर्क करने में असमर्थ होने संबंधी दावों का समर्थन नहीं करती। शीर्ष अदालत ने हालांकि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान रद्द किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में बच्चों को हिरासत में रखने के आरोपों की पड़ताल करने का निर्देश उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति को दिया है। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपनी है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अहमदी से कहा, हमें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मिली है जो आपके बयान का समर्थन नहीं करती।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा

# यूएनजीए में कश्मीर मुद्दा उठाया तो नीचे गिरेगा पाकिस्तान

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र



■ कहा, पाक नफरत फैलाने वाले भाषण को मुख्यधारा में लाने की कर सकता है कोशिश

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि यदि पाकिस्तान अगले सप्ताह यहां होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र में कश्मीर मामला उठाकर अपना स्तर 'नीचे गिराता' है तो भारत का स्तर और ऊंचा उठेगा। उन्होंने कहा कि यूएनजीए सत्र के दौरान कश्मीर को लेकर पाकिस्तान जहर उगल सकता है, मैं बता देना चाहता हूं कि यह ज्यादा समय तक काम करने वाला नहीं है। उन्होंने आगाह किया कि पाकिस्तान नफरत फैलाने वाले भाषण को मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर सकता है जो अतीत में भी आतंकवाद को सामान्य बताने की कोशिश करता रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने 27 सितंबर को न्यूयॉर्क में यूएनजीए के सत्र में कश्मीर मुद्दे को उठाने की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन देने का कार्यक्रम भी उसी दिन है।

### पाक ने हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व को हमेशा से कमतर आंका: वायुसेना प्रमुख




**मुंबई।** पाकिस्तान ने भारत के राष्ट्रीय नेतृत्व को हमेशा से कमतर आंका है और बालाकोट हवाई हमले के दौरान भी उन्होंने यही किया था। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। वायुसेना प्रमुख 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में ये बातें कह रहे थे। धनोआ इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

## चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर शाम ढलते-ढलते बढ़ने लगा अंधेरा

# लैंडर 'विक्रम' के साथ संपर्क साधने की उम्मीदें बेहद कम

एजेंसी ⏭ बैंगलुरु



चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर शाम ढलते-ढलते अब अंधेरा बढ़ने लगा है। इसी के साथ अब लैंडर 'विक्रम' के साथ संपर्क साधने की उम्मीदें भी बेहद कम होती जा रही हैं। अंधेरे के साथ ही चंद्रमा की सतह पर तापमान माइनस 180 डिग्री तक पहुंच जाएगा, क्योंकि विक्रम लेंडर पर किसी भी तरह का रेडियो आइसोटोप हीटर नहीं लगा है और यही कारण है कि उसके जीवित रहने की उम्मीद कम दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि 7 सितंबर को आधी रात को 1:53 बजे के करीब विक्रम लैंडर का चांद के साउथ पोल यानी दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करनी थी, लेकिन सतह पर पहुंचने से पहले ही करीब सतह से 300 मीटर की दूरी से ही संपर्क टूट गया था। जब ये घटना हुई तब चांद पर सूरज की रोशनी पड़नी शुरू हुई थी। यही कारण है कि इसरो ने भी यही विंडो तैयार किया था। ताकि विक्रम लेंडर पर सूरज की रोशनी पड़ सके और वह अपने एक्सपेरिमेंट कर सके।

बता दें कि चांद पर एक दिन यानी सूरज की रोशनी वाला पूरा वक्त पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है। ऐसे में 7 तारीख के बाद से 14 दिन बाद यानी 20-21 सितंबर को चांद पर रात हो जाएगी। ऐसे में रात के दौरान क्योंकि तापमान काफी ठंडा हो जाएगा, यही कारण है कि विक्रम लैंडर के काम करने की उम्मीदें भी खत्म होती चली जाएंगी।

इस बीच नासा के लूनर रेक्कॉनैसंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की तस्वीर ली है। जो वहां आइस वाटर होने कि पुष्टि करती है।

### कोशिश नहीं ला रही रंग

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंधेरा बढ़ने लगा है। विक्रम लैंडर से संपर्क साधने के लिए इसरो समेत नासा ने भी अपनी ओर से पूरी कोशिश की। आखिरी पल तक हार ना मानते हुए अलग-अलग डीप स्पेस नेटवर्क ने विक्रम लेंडर से संपर्क साधने की कोशिश की। नासा के अमेरिका में कैलिफोर्निया के गोल्ड स्टोन, स्पेन के मेड्रिड और ऑस्ट्रेलिया के कैनबेरा डीप स्पेस नेटवर्क संपर्क साधने में लगे हुए थे। इसके अलावा इसरो के डीप स्पेस नेटवर्क लगातार संपर्क साधने में लगे हुए थे। आखिरी पल तक की गई कोशिश भी कोई रंग नहीं लाई।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप, मनीष को मिला कांस्य

# फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने अमित



**नई दिल्ली।** बॉक्सर अमित पंघाल रूस के एकातेरिनबर्ग में हो रहे वर्ल्ड चैम्पियनशिप में शुक्रवार को 52 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंच गए। वे इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को हराया। फाइनल में शनिवार को उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव से होगा। दूसरी ओर, 63 किलोग्राम भार वर्ग में मनीष कौशिक सेमीफाइनल में क्यूबा के एंडी क्रूज से हार गए हार गए। उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### बजरंग पूनिया ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप के 65 किलोग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। बजरंग ने ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले में मंगोलिया के तुल्गा ओचिर को 8-7 से मात दी। बजरंग शुरुआत में 6-0 से पीछे थे, लेकिन बाद में वापसी करते हुए पदक जीत ले गए।

(खेल पेज भी देखें)

# 40 करोड़ की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

## पश्चिम बंगाल से ट्रक के जरिये दिल्ली लाते थे हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल से ट्रक के जरिए हेरोइन दिल्ली लाने वाले दो तस्करों को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम पश्चिम बंगाल के मालदा के रहने वाले बैजलूर रहमान और मो. अबू बक्कर सिद्दकी हैं। दोनों के पास से साढ़े 10 किलो हेरोइन बरामद की गई है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 करोड़ आंकी गई है। पुलिस ने इनके पास से 12 टायरों वाला ट्रक भी जब्त किया है। डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि हेरोइन पहले म्यांमार से मणिपुर पहुंची थी। इसके बाद गुवाहाटी और मालदा से



देश के अन्य हिस्सों में भेजी जाती थी। पश्चिमी यूपी, दिल्ली-एनसीआर, एमपी, राजस्थान और पंजाब में खासतौर पर बड़े स्तर पर हेरोइन पहुंचती थी। पश्चिम बंगाल का रहने वाला सैदुल ड्रग्स सप्लाई का बड़ा माफिया है और वह अपने गुर्गों से ड्रग की तस्करी कराता है। 18 सितंबर को स्पेशल सेल को सूचना कि दो तस्कर पश्चिम बंगाल में सैदुल से ड्रग्स लेकर दिल्ली में किसी को देने के लिए आने वाले हैं। बताया गया कि दोनों ट्रक के जरिए मजनूं का टीला की तरफ आएंगे। सूचना के आधार पर टीम तैयार करके मौके पर तैनात की गई। दोपहर करीब सवा तीन बजे पश्चिम बंगाल नंबर का एक ट्रक मजनूं का टीला के पास रिंग रोड पर आकर रुका। उसमें दो लोग बैठे हुए थे। दोनों ने करीब 15 मिनट पर वहां किसी का इंतजार किया। किसी के न आने पर जब दोनों ट्रक लेकर जाने लगे तो टीम ने दोनों को पकड़ लिया।

दोनों के पास से बैग मिले, जिनमें साढ़े 10 किलो हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने बिताया कि सैदुल ने उन्हें हेरोइन देकर दिल्ली भेजा था। यहां उन्हें हेरोइन किसी को देनी थी। फिलहाल स्पेशल सेल दोनों से पूछताछ करके यहां हेरोइन लेने वाले और इस गिरोह के सरगना सैदुल को पकड़ने के लिए जानकारी जुटा रही है।

# कनॉट प्लेस में पिस्टल दिखाकर दंपति को लूटा

## जान बचाने के लिए सोने की चेन को दूर फेंककर भागे दंपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पॉश और सेफ माने जाने वाले कनॉट प्लेस इलाके में बदमाशों से घिरे दंपति ने अपनी जान बचाने के लिए सोने की चेन को दूर फेंक दिया। बदमाश सोने की चेन उठाने के लिये भागे, तो दंपति भी अपनी स्कूटी लेकर दूसरी तरफ भाग खड़े हुये। लेकिन चेन उठाने के बाद भी बदमाशों ने पीछा करना जारी रखा, तो दंपति ने कनॉट प्लेस आउटर सर्किल पर गलत दिशा में अपनी स्कूटी मोड़कर गिरा दी, ताकि लोगों की नजर उन पर पड़े और कोई बचाने के लिए आए। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस



के मुताबिक, विनोद सिंह अपनी पत्नी अमृता वोहरा को लेकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जा रहे थे। अमृता को गुरुवार को ट्रेन से रामपुर सुबह 6:20 बजे की शताब्दी एक्सप्रेस से जाना था। नेब सराय से दंपति स्कूटी पर निकले थे और करीब 5:35 पर वह कस्तूरबा गांधी मार्ग पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश उनके पास आए, जिसमें एक ने हेलमेट नहीं पहना था। बदमाशों ने दंपति को पिस्टल दिखाई और फिर लूटपाट की कोशिश की। पिस्टल देखकर दंपति भागे और जनपथ की तरफ चले आए। जब बदमाशों को उन्होंने पीछा करता हुआ देखा तो अमृता ने अपनी सोने की चेन को गले से निकालकर बदमाशों की तरफ फेंक दिया। दंपति को लगा कि शायद चेन लेकर बदमाश पीछा छोड़ दें, लेकिन बदमाशों ने चेन लेने के बाद भी पीछा करना जारी रखा। दंपति दोबारा केजी मार्ग की तरफ भागे और इस बार केजी मार्ग से कनॉट प्लेस आउटर सर्किल पर निकल आए। बदमाशों पीछे आते देख उन्होंने अपनी गाड़ी बीच सड़क पर गिरा दी और मदद मांगने लगे। हालांकि गाड़ी गिरने के कारण दोनों के पैर में चोट भी लगी और खून निकलने लगा। इसके बाद पुलिस वहां पहुंच गई, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक पीड़िता के बयान को वेरिफाई किया जा रहा है, वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने फांसी लगाई

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के तिलक नगर थाना इलाके में रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुरुआती जांच में पता चला कि मृतका को एक युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। इसी से परेशान होकर लोक लज्जा से बचने के लिए उसने यह कदम उठाया है। युवती नोएडा की नामी यूनिवर्सिटी से इंग्लिश ऑनर्स का कोर्स कर रही थी। इसके अलावा वह कनॉट प्लेस के इंस्टीट्यूट से जर्मन लैंग्वेज का भी कोर्स कर रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार घटना गुरुवार की है। युवती की मां डॉक्टर के पास गई थी। रास्ते से उसने बेटी को फोन किया, लेकिन बार-बार फोन करने के बाद भी उसने फोन नहीं उठाया था। इसके बाद वह जल्दी से घर पहुंची बेटी फंदे से लटकी मिली। एडिशनल डीसीपी समीर शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक का पता चल गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं कर सकते। पुलिस ने आईपीसी 306 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है।

### ठगी में शामिल नाइजीरियाई धरा

**नई दिल्ली।** साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर सेल ने ऑनलाइन चीटिंग केस में फरार चल रहे नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। इब्राहिम ओनगिडे (31) नामक आरोपी की गुरुग्राम के केस में पुलिस को तलाश थी। गुरुग्राम कोर्ट उसे भगौड़ा भी घोषित कर चुकी थी। 18 सितंबर को उसे पुल प्रहलादपुर इलाके से पकड़ा गया। वह यहां विश्वकर्मा कॉलोनी में रह रहा था। उसके पास वीजा और पासपोर्ट भी नहीं मिला है। जांच में पता चला कि आरोपी 2013 में इंडिया आया था। जल्द पैसा कमाने के चक्कर में वह ऑनलाइन फ्रॉड करने लगा। उसने मणिपुर की एक महिला से शादी भी की हुई है।

### मेरठ में प्रोफेसर के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने मेरठ के सुभारती कॉलेज के प्रोफेसर संजय गौतम की हत्या में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यूपी पुलिस की तरफ से इनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। गिरफ्त में आये दोनों हत्यारोपियों के नाम विनीत और सागर है। इनके पास से दो देशी कट्टे और चार कारतूस बरामद हुये हैं। पुलिस का कहना है कि विनीत हिस्ट्रीशीटर है। प्रोफेसर ने दोनों आरोपियों को सरेराह डांट लगाई थी। इसी का बदला लेने के लिये उनकी हत्या की गई थी। स्पेशल सेल के डीसीपी संजीव कुमार यादव के मुताबिक दोनों आरोपियों को एसीपी निशांत गुप्ता के देखरेख व इंस्पेक्टर विवेकानंद पाठक और कुलदीप सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। 14 सितंबर को यूपी के मेरठ स्थित सुभारती मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर संजय गौतम अपनी बाइक से अपने घर लौट रहे थे। वह जैसे ही बागपत रोड स्थित एक चाय की दुकान पर पहुंचे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आये करीब सात-आठ लड़कों ने पहले उनकी बाइक में टक्कर मारी और झगड़ा होने पर हेल्मेट व ईट से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। हालांकि इस मामले में मेरठ पुलिस ने रोहित उर्फ आदित्य, हर्ष उर्फ रोहित, प्रधान, गोलू उर्फ विशाल दहिया, आकाश सिंह और अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया था।

## डीएनडी पर हुआ हादसा, बीमार बच्चे को सफदरजंग अस्पताल लेकर जा रहा था परिवार

# ट्रक में घुसी एंबुलेंस, दो की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डीएनडी फ्लाईओवर पर शुक्रवार तड़के एक एंबुलेंस सड़क पर खड़े एक ट्रक में घुस गई। इस दौरान एंबुलेंस का अलगा हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एंबुलेंस में सवार छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची गई। पुलिसकर्मियों ने डीएनडी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की मदद से दूसरे एंबुलेंस में सभी घायलों को लाल बहादुर शास्त्री में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने दो वर्षीय सुभाष को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुनील कुमार (30) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल सुभाष के पिता सुरेश (35), मां मन्नो देवी (32), चार वर्षीय बड़ा भाई और एंबुलेंस चालक अनिल (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक सुभाष के भाई की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हालत गंभीर होने पर उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। जांच में पुलिस को पता चला कि दिल्ली परिवहन विभाग के इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट ने ट्रक



को जांच के लिए रोका था। इस दौरान पीछे से आ रही एंबुलेंस ट्रक में घुस गई। डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह ने बताया कि फिलहाल मयूर विहार थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल सभी फरार चल रहे हैं। उनकी तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सुरेश, मूलरूप से मध्य प्रदेश के चित्रकूट का रहने वाला है। वह नोएडा में सपरिवार रहते है। परिवार में पत्नी मन्नो देवी, बेटा है। सुरेश नोएडा की एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है।

### ■ हादसे में चार लोग घायल, हालत गंभीर

सुरेश के बेटे सुभाष की तबीयत खराब चल रही थी। सुभाष का इलाज नोएडा स्थित सिद्धार्थ अस्पताल में चल रहा था। इसी बीच उसकी तबीयत खराब हो गई तो डॉक्टरों ने उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया। इस पर सुरेश ने सांई एंबुलेंस सर्विस को फोन कर बुलाया। एंबुलेंस आने पर परिवार बेटे सुभाष को लेकर शारदा अस्पताल में गए। यहां डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल जाने की सलाह दी। इस दौरान एंबुलेंस में सुरेश के परिवार और टेक्नीशियन सुनील कुमार भी मौजूद था। शुक्रवार तड़के करीब 3:15 बजे वह दिल्ली के मयूर विहार इलाके में डीएनडी टोल से आगे पहुंचे। इस दौरान एंबुलेंस के आगे एक ट्रक चल रहा था। इसी बीच ट्रक को दिल्ली परिवहन विभाग के इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट ने जांच के लिए रोका। ट्रक के अचानक रुकते ही एंबुलेंस ड्राइवर अनिल हक्का बक्का रह गया। इससे पहले वह कुछ समझ पाता एंबुलेंस ट्रक में समा गई। हादसे में सुभाष और सुनील कुमार की मौत हो गई। अनिल वह मूलरूप से आगरा का रहने वाला था।

### अचानक ही रोका था ट्रक

चश्मदीदों ने बताया कि इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट ने ट्रक को अचानक ही रोका था। इसके कारण एंबुलेंस ड्राइवर कुछ समझ नहीं पाया। डीएनडी पर वाहनों की रफ्तार भी तेज होती है। जहां डिपार्टमेंट ने ट्रक को जांच के लिए रोका था। वहां रोकना नहीं चाहिए था। इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारी अपनी मनमर्जी से जहां चाहें वहां वाहनों को हाथ देकर रोक लेते हैं।

### हादसे के बाद इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारी व ट्रक चालक फरार

डीएनडी की सुरक्षा में तैनात कर्मचारी रविंद्र ठाकुर ने बताया कि तीन बजे के करीब वह दूसरी ओर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक तेज आवाज सुनी। आवाज सुनते ही वह रुक गए। उन्होंने देखा कि एक ट्रक में एंबुलेंस ने पीछे से टक्कर मार दी है। हादसे के बाद इंफोर्समेंट डिपोर्टमेंट के अधिकारी मौके से फरार हो गए। इसी का फायदा उठाकर ट्रक चालक भी मौके से फरार हो गया।

## महाराजा सूरजमल संस्थान में एस. पी. सिंह स्मृति भाषणमाला आयोजित

**नई दिल्ली।** सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था ने शुक्रवार को संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय एस.पी. सिंह की स्मृति में प्रथम एस.पी. सिंह स्मृति भाषणमाला का आयोजन किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रो.सोमपाल शास्त्री ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। प्रो. विजयपाल सिंह, प्रोफेसर–क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर ने ग्रामीण भारत में शिक्षा की चुनौतियां विषय पर व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि सोमपाल शास्त्री ने लंबे समय तक साथ रहे एस.पी. सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि हमारा तो एक भाई के रूप में उनका हमेशा पग-पग पर साथ रहा जिसे भुलाया नहीं जा सकता। प्रो. विजय पाल सिंह ने अपने व्याख्यान में स्पष्ट किया कि ग्रामीण भारत में शिक्षा की चुनौतियों को ध्यान में रखकर हमें सहयोगात्मक व क्रियात्मक रूप से अथक प्रयास व मेहनत करनी होगी तथा सभी समस्याओं को दूर करते हुए गुणात्मक सुधार लाने होंगे। गाँवों के लिए किए जा रहे कार्यों पर ध्यान देना होगा क्योंकि गाँवों की उन्नति पर ही समाज व देश की उन्नति निर्भर है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण भारत जो कि भारत के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में मुख्य भूमिका निभाता है, वह आज संकट के दौर का सामना कर रहा है। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के अध्यक्ष कप्तान सिंह ने कहा कि एस.पी. सिंह ने अपने कैरियर में सरकार में उच्च पद पर रहते हुए तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी अनेक शिक्षण संस्थाओं, ग्रामीण क्षेत्रों और समाज सेवा के लिए गौरवासन रहते हुए अनेक ऐसे कार्य किए जो एक मिसाल है।

## तीन वर्षीय बेटी के सामने पत्नी के सीने में चाकू घोंपकर उतारा मौत के घाट

### ■ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। आनंद पर्वत थाना इलाके में एक पति ने तीन वर्षीय बेटी के सामने अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतका का नाम पायल (27) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान आरोपी शराब पीकर घर लौटा था तो उसकी पत्नी ने उसे टोक दिया था। इसी बीत को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया और आरोपी ने उसकी चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी कमलेश (30) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पायल, आनंद पर्वत इलाके में सपरिवार रहती थी। परिवार में पति कमलेश व बेटी है। कमलेश इलाके की एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन अब वह बेरोजगार है। बृहस्पतिवार रात वह शराब पीकर घर लौटा। इस पर उसकी पत्नी गुस्सा करने लगी तो दोनों के बीच झगड़ा शुरु हो गया। इसी बीच कमलेश रसोई घर में रखा चाकू लेकर आया और अपनी पत्नी के सीने में घोंप दिया। घर में शोर शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत सूचना पुलिस को दी। पुलिस पायल को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### लड़की को ले जाने वाला लड़का भी गिरफ्तार

नई दिल्ली। न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने कांस्टेबल द्वारा 16 वर्षीय लड़की के दुष्कर्म मामले में उस लड़के को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस सूत्रों की माने तो इस रेप व पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी बनाया गया है। पुलिस कांस्टेबल व आरोपी लड़के से भी पूछताछ कर रही है। बता दे कि कुछ पूर्व एक लड़का एक लड़की को लेकर चला गया था। लड़की खुद घर आ गई थी। इसी दौरान कांस्टेबल विश्राम लड़की को काउंसलिंग के बहाने अपने साथ बाइक पर यमुना खादर में ले गया। यहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में रुपये देकर छोड़ दिया। लड़की ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। परिजनों ने इसकी शिकायत थाने में दी। पुलिस ने कांस्टेबल के खिलाफ भी दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

## अस्पताल में भर्ती तिहाड़ के कैदी की मौत

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल नंबर-एक के विचाराधीन कैदी ने दो दिन जिंदगी और मौत से जूझने के बाद गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। गुरफान (30) नामक कैदी पर हत्या समेत कई केस दर्ज थे। इस केस में तिहाड़ प्रशासन का कहना है कि 17 सितंबर को कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की थी, जिसके बाद उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उधर मृतक के परिजन उसे जेल में पीटे जाने की बात कह रहे हैं। इसे लेकर परिजनों ने शुक्रवार को अस्पताल के बाहर हंगामा भी किया। फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। गुरफान को बीती 17 सितंबर की सुबह करीब 11:15 बजे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरफान ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया था। ऐसा जेल प्रशासन का कहना है। जेल प्रशासन की तरफ से इस बारे में गुरफान के परिजनों को भी उसी दिन जानकारी दे दी थी। वहीं गुरफान की वकील चित्रा विद्यार्थी का कहना है कि परिजनों ने उन्हें बताया है कि गुरफान के साथ मारपीट की गई थी। उसके गले पर फांसी लगाने का निशान नहीं था। शुक्रवार को हंगामे के बाद परिजनों से मिलने कई सीनियर अफसर भी पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें केस में उचित कार्रवाई करने की बात कहकर शांत कराया। गुरफान पर खजूरी खास थाने में साल 2011 में हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इसके साथ ही खजूरी खास और दयालपुर थाने में चोरी के मामले दर्ज थे। फिलहाल उसका केस अदालत में विचाराधीन था। 26 सितंबर को आगामी सुनवाई थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विकास कुमार, पुत्र श्री अजय प्रसाद, पता मकान नं. 265, गली नं. 2, अम्बेडकर नगर, हैदरपुर, दिल्ली** ने एफ.आई.आर. संख्या 1275/14, धारा 279/337 भा.दं.सं., थाना शालीमार बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है। कि उक्त व्यक्ति **विकास कुमार** मिल नहीं रहा है; और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विकास कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है। कि एफ.आई.आर. संख्या 1275/14, धारा 279/337 भा.दं.सं., थाना शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त **विकास कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष, (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2019** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री विरेन्द्र सिंह**
महानगर दण्डाधिकारी,
**DP/9369/NW/19** कमरा नं. 407, चतुर्थ तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**पहचान की अपील**



**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः कैलाश, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः 32 वर्ष, कदः 5'5" फीट, रंगः सांवला, पहचान चिन्हः दाहिनी बांह में "शिव" का टैटू, पहनावाः गहरे नीले रंग की कमीज और स्लेटी रंग की लोवर। जो दिनांक 13.09.2019 को पिलर नं0 23, नजदीक गुरुद्वारा, आजाद मार्केट, बाड़ा हिन्दू राव, दिल्ली, से मृत अवस्था में पाया गया। जिसके संदर्भ में DD No.18-A, दिनांक 13.09.2019 थाना बाड़ा हिन्दू राव, दिल्ली में दर्ज है।**
**स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।**

**थानाध्यक्ष**
**थाना बाड़ा हिन्दू राव, दिल्ली**
**DP/450/N/19** **फोन नं0: 011-23529707**

### इलाज में लापरवाही की वजह से हुई थी विशाल शर्मा की मौत

# अस्पताल ने नहीं दिखाई संवेदना, मृतक के अभिभावक को दिया जाए 20 लाख का मुआवजा : उपभोक्ता आयोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली राज्य उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि मानवीय संवेदना अस्पताल का कर्तव्य है और इसे उन्हें लागू करने की जरूरत है। इसके साथ ही आयोग ने 2003 में इलाज में लापरवाही की वजह से मरे दिल्ली निवासी विशाल शर्मा के अभिभावक को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। आयोग ने शर्मा के अभिभावक को बेटे की मौत की वजह से हुई मानसिक परेशानी और कष्ट के लिए यह मुआवजा देने का आदेश दिया। आयोग के सदस्य अनिल श्रीवास्तव ने मुआवजे का आदेश देते हुए कहा कि इससे दिल्ली स्थित शांति मुकुंद अस्पताल के रवैये में गुणात्मक बदलाव के उद्देश्य की पूर्ति होगी ताकि वह इंसान को इंसान समझ



कर सेवाएं मुहैया कराए। आयोग ने कहा कि मानवीय संवेदना जरूरी है, यह उनकी आचार संहिता में है, यह उनका कर्तव्य है इसे तब और लागू करने की जरूरत है जब संविधान के अनुच्छेद 21 में व्यक्तिगत आजादी की गारंटी दी गई है। आयोग ने अस्पताल को जिम्मेदार ठहराते हुए दो महीने में मुआवजे की राशि देने को कहा है। शिकायत के मुताबिक शर्मा को बुखार था और उसे 15 अक्टूबर 2003 को शांति मुकुंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने इलाज की जिम्मेदारी डॉक्टर अनिल चतुर्वेदी को दी थी। आरोप है कि अस्पताल ने माना था कि शर्मा को संभवतः डेंगू है। इसके बावजूद प्लेटलेट की जांच भर्ती के तीन घंटे बाद की गई। यह घोर लापरवाही है। उसी दिन शर्मा की मौत हो गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि पीड़ित की मौत अस्पताल और डॉक्टरों की संवेदनहीनता, लापरवाही, ढुलमुल रवैये और गैर पेशेवर व्यवहार की वजह से हुई। शर्मा की मौत के बाद अस्पताल की ओर से दिए गए दस्तावेजों में कांटछांट की गई थी। आयोग ने कहा कि मरीज का प्रभावी तरीके से इलाज नहीं किया गया और डेंगू बुखार के लक्षण होने के बावजूद प्लेटलेट की गिनती के लिए जांच नहीं की गई।

हालांकि, मरीज को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। यह भी संज्ञान में लाया गया कि डॉक्टर श्रीवास्तव जिन्हें इलाज की जिम्मेदारी गई थी, ने कभी मरीज का परीक्षण नहीं किया जो लापरवाही की इंतहा है। यह बताया गया कि मरीज के हालत के बारे में बार-बार पूछने पर भी अभिभावकों को जानकारी नहीं दी गई।

### चार लोगों को डॉक्टरों पर हमला करने व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया गया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने चार व्यक्तियों को सरकारी अस्पताल में उनके एक रिश्तेदार को मृत घोषित किये जाने के बाद डॉक्टरों पर हमला करने और वहां की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को दोषी ठहराया है। अदालत ने कहा कि ऐसी घटनाओं के चलते डॉक्टर और अन्य कर्मी सुरक्षित कार्य माहौल की मांग करते हुए हड़ताल पर चले जाते हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पवन सिंह राजावत ने बबलू, इमरान, नुरू और राशिद को भादंसं की धाराओं 186 (सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालना), 427 (शरारत कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना) और 34 (साझी मंशा) के तहत छह माह की कैद की सजा सुनायी। अदालत ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों के इलाज मे लगे कर्मचारियों को उनके काम में बाधा पहुंचाकर दोषियों ने रोगियों की जिंदगी खतरे में डाल दी। इन कर्मियों को आपात विभाग में डॉक्टरों एवं अन्य कर्मियों के तत्काल ध्यान की जरूरत होती है। उन्होंने डिफाइब्रेलेटर नामक जिस मशीन को नुकसान पहुंचाया, उससे न केवल अस्पताल को वित्तीय क्षति हुई बल्कि जरूरतमंद मरीज इस जीवन रक्षक मशीन का लाभ नहीं ले पाए। अभियोजन के अनुसार जुलाई, 2007 में एक मरीज को लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) लाया गया था। बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ने उसे वहां रेफर किया था। एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उसके बाद उसके रिश्तेदारों ने 20 अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर उस समय मौजूद दो डाक्टरों से बहस की, उन पर हमला किया और संबंधित मशीन को नुकसान पहुंचाया।

**उत्तर रेलवे**

**उ.रे. केन्द्रीय अस्पताल, वसन्त लेन, नई दिल्ली में एटीएम लगाने हेतु बैंकों से आमन्त्रण**

**विषयः-** उ.रे. केन्द्रीय अस्पताल, वसन्त लेन, नई दिल्ली में एटीएम लगाने हेतु **कुटेशन 28.09.2019** को खुलेगी

उ.रे. केन्द्रीय अस्पताल, नई दिल्ली में एटीएम लगाने हेतु निम्न शर्तों व कन्डीशन्स के साथ आमंत्रित हैः–

1. देयर इस नो रिजर्व प्राईस लेकिन क्वेटिंग हाइऐस्ट लाईसेन्स फीस शेल वी अवार्ड द एटीएम लोकेशन।
2. एटीएम मशीन उसका केबिन स्ट्रक्चर, एयर कन्डीशनिंग, इलेक्ट्रिक केवलिंग क्म्यूनिकेशन केवलिंग, क्म्यूनिकेशन एवं इन्टरनेट डिवाइस साथ में एन्टीना आदि जैसे सभी फिजीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर शेल वी प्रोवाईडेड वाई द बैंक एट इटस ओन कोस्ट एवं रिस्पोन्सबिल्टी। रेलवे रिस्पोन्सबिल्टी परटेन्स टू प्रोवाईडिंग द रिक्यार्ड लेन्ड/विल्ट अप स्पेस की होगी।
3. रिसपोन्सबिल्टी आफ सिक्योरिटी, मेन्टीनेन्स, एवं क्लीनलाईन्स आफ द एटीएम प्रेमिस शेल रेस्ट विद संबन्धित बैंक द्वारा।
4. द इलेक्ट्रकसिटी फोर एटीएम शेल वी प्रोवाईडेड वाई द रेलवे चार्जिंग इटस एक्चुअल कोस्ट फ्रोम द बैंक हाऊऐवर द बैंक शेल वी एट इटस लिबर्टी टू गेट द इलेक्ट्रिक फ्रोम ऐनी सोर्स।
5. एटीएम शेल वी प्रोवाईडेड फोर ए डयूरेशन आफ 5 वर्ष विद प्रोवीजन फोर एक्सटेंशन आफ द पीरियड बेस्ड आन म्यूचल एग्रीमेन्ट।

| | |
|---|---|
| **डेट एवं टाईम फोर सबमीशन आफ कुटेशन** | अप टू 15:00 बजे तक 28.09.2019 को |
| **कुटेशन टू वी सबमिटिड** | डारेक्टर/एडमिन/उ.रे., केन्द्रीय अस्पताल वसन्त लेन, नई दिल्ली |

**सं.: 128 W/269/ओ.ई.टै.-19-20/एनआरसीएच/नोटिस-08** **दिनांकः 20.09.2019.**
**3046/2019**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### अदालती इंफ्रास्ट्रक्चर में दिल्ली बनी नंबर वन

**नई दिल्ली।** अदालती इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में दिल्ली देश में नंबर वन पर है। इस बात की जानकारी अगस्त 2019 में विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में प्रकाशित रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसके पास सुप्रीम कोर्ट से तय एनसीएमसी मानकों के अनुसार कोर्ट परिसर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली और चंडीगढ़ में ही एनसीएमसी मानकों को पूरा किए जाने वाले राज्य थे। विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी इन इंडिया, जेएएलडीआई और टाटा ट्रस्ट के साथ मिलकर कानूनी नीति के आधार पर सर्वेक्षण किया जिसके तहत 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 665 जिला कोर्ट के 6650 वादियों का साक्षात्कार किया।

### कवि सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने शुक्रवार को हिंदी पखवाड़े के दौरान कवि सम्मेलन का आयोजन करवाया। कवि सम्मेलन में कवि महेश गर्ग बेधड़क, डॉ. सुरेश अवस्थी, पवन आगरी व बलराम श्रीवास्तव ने कविताओं से मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन का शुभारंभ डीटीसी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

### दिल्ली महिला आयोग पहुंचे निगमों के अधिकारी

# स्पा सेंटरों पर निगमों की कार्रवाई

■ आयोग के छापे के बाद निगमों को भेजा था समन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के बुराड़ी और नवादा में चल रहे स्पा/मसाज सेंटर पर दिल्ली महिला आयोग के छापे के बाद तीनों निगमों को समन जारी किए गए। इसके बाद शुक्रवार को दिल्ली महिला आयोग में तीनों निगमों से संबंधित अधिकारी पहुंचें। बताया जाता है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अधिकारियों से पूछा कि लाइसेंस देने के बाद परिसर की जांच क्यों नहीं की जाती है या लाइसेंस जारी करने के लिए मनमाने नियम लागू कर दिये जाते हैं। बता दें कि गत दिनों निगम अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे लगाने, पुरुष की पुरुष व महिला की महिला मसाज करने संबंधी सलाह जारी की थी, जिसके बाद कई कानूनी पेंच और सामने आए। निगम सूत्रों ने बताया कि अब निगम अधिकारियों को कूाननी सलाह व नीतियों के साथ अगले सप्ताह बुलाया गया है।



#### दक्षिणी निगम में है करीब 200 स्पा सेंटर

आयोग की कार्रवाई के बाद दक्षिणी निगम ने दो दिन पहले नजफगढ़ रोड पर स्थित मोहन गार्डन और भगवती गार्डन में 13 मसाज सेंटर सील किए गए। बताया जाता है कि निगम ने कुल 21 सेंटर की सूची तैयार की थी। बताया जाता है कि दक्षिणी निगम में करीब 200 स्पा सेंटर्स हैं।

#### उत्तरी निगम ने किए 37 स्पा/मसाज सेंटर सील

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ले 53 को लाइसेंस जारी किए हैं। वहीं, 127 लाइसेंस के बिना चल रहें हैं। जिसमें से 37 सील किए गए हैं और 78 को क्लोजर नोटिस जारी किए हैं। जिसमें से 33 को बंद कर दिया गया है।

#### पूर्वी निगम ने 44 सेंटर को जारी किया नोटिस

पूर्वी निगम में अवैध रूप से चल रहे करीब 60 से ज्यादा स्पा सेंटर्स की जांच की। जांच के दौरान 44 स्पा सेंटर्स को निगम ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें 25 स्पा सेंटर्स ऐसे पाए गए थे, जिन्होंने गलत जानकारी देकर निगम से ऑनलाइन लाइसेंस प्राप्त किया था।

### स्पा सेंटर मालिक दे रहे जान से मारने की धमकियां : स्वाति

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और उनके पति नवीन जयहिंद को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बात की जानकारी स्वाति ने ट्वीट कर दी है। स्वाति ने ट्वीट किया कि मुझे और मेरे पति को स्पा मालिकों से धमकी मिली कि स्पा पर ऐक्शन बंद नहीं किया तो वो मुझे और मेरे परिवार को मार डालेंगे। 181 पे कॉल और मेरे पति के फोन पे धमकी भरे ऑडियो क्लिप मिले हैं। मैंने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की है। कतई नही डरूंगी। स्पा सेक्स रैकट तो बंद होंगे। स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को एक पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि उन्हें और उनके परिवार को स्पा सेंटर के मालिकों की तरफ से जान से मारने और उन पर हमला करवाने की धमकी दी जा रही है। स्वाति ने कहा है कि उनके पति नवीन जयहिंद को कुछ स्पा मालिकों ने गुरुवार को व्हाट्सएप पर धमकी भरे संदेश और ऑडियो क्लिप भेजे हैं। इसके अलावा डीसीडब्ल्यू की हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी कई धमकी भरे ऑडियो क्लिप भेजे गए हैं। साक्ष्य के तौर पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर को धमकी भरे ऑडियो क्लिप भेजे हैं। गौरतलब है कि डीसीडब्ल्यू पिछले कई दिनों से राजधानी में स्पा और मसाज पार्लर की आड़ में चलाए जा रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ कर रहा है और कई स्पा सेंटरो के मालिकों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस और डीसीडब्ल्यू की टीम लगातार कई स्पा सेंटरों का निरीक्षण कर रही है। मुझे और मेरे पति को स्पा मालिकों से धमकी मिली कि स्पा पे ऐक्शन बंद नही किया तो वो मुझे और मेरे परिवार को मार डालेंगे।






# पूरी दिल्ली में शुरू होगी बाइक एंबुलेंस सेवा: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में बाइक एंबुलेंस का प्रयोग सफल होने के बाद दिल्ली सरकार इस बाइक एंबुलेंस सेवा को पूरी दिल्ली में शुरू करेगी। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ट्वीट कर दी है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि मुझे बेहद खुशी है कि तंग गलियों में रहनेवाले मरीजों को भी अब बाइक एंबुलेंस के जरिए स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रहीं है। इस सेवा को जल्द ही पूरी दिल्ली में चलाने की योजना बनाई जा रही है। सरकार से मिली जानकारी के अनुसार बाइक एंबुलेंस सेवा की वजह से पूर्वी दिल्ली में तीन माह में सात सौ लोगों की जान बचाई गई। एंबुलेंस सेवा की वजह से लोगों को तत्काल मेडिकल सहायता मिल गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में साठ फीसद जनता रहती है। ज्यादातर संकरी गलियां इन्हीं कॉलोनियों में हैं। मुझे इस बात को लेकर बेहद चिंता थी कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा कैसे दी जाए। इसी को ध्यान में रखकर बाइक एंबुलेंस सेवा लाई गई। पूर्वी दिल्ली के इसे प्रायोजित तौर पर चलाया गया। जिसके बेहतर परिणाम आए। इसी कारण अब इसे पूरी दिल्ली में लागू करने की प्लानिंग चल रही है। बता दें है कि इसी साल फरवरी में 16 बाइक एंबुलेंस के साथ पूर्वी दिल्ली के लिए प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया था। जिसके बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यह सेवा भीड़भाड़ वाले इलाके में अस्पताल ले जाने से पूर्व पीड़ित को त्वरित चिकित्सा प्रदान कर रही है।



■ 16 बाइक के साथ पूर्वी दिल्ली में शुरू हुई सुविधा रही सफल

### दुर्गा पूजा: विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब बनाएगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** यमुना को प्रदूषित होने से बचाने की दिशा में दिल्ली सरकार दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए कृत्रिम तालाब बनाएगी। इसका उद्देश्य यमुना को प्रदूषित होने से बचाना हैं। इसके लिए पूजा समितियों को एकजुट किया जाएगा। शुक्रवार को शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन ने विधायक सौरभ भारद्वाज के साथ विभिन्न विभागों के साथ सचिवालय में बैठक की। इसके लिए मंत्री ने राजस्व विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को पूजा समितियों को सभी प्रकार की मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सरकार अलग-अलग इलाकों में कृत्रिम तालाब का निर्माण करेगी। जिनमें वॉटर टैंकर की मदद से पानी भरा जाएगा। इनमें प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पूजा समितिओं के पदाधिकारियों से अधिकारी प्रेरित करेंगे। दरअसल प्रतिमाओं के निर्माण में कारीगर कैमिकल का उपयोग करते हैं। यह कैमिकल पानी को प्रदूषित करते हैं।

# चीजों को फ्री देकर अगर चुनाव जीते जाते तो केजरीवाल हर चीज फ्री कर देते : पुरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अगर कोई मुफ्त चीजें मुहैया कराकर चुनाव जीत सकता है तो दिल्ली के मुख्यमंत्री हर चीज मुफ्त कर देते। यह बात केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार पर तंज कसते हुए कही। उनका इशारा महिलाओं को मुफ्त मेट्रो सवारी और सब्सिडी पर बिजली मुहैया कराने की ओर था। पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित छठे नेशनल फोरम 2019 में पुरी ने कहा कि मामला यह नहीं है कि इसे मुफ्त होना चाहिए या नहीं, लेकिन ऐसा होना चाहिए कि किस तरह से व्यवस्था बने जो उचित मूल्य पर हो और प्रभावी हो। उन्होंने कहा कि अगर आप हर चीज मुफ्त कर चुनाव जीत सकते हैं तो केजरीवाल हर चीज मुफ्त कर देते—- बसों की सवारी, बिजली सब। कुछ को वह पूरी तरह मुफ्त कर देते, कुछ को आधी कीमत पर कर देते। जब आप पूछते हैं कि धन से कहां से आता है तो वह कहते हैं कि भ्रष्टाचार है। पुरी ने कहा कि दिल्ली में दुनिया की बेहतरीन मेट्रो व्यवस्थाओं में से एक है जो न केवल सस्ती है, बल्कि प्रभावी भी है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने हाल में दिल्ली में महिलाओं के लिए मेट्रो और बस की सवारी मुफ्त करने की घोषणा की थी। इसने दिल्ली निवासियों के लिए 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने की भी घोषणा की थी। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले उन्होंने ये घोषणाएं की थीं।




### अनधिकृत कॉलोनियों पर पोल खोलेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए कल रविवार को 22 विधानसभाओं में जन सम्पर्क अभियान चलाकर दिल्ली सरकार की पोल खोलने का अभियान शुरू करेगी। दिल्ली सरकार की पोल खोलने के अभियान को लेकर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर एक बैठ आयोजित की गई। बैठक को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली के प्रभारी श्याम जाजू, दिल्ली के सह-प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री तरु ण चुघ, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मनोज तिवारी, प्रदेश सगंठन महामंत्री सिद्धार्थन एवं महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक कुलजीत सिंह चहल ने संबोधित किया।


### केजरीवाल सरकार कर रही गुमराह : माकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पांच साल में काम करने की बजाए केवल लोगों को गुमराह करते रहे है। अगर उन्होंने काम किया होता तो आज दिल्ली की स्थिति बद से बदतर ना होती। चाहे शिक्षा, स्वास्थ, ट्रांसपोर्ट, बिजली या किसी भी मुद्दे पर देख लो केजरीवाल सरकार शत प्रतिशत फेल साबित हुई है। केवल करोड़ों के विज्ञापनों में केजरीवाल काम करे रहे जबकि वास्तविकता में बुरा हाल है।

### कपड़े के थैले बांटे

**नई दिल्ली।** सर्व चिंतन फाउंडेशन ने कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में वृक्षारोपण का आयोजन किया और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। लोगों को बताया कि आज ग्लोबल वार्मिंग के चलते जिस तरह धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है जिसकी वजह से कहीं बाढ़ है तो कहीं आकाल पड़ रहा है। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से जन जागरण अभियान शुरू किया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान 500 कपड़े के थैले भी बांटे जिसमें जल संरक्षण के साथ वृक्ष लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में संरक्षक सुमन गुप्ता, महामंत्री विनोद वर्मा, समाज सेवी श्रीकृष्ण गुप्ता, चांदनी चौक के अध्यक्ष अरविंद गर्ग, महामंत्री अजय भारद्वाज, उत्तरी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली के प्रेस एवं सूचना निदेशक योगेंद्र सिंह मान के अलावा अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय राज्य मंत्री ने सरकारी स्कूल में कौशल लैब का शुभारंभ किया

**फरीदाबाद।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारत सरकार के कौशल भारत-कुशल भारत और हरियाणा सरकार के हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद कार्यक्रम के तहत युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप शिक्षा देकर तैयार किया जा रहा है, ताकि वे अपने हुनर के हिसाब से जीवन जीने के लिए स्वयंरोजगार करें या रोजगार करके अपने आप आत्मनिर्भर बन सकें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को सेक्टर-28 के राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पत्रकारों के साथ बातचीत में दी। इससे पूर्व उन्होंने स्किल डेवलपमेंट के तहत कुन्सकैप्सकोलन एजुकेशन और मानव रचना के ज्वाइंट वेंचर से स्किल लैब का उद्घाटन/लोकार्पण भी किया।

### बालू का अवैध खनन करने पर तीन धरे

**नोएडा।** अवैध रूप से बालू खनन करने वालों के खिलाफ अभियान



चलाकर थाना जेवर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया जबकि तीन लोग मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार लोगों के पास से तीन ट्रैक्टर ट्राली बरामद की गई है। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि यमुना नदी के किनारे झुपा गांव के पास कुछ लोग अवैध रूप से बालू खनन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर शुक्रवार तड़के वहां छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अनिल पुत्र बिरजू, बच्चन पुत्र सतबीर, जयप्रकाश पुत्र ओमवीर को गिरफ्तार किया। जबकि उनके तीन साथी मौके से फरार हो गए।

### महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**गुरुग्राम।** महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश के महिला एवं बाल



विकास विभाग द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इन कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य है कि महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो उनके बच्चे भी स्वस्थ होंगे। इसी क्रम में विभाग द्वारा विभाग की अधिकारी इंदू गोदारा की अध्यक्षता में गुड़गांव गांव क्षेत्र में सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंदू गोदारा ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे संतुलित पोषाहार ही लें, ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। बच्चों को स्तनपान अवश्य कराएं, इससे बच्चे बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं और उनमें बीमारियों को झेलने की क्षमता बढ़ जाती है। इसी सब को लेकर पोषण माह में कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

### राजनैतिक दलों को जनवादी महिला समिति ने सौंपे मांग पत्र



**गुरुग्राम।** महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला कमेटी ने महिलाओं की मांगों से संबंधित मांग पत्र राजनैतिक दलों को सौंपा। समिति की प्रदेशाध्यक्ष ऊषा सरोहा ने बताया कि उनका संगठन महिलाओं के उत्थान व उनकी परेशानियों को दूर करने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। महिला सशक्तिकरण को लेकर संगठन पूरी तरह से सजग है। महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष भी उठाता रहा है। जिलाध्यक्ष भारती देवी ने कहा कि अक्सर महिलाओं व समाज के असली मुद्दे पीछे रह जाते हैं।

## निगमायुक्त गोयल ने फरीदाबाद की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, बोलीं

# जब तक सफाई व्यवस्था दुरूस्त न हो जाए, करती रहूंगी शहर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल द्वारा शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए दिखाई गई सख्ती ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले एक पखवाड़े से अधिक समय से कूड़ा न उठ पाने के कारण सड़ रहे खत्तों पर साफ-सफाई नजर आने लगी है। निग्मायुक्त ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों व इको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों के साथ निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए व्यापक दौरा किया। इस दौरे में उनके साथ निगम के अधीक्षण अभियंता बीरेन्द्र कर्दम, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उदयभान, कार्यकारी अभियंता दीपक किंगर, सहायक अभियंता सुरेन्द्र खट्टर, सफाई सलाहाकार चन्द्रदत्त शर्मा, इको ग्रीन कंपनी के महाप्रबंधक रवि त्रिवेद्वी, अतिरिक्त महाप्रबंधक आनंद आदि भी थे।

निग्मायुक्त ने लायंस क्लब, तिकोना पार्क, व्यापार मण्डल कार्यालय, माता वैष्णों देवी मंदिर, हार्डवेयर चौक, उपायुक्त आवास सेक्टर-15ए, जिमखाना क्लब, दौलताबाद गांव के क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक खत्तों का निरीक्षण किया, जहां से इको ग्रीन कंपनी के द्वारा कूड़ा उठाया जा चुका था।

*निगमायुक्त सोनल गोयल ने जिमखाना क्लब व दौलताबाद गांव के नजदीक के खत्तों पर कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट की और इको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों को अपने कार्य में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने डबुआ कॉलोनी स्थित कंपनी के कूड़ा लिफ्टिंग प्लांट का निरीक्षण करने के साथ-साथ वहां की वर्किंग को भी देखा और जीपीएस मॉनिटिरिंग सिस्टम के माध्यम से कूड़े के वाहनों के मूवमेंट को देखा। गोयल ने कहा कि जब तक शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त नहीं हो जाती है वह स्वयं और निगम के अधिकारी इस प्रकार का निरीक्षण करते रहेंगे।*



▶▶ खत्तों से प्रतिदिन उठाया जाए कूड़ाः गोयल

▶▶ कंपनी शर्तों के अनुसार करे काम

### 'अव्यवस्था पर होगी कार्रवाई'

निगमायुक्त ने इको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के कड़े आदेश दिए कि निगम क्षेत्र में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा इकट्ठा करके निगम के द्वारा चिन्हित खत्तों पर ही कूड़ा डाला जाए और इन खत्तों से हर रोज कूड़ा निश्चित तौर से उठाया जाए। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को स्पष्ट किया कि यदि कंपनी ने एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार कर्मचारियों, वाहनों को साफ-सफाई के लिए तैनात करते हुए अन्य व्यवस्था नहीं की तो नगर निगम प्रशासन कंपनी के विरूद्ध निश्चित तौर से कड़ी कार्रवाई करेगा।

### कर्मचारी संघ पुनः करेगा आन्दोलनः शास्त्री

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने शुक्रवार को बीके चौक स्थित यूनियन कार्यालय में प्रैस वार्ता कर ईको ग्रीन कम्पनी द्वारा गैर कानूनी ढंग से कर्मचारियों को नौकरी से निकालने व सरकार तथा संघ के बीच 30 अगस्त को हुई वार्ता में मानी हुई मांगों को लागू न करने का आरोप लगाते हुए राज्यव्यापी आन्दोलन का ऐलान किया।



### स्लम एरिया में बच्चों का होगा टीकाकरण

**गुरुग्राम।** स्लम एरिया के बच्चों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम ने मोबाइल वैन को रवाना किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम शहरी स्लम इलाकों के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने के साथ बीमारियों से बचाने के लिए टीका लगाएंगी। सिविल सर्जन डॉ. जसवंत सिंह पूनिया ने कहा कि स्लम बस्तियां और बड़ी-बड़ी बनने वाली इमारत में काम करने वाले परिवारों के बच्चों के स्वास्थ्य के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।



## मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** विजय नगर पुलिस ने गुरुवार की रात मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह लूट के मामले में वांछित चल रहा था।

एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि थाना विजयनगर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह गंगा जल प्लांट रोड पर चेकिंग कर रहे थे तभी दो युवक बाइक पर संदिग्ध अवस्था में आते हुए दिखाई दिए तभी पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन बदमाश रुके नहीं और पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए सुदामापुरी जाने वाले कच्चे रोड की तरफ जाने वाले रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा जारी रखते हुए बाइक सवार दोनों बदमाशों को पुनः रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग करना जारी रखा तथा पुलिस ने जवाबी फायरिंग की गई जिसके फल स्वरुप एक बदमाश आकाश पुत्र सतीश निवासी गंगोल थाना परतापुर मेरठ पैर में गोली लगने से घायल हो गया और नीचे गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और अस्पताल में भर्ती कराया।

जबकि एक बदमाश भागने में सफल रहा। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय दो खोखा, दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ लगभग एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

## स्कूल में बच्चों को किया डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरूक

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ब्रह्मदीप की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्वाल पहाड़ी में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम की स्वास्थ्य टीम, वार्ड पार्षद महेश दायमा, स्कूल की प्रधानाचार्य निर्मल श्योरान और स्कूल के अध्यापकगण मौजूद रहे।

डॉ. ब्रह्मदीप ने स्कूल की छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के मौसम में कहीं पर भी पानी जमा हो सकता है जिससे उस पानी में मच्छर पैदा हो जाते हैं। इससे डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी के फैलने का खतरा रहता है। अगर हम सब जागरूक रहे तो मच्छर से होने वाली डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी नहीं होंगी।



उन्होंने बताया की अगर कहीं पर भी पानी एकत्रित हो तो उसकी जानकारी अपने वार्ड पार्षद व नगर निगम की स्वास्थ्य टीम को दें। अधिकारी ने बताया कि डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है इसलिए पूरी बाजू के कपड़े पहन कर रहें। नगर निगम की स्वास्थ्य टीम ने स्कूल के बच्चों को डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचने व इस बारे में लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलवाई। इसके बाद एक रैली का आयोजन किया गया जिसको वार्ड पार्षद महेश दायमा व स्कूल की प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## हथियारबंद युवकों ने छात्र को रॉड से पीटा, गंभीर

वारदात में छात्र के कंधे हाथ और दोनों पैर टूट गए

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ डीएवी स्कूल मिल्क प्लांट रोड के सामने शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे दर्जनों हथियारबंद युवकों ने एक डीएवी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र लोहे की रॉड से पीट-पीटकर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया जिसमें छात्र के दोनों कंधे दोनों हाथ और दोनों पैर टूट गए हैं घायल अवस्था में छात्र को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी जब तक फरार हो चुके थे।



अहीर वाड़ा निवासी सुरेंद्र यादव का पुत्र दीपांशु डीएवी स्कूल बल्लभगढ़ मैं 12वीं का छात्र है शुक्रवार दोपहर स्कूल के अक्षत आर्यन का स्कूल में अन्य छात्रों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। छुट्टी के बाद अक्षत ने बाहर से कुछ लड़के बुला लिए और उन्हें पीटने की तैयारी कर ली लेकिन इसी बीच दीपांशु व अंकित बीच बचाव को लेकर बोल पड़े। जिस कारण बाहर से आए हुए लड़के गुस्से में आ गए और उन्होंने दीपांशु, अंकित में डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी किसी तरह दीपांशु अंकित स्कूल में वापस चले गए और अपने परिजनों को सूचना कर दी सूचना मिलने के बाद सुरेंद्र यादव सहित अन्य लोग स्कूल पहुंचे जहां अभी बातचीत चली रही थी तभी सुरेंद्र यादव का बड़ा बेटा जो डीएवी कॉलेज का छात्र है। भूपेंद्र यादव वह घटना की सूचना मिलने के बाद स्कूल की ओर चल पड़ा। जब वह स्कूल के पास पहुंचा तभी कार व बाइक में सवार होकर आए दर्जनों लड़कों ने जिनके हाथ में लोहे की रॉड पिस्टल थी उन्होंने भूपेंद्र यादव पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस हमले में भूपेंद्र के दोनों हाथ दोनों कंधे दोनों पैर सहित शरीर के अन्य भागों की हड्डियां भी टूट गई।

घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए गंभीर अवस्था में भूपेंद्र यादव को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गई और कार्रवाई शुरू कर दी।

## दसवीं की छात्रा से जीजा ने किया रेप

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में दसवीं की छात्रा से उसके जीजा ने ही रेप कर डाला। शिकायत



मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। यूपी, फिरोजाबाद निवासी रामेश्वर (बदला हुआ नाम) ने सेक्टर-29 थाना पुलिस को बताया कि वे गुरुग्राम में मजदूरी करते हैं। उनकी छोटी बेटी यहां गुरुग्राम के एक स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा है। कुछ दिन पहले उनकी बेटी और दामाद यहां आए थे। 13 सितंबर को रामेश्वर अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करने चले गए। वहीं बड़ी बेटी भी किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी। उनकी छोटी बेटी व दामाद घर पर अकेले थे। जिसका फायदा उठाते हुए दामाद ने उसके साथ रेप कर दिया।

## विधायक मूलचंद ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ क्षेत्र के विधायक मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को सेक्टर 2 में कई पार्कों का निर्माण कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता और साफ-सफाई का माहौल हो लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान हो सके। इसके लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं और आज सेक्टर 2 में जो 4 पार्कों का डेवलपमेंट का कार्य शुरू हुआ है। इससे लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी इसमें वॉकिंग ट्रैक ओपन जिम व फल-फूल वाले पौधे लगाए जाएंगे और पार्क को ए क्लास तैयार किया जाएगा।

## एसआरएस ग्रुप के तीनों मालिकों की बेल याचिका खारिज

**फरीदाबाद।** एसआरएस ग्रुप के तीन मालिकों की जमानत के लिए किए



गए आवेदन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबी गुप्ता की कोर्ट ने खारिज कर दिया है। तीनों बिल्डरों ने एक जून 2019 को जमानत के लिए आवेदन किया था। तीनों के खिलाफ सेक्टर 31 थानाक्षेत्र में धोखाधड़ी और साजिश की धाराओं के तहत केस दर्ज है। तीनों जेल में हैं। लीगल सेल के एडवोकेट रविंद्र गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2018 में थाने में तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी



▶▶ परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ सिटी थाना क्षेत्र के ब्राह्मणवाड़ा मोहल्ले में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति पर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया।

## बदमाशों ने पिकअप सवार से नकदी लूटी

**होडल।** शुक्रवार को भी अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने होडल नुंह सड़क मार्ग स्थित गांव सौनहद के निकट होडल से सब्जी बेचकर जा रहे पिकअप गाड़ी सवार गोविंद निवासी रामपुरा राजस्थान को फायरिंग कर रुकवा लिया और उससे हजारों रुपए की नकदी और मोबाइल लूट लिए। इसी दौरान पीड़त ने शोर मचा दिया, जिसे सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान व राहगीर एकत्रित हो गए, जिस पर बदमाशों ने लोगों को यह कहकर भ्रम में डाल दिया कि उनका आपसी मामला है लेकिन जब पीड़त ने जोर देकर कहा कि वह लुटेरे हैं और उसकी नकदी लूटी है, तब लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। घिरता देख बदमाश अपनी बाइक छोड़कर खेतों में घुस गए। इसी दौरान लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही डीएसपी विवेक चौधरी,होडल थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और बदमाशों को खेतों में ही धर दबोचा।

## अधिवक्ताओं ने किया प्लास्टिक का विरोध



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 कोर्ट परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाली हानि के बारे में जागरूक किया। अधिवक्ताओं ने प्लास्टिक की बोतल व प्लास्टिक से बनी अन्य वस्तुओं का बहिस्कार किया और कहा कि अन्य लोगों को भी जागरूक करें प्लास्टिक से कई/भंयकर बिमारियां पैदा होती है और वातावरण को दूषित करता है क्योंकि यह जमीन के नीचे सैकड़ों वर्षों तक भी नही गलता है। बार कॉउसिल पंजाब एण्ड हरियाणा पूर्व मनोननीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद होना चाहिए और सभी अधिवक्ताओ ने एकत्रित होकर के हाथों में खाली बोतलें लेकर प्लास्टिक ना यूज करने का संकल्प लिया।

### वसूला गया 62 लाख का अर्थदंड व एक करोड़ यूजर चार्ज

# शहर को प्लास्टिक फ्री करने करने में गाजियाबाद प्रदेश में पहले पायदान पर

**गाजियाबाद।** शहर को प्लास्टिक फ्री करने के मामले गाजियाबाद नगर निगम प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंच गया है। यही नहीं घर -घर कूड़ा कलेक्शन चार्ज वसूलने के मामले भी निगम ने एक करोड़ रुपये की वसूली कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्लास्टिक फ्री अभियान के तहत गाजियाबाद नगर निगम अब तक 62 लाख रुपये रिकॉर्ड अर्थदंड की वसूली कर चुका है। खास बात यह है कि पिछले 24 घंटों में पांच लाख से भी अधिक अर्थदंड की वसूली नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने खुद सड़क पर उतरकर प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले व्यवसायियों से की है। मजे की बात



यह है कि नगर आयुक्त निगम से जुड़े लोगों को भी इस मामले में बख्शने के मूड में नहीं हैं शुक्रवार को उन्होंने नगर निगम कर्मचारी संघ के चुनाव के जब उन्होंने गंदगी देखी और चुनाव के दोनों पैनलों के सर्वेसर्वा हरेंद्र नागर व नैन सिंह पैनल पर 500-500 रुपये का जुर्माना मौके पर लगा दिया।

## गांधी जयंती तक देहात को किया जाएगा प्लास्टिक फ्रीः अस्मिता

**गाजियाबाद।** जिले के देहात इलाके में स्वच्छता अभियान से आम जनता को जागरूक करने के लिए शुरू किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2019 (एसएसजी -2019) एप से अब तक 28 हजार से अधिक लोगों ने अपना फीडबैक दिया है इसी आधार पर गाजियाबाद के देहात इलाके को स्वच्छता से लेकर प्लास्टिक मुक्त, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, के प्रति जागरूकता अभियान चल रहा है। इस संबंध में नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी अस्मिता लाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से अपील की है कि वह एप डाउन लोड कर ज्यादा से ज्यादा फीड बैक दें।



## एबीवीपी ने चलाया संपर्क अभियान



**गुरुग्राम।** छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्थानीय द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में विशेष संपर्क अभियान चलाया। एबीवीपी के जिला संयोजक गौरव ने बताया कि अभियान के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के कई विभागों और शिक्षकों से शिष्टाचार भेंट की तथा संस्था के भविष्य के कार्यक्रमों को उनके समक्ष रखा। छात्र नेता आशीष राजपूत का कहना है कि यह अभियान तीन दिन चलेगा। छात्रों व प्रधानाध्यापकों से संपर्क किया जाएगा। छात्र चुनाव गत वर्ष प्रदेश सरकार ने बहाल किए थे। इन चुनावों में एबीवीपी को भारी सफलता मिली थी। एबीवीपी ने आगामी चुनाव की तैयारियां शुरु कर दी हैं।

## खबर संक्षेप

### पेंशन योजना का विकल्प लेने का एक और अवसर दिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश की चार विश्वविद्यालयों कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, चौ.चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार और लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंशदायी भविष्य निधि (सीपीएफ) के स्थान पर पेंशन योजना का विकल्प लेने का एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन योजना का विकल्प लेते हैं, तो उन्हें सीपीएफ के कारण अदा की गई समस्त राशि लौटानी होगी, जैसा कि अन्य सेवारत कर्मचारियों के मामले में किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार के इस निर्णय से 529 सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ होगा, जिनमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 63, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 52, चौ चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के 371 और लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के 43 कर्मचारी शामिल हैं।

### गिरदावरी करने व रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में कपास व धान की खड़ी फसलों की स्थिति का आकलन करने के लिए तुरंत गिरदावरी करने और रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में सामान्य से 30 प्रतिशत या उससे कम वर्षा होने के कारण कपास व धान की फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए गिरदावरी का कार्य 30 सितम्बर तक पूरा करके तुरंत रिपोर्ट भेजी जाए ताकि किसानों को हुए नुकसान के लिए समय पर भरपाई की जा सके ।

# बहादुरगढ़ में जली कूलर फैक्टरी

## अंदर कई मजदूर आग में फंसे होने की आशंका, नहीं पाया जा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़





आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र के पार्ट-टू में कूलर बनाने वाली फैक्टरी में शुक्रवार शाम को भीषण आग लग गई। आग का कारण शार्ट-सर्किट बताया जा रहा है। फैक्टरी के अंदर कई मजदूर आग में फंसे होने की आशंका भी जताई जा रही है। कई घंटों की मशक्कत के बाद भी आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी देर रात तक भी सफल नहीं हो पाए। बहादुरगढ़ के अलावा दिल्ली, रोहतक, सोनीपत, झज्जर व गुरुग्राम से आई दमकल की टीमें आग बुझाने में जुटी रहीं। एमआईई पार्ट-टू के फ्री होल्ड प्लाट में बनी फैक्टरी में क्रिएटिव हाईटेक नाम से कूलर बनाने की फैक्टरी चल रही थी। करीब साढ़े तीन बजे आग शुरू हुई। जिसकी सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ के अलावा झज्जर, रोहतक, सोनीपत, गुरुग्राम व दिल्ली फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के काम में लगातार जुटी रहीं। देर रात तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। फैक्टरी में प्लास्टिक बॉडी के कूलर बनाए जाते थे। काफी मात्रा में तैयार कूलर भी रखे थे और कूलर बनाने का रॉ मैटिरियल भी फैक्टरी में रखा हुआ था। प्लास्टिक में आग लगने से लगातार आग भड़क रही है। मौके पर भीड़ को संभालने के लिये पुलिस टीम भी मौके पर जुटी हुई है। क्रिएटिव हाईटेक नाम की इस कूलर फैक्टरी में करीब 70 से 80 लोग काम करते थे। आग जिस वक्त भड़की उस वक्त भी फैक्टरी में काम चल रहा था। मौके पर फैक्टरी मालिक भी नहीं पहुंचे थे।

■ दिल्ली, रोहतक, सोनीपत, झज्जर व गुरुग्राम से आई दमकल टीमें आग बुझाने में जुटीं

### अंदर घुसने का रास्ता नहीं मिल रहा

कई शहरों की दमकल टीमें आग बुझाने में जुटी हुई हैं। आग की भीषणता के कारण अंदर घुसने का रास्ता नहीं मिल रहा। अभी तक किसी के हताहत होने की पुष्टि या इंकार नहीं किया जा सकता।

-टंकीराम पालीवाल, दमकल अधिकारी

### कितने लोग फंसे हुए हैं, अभी स्पष्ट नहीं

फैक्ट्री में कितने लोग फंसे हुए हैं और कितने बाहर निकल आए हैं, इस बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। आग बुझाने में सफल होने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

-अजायब सिंह, पुलिस उपाधीक्षक

# हरियाणा उर्दू अकादमी में लाइब्रेरी का लोकार्पण



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

प्रदेश के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक समीर पाल सरो व चौकसी विभाग के महानिदेशक डॉ. केपी सिंह ने हरियाणा उर्दू अकादमी, पंचकूला के प्रांगण में अटल अदबी केंद्र/पब्लिक लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। लोगों को लाइब्रेरी में ऐतिहासिक, राजनैतिक, साहित्यिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, आलोचनात्मक एवं शोधात्मक पुस्तकों के अलावा देशभर की हिंदी व उर्दू की पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने को मिलेंगी। लाइब्रेरी का लोकार्पण करने के उपरांत उन्होंने हरियाणा उर्दू अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों व पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से एक अदबी मरकज और आर्ट गैलरी का उद्घाटन भी किया। अकादमी के निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा को इस अकादमी में और सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ भाषा वैज्ञानिकों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। मौके पर उर्दू व हिंदी का लिसानी (भाषाई) रिश्ता पर आयोजित सेमिनार में हिंदी एवं उर्दू भाषा के नामी विद्वानों ने भाग लिया। इसके अलावा छः पुस्तकों का विमोचन भी किया, जिनमें मोहिंद्र प्रताप चांद व डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा नाज़िम द्वारा लिखी गई पुस्तक उर्दू अदब और हरियाणा एवं अदबी सिलसिले के तहत डॉ. राणा गन्नौरी, मोहिंद्र प्रताप चांद, डॉ. कुमार पानीपती, डॉ. केके ऋषि, डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा नाज़िम पर उर्दू और हिंदी में लिखी किताबें शामिल हैं।

## तीन आईएएस व चार एचसीएस अधिकारियों के किए तबादले

**चंडीगढ़।** सरकार ने तीन आईएएस व चार एचसीएस अधिकारियों के नियुक्ति व स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। हरियाणा राज्य भंडारण निगम के प्रबंध निदेशक रिपुदमन सिंह ढिल्लों को निदेशक, हरियाणा प्रशासन सुधार प्राधिकरण नियुक्त किया है। आवास बोर्ड के मुख्य प्रशासक शालीन को विशेष सचिव, वित्त विभाग का कार्यभार भी सौंपा है। सामान्य प्रशासन व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव विजेंद्र कुमार को भंडारण निगम के प्रबंध निदेशक का कार्यभार भी सौंपा है। एचसीएस अधिकारी अमरदीप सिंह उपमंडल अधिकारी सह-अतिरिक्त कलेक्टर, लौहारू एवं सिवानी व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद रोहतक एवं सीईओ, डीआरडीए, रोहतक को उप-मंडल अधिकारी सह-अतिरिक्त कलेक्टर, सांपला व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिप रोहतक एवं सीईओ, डीआरडीए, रोहतक नियुक्त किया है। सतबीर सिंह, ओएसडी, आयुक्त कार्यालय, फरीदाबाद मंडल को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सह अतिरिक्त कलेक्टर सिवानी का कार्यभार सौंपा है। वित विभाग के उप सचिव व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के कार्यालय में प्रतिनियुक्त मनोज को उपमंडल अधिकारी (नागरिक), लौहारू एवं उप-सचिव, वित विभाग का कार्यभार सौंपा है। हरियाणा पर्यटन विकास निगम की महा प्रबंधक कमलप्रीत कौर को उपमंडल अधिकारी कैथल का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा है। वहीं एचपीएस अधिकारी सुशील कुमार, डीएसपी, द्वितीय बटालियन एचएपी, मधुबन को डीएसपी, प्रथम बटालियन एचएपी, अम्बाला शहर नियुक्त किया है।

## रेवाड़ी में बच्ची से दुष्कर्म का मामला

# नाबालिग दोषी को 25 दिन में तीन साल कैद की सजा

■ अपहरण व पोक्सो एक्ट में सुनाई सजा
■ कई जगहों से 28 गवाहों की कराई गवाही
■ जुनाईल जस्टिस बोर्ड ने सुनाया अहम फैसला
■ 26 अगस्त को धारूहेड़ा में हुई थी वारदात

**रेवाड़ी।** यहां की एक सोसायटी में तीन साल की बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले नाबालिग को 25 दिन के भीतर ही जुनाइल जस्टिस बोर्ड के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। इतने कम समय में रेवाड़ी में पहली बार किसी कोर्ट का फैसला आया है। दोषी पर पोक्सो एक्ट और अपहरण की धारा में तीन साल सजा के साथ-साथ पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं भरने की सूरत में अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 26 अगस्त को तीन साल की बच्ची को सोसायटी में ही किराए पर रहने वाले यूपी निवासी एक नाबालिक लड़के ने अगवा कर लिया था। उसके आरोपी बंद पड़े एक फ्लैट में बच्ची को ले गया था, जहां उसके साथ रेप किया था। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपित फरार हो गया था। पुलिस ने घटना के दो घंटे बाद ही यूपी के कासगंज निवासी आरोपित को काबू कर लिया था। उसके बाद आरोपित को कोर्ट में पेश कर हिसार स्थित बालसुधार गृह में भेज दिया गया था।

# पंजाब: रैगिंग के आरोप चार स्टूडेंट्स 31 दिसंबर तक सस्पेंड

■ कॉलेज परिसर भी नहीं घुस सकेंगे, किसी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे

**पटियाला।** सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सेकेंड ईयर के चार स्टूडेंट्स ने फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स की रातभर रैगिंग की, जिस कारण कॉलेज प्रशासन ने चारों को 31 दिसंबर तक सस्पेंड कर दिया है।

इस अवधि के दौरान वे न तो कॉलेज परिसर में शामिल होंगे और न ही किसी तरह के एग्जाम में बैठ सकेंगे। कॉलेज प्रशासन ने उनको आगामी वर्ष 2020 के लिए हॉस्टल से भी बाहर कर दिया है। साथ ही प्रत्येक स्टूडेंट को 25 हजार रुपये जुर्माना सुनाया है। अगर जुर्माना अदा नहीं करते तो उनको 31 दिसंबर 2019 के बाद क्लासें अटेंड नहीं करने दी जाएंगी। घटना कुछ दिन पहले की है। मेडिकल कॉलेज के परिसर में चार ब्लॉक हैं, जिसमें सेकेंड ईयर व फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स अलग-अलग ब्लॉक में रहते हैं। गत सप्ताह शनिवार आधी रात के समय मेडिकल कालेज के सेकेंड ईयर के चार स्टूडेंट फर्स्ट ईयर के हॉस्टल में गए और दरवाजा खटखटाया।

जब उन्होंने दरवाजा खोला तो चारों भीतर गए और कमरे में रह रहे आठ-दस विद्यार्थियों की रैगिंग करनी शुरू कर दी।पहले फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स से उनका नाम पूछा गया और उसके बाद उनसे एतराज योग्य सवाल पूछने के साथ-साथ उनको शर्मनाक हरकतें करने को कहा। स्टूडेंट्स ने इसका विरोध किया, लेकिन वे फिर भी देर रात तक उनको परेशान करते रहे।

# मनरेगा कर्मियों ने निकाला रोष मार्च

**बठिडा।** रेगुलर की मांग को लेकर बठिडा के मनरेगा कर्मचारी यूनियन की ओर से पिछले पांच दिनों से किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को शहर में रोष मार्च निकाला गया, जिसके बाद वित्तमंत्री के दफ्तर के पास पहुंच कर प्रशासनिक अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान कर्मियों की तरफ से निकाले गए रोष मार्च के कारण कई जगहों पर ट्रैफिक की समस्या भी आई तो वित्तमंत्री के दफ्तर के पास पुलिस ने उनको आगे नहीं जाने दिया। जबकि यह मार्च जिला परिषद से शुरू होकर फौजी चौक के रास्ते से वित्तमंत्री मनप्रीत बादल के दफ्तर तक पहुंचा। वहीं आरोप लगाया कि बेशक पंचायत मंत्री तृप्त रजिदर सिंह बाजवा ने यूनियन को मीटिग में भरोसा दिया कि वह उनकी मांगों को लेकर वित्तमंत्री से बात करेंगे। मगर उनको यह भरोसा पिछले कई सालों से दिया जा रहा है, जिसके चलते अब उनको संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ा।धरने की अगुवाई कर रहे जिला प्रधान सुखबीर सिंह सिवियां ने बताया कि ग्रामीण विकास व पंचायत विभाग में नरेगा अधीन पिछले 11-12 साल से ड्यूटी कर रहे नरेगा मुलाजिमों ने मांगों की पूर्ति के लिए पूरे पंजाब में धरने प्रदर्शन शुरू किए हैं। जिनका कहना है कि यूनियन द्वारा पंचायत विभाग में मर्ज करने के अलावा रेगुलर करने की मांग को लेकर केस दो बार प्रमोशनल विभाग को भी भेजा जा चुका है, लेकिन हर बार सरकार पैसों का बहाना लगाकर केस को वापिस भेज देती है। दूसरी तरफ नरेगा कर्मियों के तुजुर्बे को अनदेखा कर विभाग में पहले भी पंचायत सचिव, स्टेनोग्राफरों की भर्ती हो चुकी है।

# अमृतसर : फताहपुर जेल में तीन हवालातियों से चार मोबाइल बरामद

**अमृतसर ।** फताहपुर जेल में बंद तीन हवालातियों से जेल प्रबंधन ने वीरवार की रात चार मोबाइल बरामद किए हैं। इस्लामाबाद थाने की पुलिस ने असिस्टेंट जेल सुपरिंटेंडेंट दविदर सिंह के बयान पर कत्थूनंगल थानांतर्गत पड़ते कोटला तरखाना गांव निवासी रमनदीप सिंह, कोट खालसा स्थित गली नंबर-2 निवासी अमरीक सिंह और तरनतारन स्थित कसेल निवासी सुखजीत सिंह उर्फ सुक्ख के खिलाफ केस दर्ज किया है। उधर, एसीपी क्राइम पलविदर सिंह ने बताया कि जल्द आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए सीआइए स्टाफ पूछताछ के लिए लाया जाएगा।

**अलंकित लिमिटेड**
CIN : L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

**सूचना**

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित पर विचार करने और रिकार्ड पर लेने के लिये अलंकित लिमिटेड के निदेशक मंडल की एक बैठक **शनिवार, 28 सितम्बर 2019 को अप. 1.30 बजे 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली**-110055 में आयोजित की जानी निर्धारित है :-

1. कम्पनी की पूर्ण रूप से मालिकाना प्राप्त सहायकों अर्थात् अलंकित टेक्नोलॉजिज लिमिटेड के साथ यूरोप्लस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड तथा यूरो ग्लोबल ब्रोक्स लिमिटेड के प्रबंधन की योजना के अनुमोदन पर नोट लेना।
2. श्रीमती मिल्ली मेहता के त्याग-पत्र द्वारा उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिये सुश्री खुशबू अरोड़ा को कम्पनी के कम्पनी सचिव के रूप में नियुक्ति और विचार करना।

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 20.09.2019

# सभा करके काफिले के साथ निकले विधायक बैंस

**बटाला।** बटाला के थाना सिटी में दर्ज मामले में आरोपी लोक इंसाफ पार्टी के संयोजक और लुधियाना के विधायक सिमरजीत सिंह बैंस शुक्रवार को शहर में पहुंचे। वह यहां सभा करके प्रदेश के मुख्यमंत्री और पुलिस को चैलेंज करते रहे और पुलिस खड़ी देखती रही। लगभग 2 घंटे बाद बैंस अपना काफिला लेकर वापस भी निकल गए, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। हालांकि मामले में गुरदासपुर अदालत बैंस की अग्रिम जमानत याचिका रद्द कर चुकी है। ता चला है कि विधायक बैंस के बटाला आने की सूचना के बाद आज यहां डेढ़ सौ पुलिस कर्मियों को उनकी गिरफ्तारी के लिए तैयार किया गया था। एसपी (डी) सूबा सिंह रंधावा, डीएसपी सिटी बालकृष्ण सिंह सिंगला भी साथ थे। इसी बीच दोपहर करीब 1 बजे बैंस अपने समर्थकों सहित फव्वारा चौक पहुंचे। यहां बैंस ने सभा करके पंजाब सरकार और पुलिस व सिविल प्रशासन को ललकारते हुए कहा कि अगर दम है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। वह गिरफ्तारी से नहीं डरते।

# पंजाब: जैश ने दी स्टेशनों व धार्मिक स्थलों को उड़ाने की धमकी

**फिरोजपुर।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने फिरोजपुर रेलवे को पत्र भेजकर पंजाब के रेलवे स्टेशन व धार्मिक स्थल उड़ाने की धमकी दी है। पत्र में जम्मू के राज्यपाल व पंजाब के मुख्यमंत्री पर भी हमले की बात कही गई है। गत दिवस प्राप्त पत्र की जांच रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी ने शुरू कर दी है और रेलवे स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी है हिंदी भाषा में लिखे इस पत्र में धमकी दी गई है कि आठ अक्टूबर को फिरोजपुर छावनी, बठिंडा, फरीदकोट, अमृतसर, फगवाड़ा, जालंधर, पटियाला सहित फिरोजपुर मंडल के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाया जाएगा। 28 अक्टूबर को बठिंडा, दमदमा साहिब गुरुद्वारा, पटियाला काली माता मंदिर, देवी तालाब मंदिर जालंधर, अमृतसर के श्री स्वर्ण मंदिर और दुर्ग्याणा तीर्थ को उड़ा कर खून से रंग देंगे। इसके अलावा हम बहुत जल्द जम्मू के राज्यपाल और पंजाब के मुख्यमंत्री को भी मौत के घाट उतार देंगे। पत्र की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश के एरिया कमांडर मैसूद अहमद ने ली है। पते के रूप में जम्मू-कश्मीर कराची पाकिस्तान लिखा गया है।

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र**
(राज्य विधायिका अधिनियम-XII ऑफ 1956 द्वारा स्थापित)
(ए+ ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित)

**विज्ञापन सं. 4/2019**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एक पद प्रत्येक अर्थात् निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेल-कूद (बजेटेड), निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (एसएफएस) और निदेशक, यूआईईटी (एसएफएस) हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। निर्देशों, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और ऑनलाइन आवेदनों के लिंक इत्यादि का अधिक विवरण कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट http://www.kuk.ac.in पर 29 अक्तूबर 2019 से उपलब्ध होगा।

पीआरडीएच-1238/11/427/1920/78881 दि. 20.09.19 रजिस्ट्रार

**मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा**
**नीलामी नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य के शेष बचे जिला फरीदाबाद / पलवल के अधिसूचित पानियों, नदियों, नहरों तथा ड्रैनों में वर्ष 2019-20, नीलामी तिथि से 31.08.2020 तक, के लिये मछली पकड़ने के अधिकारों की नीलामी दिनांक 24.09.2019 को दोपहर 12.00 बजे खुली बोली द्वारा जिला मत्स्य अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे रोड, सोनीपत कार्यालय की बजाये मत्स्य फार्म प्रबंधक, मत्स्य बीज फार्म, बडखल लेक, फरीदाबाद के कार्यालय में की जाएगी।

नीलामी की अन्य शर्तें व विवरण वही रहेगा उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है यदि उपरोक्त जिला फरीदाबाद / पलवल की बोली दिनांक 24.09.2019 को सम्पन्न नहीं होती तो पुनः बोली दिनांक 30.09.2019 व 09.10.2019 को मत्स्य फार्म प्रबंधक, मत्स्य बीज फार्म, बडखल लेक, फरीदाबाद के कार्यालय में ही की जाएगी।

मुख्य शर्तें व विवरण विभागीय वेबसाइट www.harfish.gov.in पर देखी जा सकती है।

हस्ता/- निदेशक मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा
बेज नं. 31-32, सेक्टर-4, पंचकूला

पीआरडीएच-1041/11/108/1920/78877 दि. 20.09.19

**अल्पकाल निविदा आमंत्रित**

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मून्दड़ी, कैथल जो कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, जगदीशपुरा कैम्प ऑफिस में चल रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अल्पकाल निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। जो इस प्रकार है :-

1. आउटसोर्स पॉलिसी के अन्तर्गत सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु।
2. विश्वविद्यालय में फर्नीचर उपलब्ध कराने हेतु।

जो भी इच्छुक एजेंसी/फर्म हैं वे दिनांक 27.09.2019 तक अपनी निविदाएं विश्वविद्यालय कार्यालय में भेज सकते हैं। उपरोक्त क्रमांक नं. 1-2 तक सभी का पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.mvsumktl.ac.in) पर उपलब्ध है।

सम्पर्क सूत्र- 9350045366 हस्ता/- कुलसचिव

पीआरडीएच-2238/11/5/1920/78868 दि. 20.09.19

# हरियाणा ने उठाया एसवाईएल मुद्दा

## शाह ने ली नॉर्थ जोन काउंसिल की बैठक, नशे व ड्रग्स पर भी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



प्रदेश की राजधानी में शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नार्थ जोन काउंसिल की बैठक ली। इस बैठक में पानी बंटवारे सहित कई मुद्दे छाए रहे। हरियाणा ने एसवाईएल के पानी की मांग की, वहीं राजस्थान और हिमाचल ने बीबीएमबी में हिस्सेदारी मांगी। राजस्थान की ओऱ से हरियाणा से यमुना का पूरा पानी देने का मुद्दा उठाया गया। वहीं, दूसरी ओर हरियाणा सीएम मनोहरलाल ने पंजाब से एसवाईएल (सतलुज यमुना लिंक नहर) के पानी की मांग उठाई। इसके बाद हिमाचल प्रदेश और राजस्थान की ओऱ से बीबीएमबी में हिस्सेदारी की मांग की गई। बैठक में नशे और ड्रग्स को लेकर भी चर्चा हुई। पिछली बैठक को लेकर समीक्षा हुई औऱ उसको लेकर शाह ने संतुष्टि जताई।

### ये पहुंचे बैठक में

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व राजस्थान से सीएम अशोक गहलोत ने भाग लिया। चंडीगढ़ प्रशासक वीपी सिंह बदनोर भी बैठक में शामिल हुए।

### हरियाणा ने की मेजबानी

बैठक की मेजबानी हरियाणा ने की और सीएम मनोहर ने एसवाईएल के पानी की मांग उठाई, इस दौरान बाकी राज्यों की ओर से पानी की मांग उठाए जाने पर गृह मंत्री ने दो माह के बाद में दिल्ली में केवल जल बंटवारे को लेकर विशेष बैठक बुलाने की घोषणा की है। दिल्ली में दो महीने में सभी राज्यों की बैठक होगी।

**पंजाब एंड सिन्ध बैंक**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking) Where service is a way of life
शाखा कार्यालय : गुरुद्वारा रोड, गुड़गांव-122001
Tel Ph: 0124-2321313, 2308397 E-mail:g0353@psb.co.in

**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति हेतु) [नियम -8 (1) देखें]

चूंकि, प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत पंजाब एंड सिन्ध बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रत्याभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा-13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 06.06.2019 को एक डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) (1) श्री दिनेश आहूजा पुत्र श्री सुभाष चन्द्र (कर्जदार) 2. श्रीमती वेद कुमारी पत्नी श्री सुभाष चन्द्र (गारंटर) का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि रु. 24,41,444.26 (रु. चौबीस लाख इकतालीस हजार चार सौ चवालीस और पैसे छब्बीस केवल) जमा 01.06.2019 से प्रभावी अन्य परिव्यय का पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार तथा सर्वसाधारण को एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने 20 सितम्बर को अप. 1.40 बजे उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है।

कर्जदार को विशेषतः तथा सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति से कोई डील न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन (डीलिंग) 31.05.2019 के अनुसार राशि रु. 24,41,444.26 सहित आगे की लागत, ब्याज और व्यय इत्यादि हेतु पंजाब एंड सिन्ध बैंक (बीओ : गुरुद्वारा रोड, गुड़गांव) की वसूली के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

**सम्पत्ति की अनुसूची**
**चल/अचल सम्पत्ति का वर्णन**

ए) श्री दिनेश आहूजा पुत्र श्री सुभाष चन्द्र द्वारा मालिकाना प्राप्त और कब्जा प्राप्त इक्विटेबल मोर्टगेज फ्लैट नं. 201, प्रथम तल, प्लॉट नं. 45 (नया नं. 101-बी/18), खसरा नं. 1099, माप 230 वर्ग गज, लक्ष्मी गार्डन, गुड़गांव-122001

**सम्पत्ति की सीमाएं हैं :- उत्तर** : प्लॉट नं. 103 (श्री हरीश मेहता और श्री जोगिन्दर मेहता), **पश्चिम** : अन्य मालिक की सम्पत्ति, **पूर्व** : रोड, **दक्षिण** : श्री कंवर भान का मकान नं. 101-ए/18

दिनांक : 20.09.2019
स्थान : गुड़गांव
प्राधिकृत अधिकारी (पंजाब एंड सिन्ध बैंक)

**अमृत इंडिया लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 202, 2, कम्यूनिटी सेंटर, निकट पीवीआर, नारायणा, नई दिल्ली-110028
CIN: L15549DL1981PLC012918; Phone: 011-45641903
Email: amritindialtd@gmail.com; Website: www.amritindialtd.in

**सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेसिज का सम्पादन करने के लिये अमृत इंडिया लिमिटेड की 37वीं वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') सोमवार 30 सितम्बर, 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय 202, 2, कम्यूनिटी सेंटर, निकट पीवीआर, नारायणा, नई दिल्ली-110028 में आयोजित की जाएगी। एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां सभी सदस्यों को जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी / आरटीए / डीपी(एस) के पास पंजीकृत है तथा एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां सभी अन्य सदस्यों को अनुमत्य मोड द्वारा उनके पंजीकृत पते पर भेज दी गई है।

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट के अनुमत मोड द्वारा इसके सदस्यों को प्रेषण का कार्य सोमवार, 09 सितम्बर 2019 से पूर्व पूर्ण कर लिया है।

सदस्य जिनके पास या तो भौतिक रूप से अथवा डिमैटिरियलाइज्ड रूप से कट ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2019 को कम्पनी के शेयर हैं, वे एजीएम सूचना में निर्धारित सामान्य / विशेष बिजनेसिज पर सीडीएसएल के इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से एजीएम स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से (''दूरस्थ ई-वोटिंग'') अपना मत इलैक्ट्रोनिकली दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य / विशेष बिजनेसिज का सम्पादन इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा।

दूरस्थ ई-वोटिंग शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे प्रारम्भ होगी।

दूरस्थ ई-वोटिंग रविवार 29 सितम्बर 2019 को अप. 9.00 बजे सम्पन्न होगी।

इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा अथवा एजीएम में वोट देने की पात्रता निर्धारित करने की कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2019 है।

यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयर धारण करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2019 को शेयर धारण करता है, आरटीए को आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

**सदस्य कृपया नोट करें कि :**

ए. उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत सीडीएसएल द्वारा वोटिंग हेतु ई-वोटिंग अयोग्य कर दी जाएगी और किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा एक बार मत देने के उपरांत सदस्य को इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बी. एजीएम में मत पत्र द्वारा वोटिंग देने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

सी. एजीएम से पूर्व यदि कोई सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत दे चुका है वह एजीएम में उपस्थित हो सकता है परन्तु वह दोबारा वोट देने का हकदार नहीं होगा।

सी. जिस व्यक्ति का नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि को दर्ज है दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा के साथ-साथ एजीएम में मत पत्र के माध्यम से वोट देन का हकदार होगा।

एजीएम की सूचना सीडीएसएल की वेबसाइट http://www.evotingindia.com/ तथा कम्पनी की वेबसाइट www.amritindialtd.in पर उपलब्ध है। किसी पूछताछ के मामले में सुश्री मीना आनंद, प्रबंध निदेशक / कम्पनी की अनुपालन अधिकारी से ई-मेल amritindialtd@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### जोहरी आटा चक्की के लिए मशहूर था, अब हमारे कारण

**जोहरी।** यह कहानी बहुत फिल्मी है। बागपत के जोहरी गांव की दो महिलाओं ने 60 वर्ष की उम्र में स्थानीय राइफल क्लब में शूटिंग सीखनी शुरू की, लोकप्रिय हुईं, काफी ट्रॉफियां जीतीं व अब उन पर बॉलीवुड की फिल्म- 'सांड की आंख' रिलीज होने वाली है। चंद्रो ने 1999 में अचानक शूटिंग शुरू की थी जब उनकी पोती शेफाली ने जोहरी राइफल क्लब में शूटिंग सीखना शुरू किया था।

### बेटियों को सुकन्या योजना का लाभ जरूर मिले: दास

**दुमका/कुसुमडीह।** झारखंड के सीएम रघुवर दास ने कहा है कि राज्य की बेटियों को मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का लाभ जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को दुमका के कुसुमडीह में कहा कि स्कूल में पढ़ाई कर रही सभी बच्चियों को इसका लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इससे बच्चियों को पढ़ाई में मदद मिलेगी, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में भी यह सहायक साबित होगा। इतना ही नहीं, इससे बच्चियां अपने सपनों को पंख दे सकेंगी।

### स्टिंग मामले में सुनवाई की अगली तारीख एक अक्टूबर

**नैनीताल।** स्टिंग मामले में उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत के जांच में सहयोग न करने के सीबीआई के दावे और रावत के वकील के इसे नकारने के मद्देनजर उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को इस संबंध में और दस्तावेज जमा करने के आदेश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि एक अक्टूबर तय की।

## नीतीश ने जदयू की राज्य परिषद बैठक में विरोधियों को लिया आड़े हाथ

# 'राजग में सबकुछ ठीक, विस चुनाव में जीतेंगे 200 सीटें'

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राजग में किसी तरह के दरार होने को खारिज करते हुए कहा कि गठबंधन अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करके सत्ता में आएगी। जो लोग जदयू और उसकी गठबंधन सहयोगी भाजपा में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, उनका बुरा हाल होने वाला है। जदयू की राज्य परिषद बैठक को संबोधित कर रहे नीतीश ने विरोधियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिन लोगों में 'राजनीतिक सूझबूझ की कमी' है वह उन पर निजी हमले करके प्रचार पाने की कोशिश करते हैं। सीएम ने कहा कि उनमें से कुछ लोगों ने बेशर्मी से स्वीकार किया है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह उनकी यूएसपी है। कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह उनके खिलाफ की जाने वाली 'निंदात्मक' टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। सीएम ने कहा कि मैं अपने पार्टी प्रवक्ता को सलाह दूंगा कि वह इसमें न पड़ें। 2010 का विस चुनाव याद करने की कोशिश करें। आशंका जताई गई थी कि हमें बहुमत नहीं मिलेगा पर हम 243 सीटों में से 206 सीट पर जीत गए थे। आश्वस्त रहें कि हमें अगले साल 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। राजग को लोकसभा चुनाव में 40 सीटों में से 39 पर जीत मिली थी। राज्य में 2020 के अंत में चुनाव होगा।

- 'निंदात्मक' टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने से बचें पार्टी प्रवक्ता और कार्यकर्ता

### पार्टी नेताओं से बोले- सीएम काम पर मिलेगा हमें समर्थन

कुमार ने कहा कि उनके कुछ नेता कहते हैं कि फिर से कुछ तय करें। वहीं दूसरा कहता है कि इसकी जरूरत नहीं है। कौन उनके बारे में सोच रहा है। उनका, जदयू का यह फलसफा रहा है कि वह काम में विश्वास करते हैं। इतने समय से पार्टी सत्ता में है व हमने समाज के किसी भी तबके को नजरअंदाज नहीं किया है। हम अपराध, भ्रष्टाचार व सांप्रदायिकता को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर मीडिया में हमारा नकारात्मक प्रचार होता है तो उससे न डरें। हमें उन लाखों लोगों का समर्थन हासिल है जो भले ही सार्वजनिक तौर पर अपना विचार नहीं व्यक्त करते हों पर हमारे समर्थन में मतदान करते हैं।

> जदयू, भाजपा में सब कुछ ठीक है। बहुत लोग हैं जो सोचते हैं कि गठबंधन में घचपच (कुछ गड़बड़ी) है। ऐसा नहीं है, जो गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं उनका बुरा हाल होने वाला है। - नीतीश कुमार, सीएम बिहार



### भाजपाइयों के बयानों पर बोले- सीएम

कुमार का बयान कुछ भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए बयानों के बाद आया है। कुछ भाजपा नेताओं का कहना था कि अगले साल होने वाले चुनाव में भाजपा अपना सीएम उम्मीदवार पेश करे। कुमार 2005 से ही जदयू-भाजपा गठबंधन के साथ सत्ता में हैं। 2013 में कुमार भाजपा से अलग हो गए थे व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के साथ 2015 के विधानसभा चुनाव से पहले जुड़ गए थे। हालांकि 2017 में वह फिर वापस राजग में आ गए। बिहार में भाजपा नीत राजग में रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी भी शामिल है।

### कुमार ने राजद, तेजस्वी पर नाम लिए बिना की टिप्पणी

कुमार ने परोक्ष रूप से राजद, उसके नेता तेजस्वी यादव पर बिना नाम लिए टिप्पणी भी की। राजद के कुछ दिग्गज नेता रघुवंश प्रसाद सिंह, शिवानंद तिवारी ने लोस चुनाव में पार्टी के बेहद खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुमार के साथ नया गठबंधन बनाने की बात करने लगे थे। हालांकि, प्रस्ताव तेजस्वी ने सिरे से खारिज कर दिया था। यादव महागठबंधन के छोटे कार्यकाल में डिप्टी सीएम पद पर रहे थे। विदित हो कि तेजस्वी पर धनशोधन मामला होने की वजह से उनसे इस्तीफे की मांग की जा रही थी जिसे उन्होंने मानने से इनकार कर दिया था। बाद में कुमार महागठबंधन से बाहर निकल गए।

### मुझे कुछ नहीं आता तो डिप्टी सीएम क्यों बनाया?



बिहार विस में नेता प्रतिपक्ष व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा है कि मुझे कुछ नहीं आता। साथ ही सवाल उठाया कि मुझे कुछ नहीं आता तो मुझे उपमुख्यमंत्री क्यों बनाया?

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

सीएम ने गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर का शुक्रवार को हवाई सर्वे किया। बिहार के 4 जिलों में हालात खराब हैं, बाढ़ का पानी फैल गया है। बिहार में गंगा, कोसी, बागमती, कमला बलान सहित अन्य प्रमुख नदियों का जलस्तर कई जगहों पर खतरे के निशान से गुरुवार को पार कर गया था। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, गंगा नदी बक्सर, दीघाघाट, गांधी घाट, हाथीदह, मुंगेर, कहलगांव, साहेबगंज में खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी।

### वशिष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए

कार्यक्रम में वशिष्ठ नारायण सिंह को राज्य इकाई का तीसरी बार लगातार अध्यक्ष चुना गया। जदयू की राज्य परिषद की बैठक में शीर्ष पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### नीतीश के बयान पर गिरिराज का पलटवार

बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश के बयान पर पलटवार किया है। सीएम का बयान आने के बाद उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 'महादेव की दया से जो मुझे सही लगता है, बोलता हूं। ना किसी के आगे बोलता हूं, ना पीछे व जो बोलता हूं, उसपे अडिग रहता हूं। नीतीश ने तंज कसते हुए कहा था कि कुछ लोग 'जिन लोगों में 'राजनीतिक सूझबूझ की कमी' है। वह उन पर निजी हमले करके प्रचार पाने की कोशिश करते हैं।

# 24 घंटे के अंदर राहत सामग्री मुआवजा राशि दी जाए: योगी

एजेंसी ⏭ प्रयागराज



- राजस्थान की चंबल नदी, मध्य प्रदेश की बेतवा, केन से पानी छोड़े जाने से आई बाढ़
- एक लाख तक की आबादी हुई प्रभावित
- शाम से जलस्तर में कमी आएगी व लोगों को दो-तीन दिनों में राहत मिलेगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पूरी बरसात में प्रदेश में कहीं भी बाढ़ की समस्या नहीं थी, फिर भी सरकार ने बाढ़ से बचाव के सभी उपाय कर लिए थे। मौजूदा बाढ़ में जनहानि या धनहानि की स्थिति में चौबीस घंटे के अंदर राहत सामग्री व मुआवजा राशि पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसलिए शुक्रवार को मैं वाराणसी, गाजीपुर व प्रयागराज के जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने स्वयं निकला हूं।

मैंने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की व उन्हें राहत सामग्री वितरित की। मुझे लगता है कि शाम से जलस्तर में कमी आनी शुरू होगी व लोगों को दो-तीन दिनों में राहत मिलेगी। बारिश के अंतिम दिनों में राजस्थान की चंबल नदी, मध्य प्रदेश की बेतवा व केन से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से यमुना नदीं का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इटावा, हमीरपुर औरैया, वाराणसी, गाजीपुर व बलिया के निचले इलाकों में पानी घुसा है। मेरा अनुमान है कि प्रदेश में एक लाख तक की आबादी इससे प्रभावित हुई है। सभी प्रभावित इलाकों में नौकाएं लगाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर गश्त लगाने व बाढ़ पीड़ितों को भोजन व पेयजल की व्यवस्था कराने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए भी चारे की व्यवस्था की जा रही है। दवा आदि की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने हेलीकाप्टर से प्रयागराज के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया।

### धूप में बैठी महिला सीएम के आगमन से पूर्व ही चक्कर खाकर गिर गई

इस बीच, कैंट हाईस्कूल में सीएम के आगमन से पूर्व दो-ढाई घंटे से बाढ़ पीड़ित लोग सीएम की प्रतीक्षा में खुले आसमान के नीचे बैठे थे। कड़ी धूप में बैठी महिला सीएम के आगमन से पूर्व ही चक्कर खाकर गिर गई जिसे प्राथमिक उपचार देकर छांव में बिठाया गया। सदर बाजार की निवासी रुचि पाल ने मीडिया को बताया कि वह सुबह 10 बजे से ही वहां बैठी थी।

### नौ हजार मकानों की छतों के ऊपर से बह रहा है पानी

उल्लेखनीय है कि प्रयागराज में गंगानगर, नेवादा, मऊ सरैया व दारागंज के तीन मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। मोहल्लों में करीब नौ हजार मकानों की छतों के ऊपर पानी बह रहा है। गुरुवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का जायजा लिया था।

## पर्यटन में थोड़े प्रयास से मिलेंगे बड़े नतीजे

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि पर्यटन के लिहाज से उप्र में सर्वाधिक संभावनाएं हैं। काशी, मथुरा, अयोध्या, प्रयागराज, विंध्यधाम, कुशीनगर, सारनाथ व कपिलवस्तु हमारे पास ही हैं। वैविध्यपूर्ण जलवायु, घने जंगल, गंगा-जमुना व सरयू जैसी सदानीरा नदियां इस क्षेत्र की संभावनाओं को और बढ़ा देती हैं। थोड़े से प्रयास से इस क्षेत्र में बहुत कुछ संभव है पर पूर्व की सरकारों ने इन संभावनाओं के जरिये पर्यटन के विकास का कोई प्रयास ही नहीं किया। इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि पहले की सरकारों में न बदलाव का साहस था न सोच। वो सब हमने किया। अर्धकुंभ को कुंभ, इलाहाबाद को प्रयागराज करने के साथ अयोध्या में दीपोत्सव व मथुरा में कृष्ण जन्मोत्सव की परंपरा शुरू की। ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया। नतीजा सामने हैं। आज अयोध्या पर्यटकों की ही नहीं निवेशकों की पसंदीदा जगह बन चुकी है। इनवेस्टर्स समिट, जीबीसी में आये निवेश के प्रस्ताव इसके सबूत हैं। सरकार का प्रयास तीर्थस्थलों के मूल स्वरूप को जिंदा रखते हुए जमाने के बदलाव के अनुसार वहां पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा मुहैया कराना है। ऐसा होने पर पर्यटक/तीर्थाटन करने वाले वहां आएंगे और रुकेंगे तो स्थानीय स्तर पर रोजगार के तमाम अवसर भी सृजित होंगे। सरकार काम पूरी शिद्दत से कर रही है। प्रयागराज का दिव्य, भव्य कुंभ इसका सबूत है।

## राशिफल 21 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : आय के नए साधन ढूंढने की कोशिश करें। सेहतमंद रहने के लिए योग करें और ध्यान लगाएं। किसी महत्वपूर्ण दिन को भूल सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज ना करें। शुभ अंक: 7, रंग : मरुन।

**वृष:** धन संबंधित मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार से मिलकर अच्छा महसूस करेंगे। छुट्टियों पर जाने का मौका मिल सकता है। कंस्ट्रक्शन का काम शुरू कर सकते हैं। शुभ अंक: 18, रंग: केसरिया।

**मिथुन:** वजन कम करने के लिए नियमित व्यायाम करें। घर पर आराम से दिन व्यतीत करेंगे। यात्रा के योग हैं। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा है। प्रेम संबंधें के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ अंक : 17, रंग: इलेक्ट्रिक ग्रे।

**कर्क:** सेहत को लेकर सतर्क रहें। परिवार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। घर पर कंस्ट्रक्शन का काम शुरु करा सकते हैं। पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है। शुभ अंक: 3, रंग: पीला।

**सिंह:** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। गृहणियां घर की साज-सज्जा में व्यस्त रहेंगी। छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। परीक्षा की तैयारी करने वालों के लिए दिन अच्छा है। शुभ अंक: 15, रंग: टरक्वॉइश।

**कन्या:** परिवार के किसी बीमार व्यक्ति की हालत में सुधार होगा। माता-पिता के द्वारा किसी से तुलना होने पर बुरा लगेगा। किसी तीर्थयात्रा पर जाने का प्रोग्राम बन सकता है। शुभ अंक: 9, रंग: गोल्डन ब्राउन।

**तुला:** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार के विवाद में किसी बड़े सदस्य की सलाह काफी काम आएगी। किसी नई जगह घूमने का मौका मिल सकता है। शुभ अंक: 22, रंग : नारंगी।

**वृश्चिक:** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। यात्रा करने से पहले मौसम का हाल जरूर जान लें। किसी प्रॉपर्टी को खरीदने का मौका मिल सकता है। शुभ अंक: 4, रंग : वॉयलेट।

**धनु:** करियर में तरक्की के नए मौके मिलेंगे। अच्छी आय के चलते आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी सपने को पूरा करने में परिवार का साथ मिलेगा। मदद लेना बेहतर रहेगा। शुभ अंक : 1, रंग: हल्का लाल।

**मकर:** कार्यक्षेत्र पर काम को पूरा कर अच्छा महसूस करेंगे। धन खर्च को लेकर असमंजस महसूस करेंगे। आज प्रॉपर्टी से जुड़ा काम ना करें। पढ़ाई में लक्ष्य को पाने को मेहनत करें। शुभ अंक : 8, रंग: गाढ़ा लाल।

**कुंभ** : सीनियर्स के साथ बात करने के लिए दिन अच्छा है। धन संबंधित परेशानियां नहीं होंगी। परिवार का कोई सदस्य यात्रा पर जाने से मना कर सकता है। शुभ अंक : 11, रंग: सिल्वर।

**मीन:** खरीददारी करते समय सतर्क रहें। दोस्तों के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करते रहें। परिवार से किया कोई वादा पूरा करेंगे। शुभ अंक : 2, रंग : पीच।

### :टिप्स:

1. अपने बिस्तर को खिड़की से दूर रखें। फेंगशुई के अनुसार खिड़की से ची का प्रवेश समूचे घर में होता है, यदि खिड़की के सामने बेड होगा तो ची पूरे घर में प्रवेश नहीं कर पाएगी।
2. फेंगशुई का एक उत्पाद 'मनी प्लांट' भाग्य में वृद्धि और जीवन में धनागमन को आकर्षित करता है। इसे अपने कार्यालय या घर में रखने से पैसे के आगमन के साथ-साथ भाग्योदय की उम्मीद कर सकते हैं।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## आम कैदियों की तरह चिन्मयानंद ने खायी दाल, रोटी व सब्जी

**शाहजहांपुर (उप्र)।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद ने शुक्रवार दोपहर जिला कारागार में आम कैदियों की तरह दोपहर में दाल, रोटी और सब्जी खायी।



- रंगदारी मांगने वाले तीनों आरोपी स्वामी से अलग रखे गए

चिन्मयानंद को सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित बैरक में रखा गया है। जेल अधीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद को सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर कोतवाली के दरोगा राजकुमार लेकर आए थे जबकि रंगदारी मांगने वाले संजय समेत तीन आरोपियों को दो बजकर 55 मिनट पर जेल में दाखिल किया गया है। स्वामी ने सभी कैदियों की तरह दोपहर के भोजन में दाल, सब्जी व रोटी खायी। फिलहाल उन्हें सुरक्षित बैरक में रखा गया है। संजय व उनके दो साथियों को स्वामी चिन्मयानंद से अलग रखा गया है।

## रांची विवि छात्र संघ चुनाव: अधिकतर कॉलेजों में एबीवीपी का जलवा, दो जगहों पर क्लीन स्वीप

एजेंसी ⏭ रांची

रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने परचम लहराया है। एसएस मेमोरियल कॉलेज व डोरंडा कॉलेज में एबीवीपी ने क्लीन स्वीप करते हुए सभी सीटों पर कब्जा जमा लिया है। एसएस मेमोरियल कॉलेज में एबीवीपी को कुल सभी पांच सीटें मिली हैं। कॉलेज प्रभारी आशुतोष द्विवेदी एवं विवेक सिंह के अथक प्रयास और मेहनत से पांच सीटों पर एबीवीपी ने कब्जा जमाया है। रूझानों की बात करें तो एबीवीपी को डोरंडा कॉलेज में पांच, एसएस मेमोरियल में पांच, सिसई कॉलेज में पांच, खूंटी कॉलेज में तीन, वुमेंस कॉलेज में दो, आरएलएस कॉलेज में एक और बेड़ो कॉलेज में पांच सीटें मिली है। वहीं, आजसू को रामलखन कॉलेज में चार व वुमेंस कॉलेज में एक सीट पर जीत मिली है।



### अतुल को नहीं मिला खुद का भी वोट, फिर हो गिनती

झारखंड छात्र मोर्चा के अतुल भगत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हुए थे। उन्हें एक भी वोट नहीं मिला। कुछ छात्रों का कहना है कि हमने वोट दिया था। अतुल ने कहा कि मैंने खुद को वोट दिया था पर मुझे कोई वोट नहीं मिला। जेसीएम के छात्र नेता रि-काउंटिंग की मांग कर रहे हैं।

## धरने पर बैठे राजद विधायक को पुलिस ने मौके से उठाया

**पटना।** जान-माल की सुरक्षा को लेकर आरजेडी विधायक सरोज यादव ने सीएम आवास के पास ही शुक्रवार को धरने पर बैठ गये। भोजपुर जिले के बड़हरा से आरजेडी विधायक के आमरण अनशन पर बैठने के बाद आनन-फानन में पुलिस ने विधायक को मौके से हटाया। मालूम हो कि कुछ दिन पहले विधायक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। धरने पर बैठने की सूचना सरोज ने सीएम को पत्र लिख कर दे दी थी। पत्र में सरोज यादव ने चार मामलों का जिक्र करते हुए कहा था कि थाने में मामला दर्ज होने के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने में प्रशासन विफल है।

अपराधी खुलेआम शहर में घूम रहे हैं। साथ ही उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी। विधायक को समझाया गया कि प्रतिबंधित क्षेत्र में धरने पर बैठना गलत है पर यादव अड़े रहे। वहीं, अधिकारी ने बताया है कि विधायक को हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्हें सिर्फ सीएमआवास के पास से हटाया गया है। हम देखेंगे कि कानून का उल्लंघन हुआ है या नहीं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## 'नेक इरादे न होने के कारण विपक्षी नेता जेल में या बेल पर'

एजेंसी ⏭ चाईबासा (झारखंड)

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर क्योंकि उनके इरादे ठीक नहीं हैं। इसके विपरीत भाजपा के पास नेता, मंशा, कार्यक्रम व कार्यकर्ता हैं। जबकि विपक्षी नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर क्योंकि उनके इरादे ठीक नहीं हैं। नड्डा कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बूथ-कम-शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की ओर संकेत करते हुए नड्डा ने कहा कि सभी पार्टियां वंशवाद की चपेट में हैं व सिर्फ भाजपा ही ऐसी लोकतांत्रिक पार्टी है, जहां दीवारों पर पोस्टर चिपकाने वाला कार्यकर्ता भी पार्टी का अध्यक्ष बन सकता है।



- बूथ स्थर पर दें ध्यान

### अब जम्मू कश्मीर में लागू होंगे सभी कानून

नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा के कई नेता, कार्यकर्ता अनुच्छेद 370 हटाए जाने की बात करते हुए दुनिया से चले गए पर वे भाग्यशाली हैं कि उन्होंने अनुच्छेद 370 व अनुच्छेद 35 ए हटाए जाने का देश में इतिहास बनते देखा। भाजपा नेता ने कहा कि घरेलू हिंसा, बच्चों का उत्पीड़न सहित सभी कानून अब जम्मू कश्मीर सहित सभी केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगे।

### कार्यकर्ताओं को दी नसीहत

झारखंड पर ध्यान केंद्रित करते हुए नड्डा ने कहा कि झारखंड में विकास जारी है। पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है ताकि 65 से अधिक सीटें जीतने के लिए लक्ष्य से आगे बढ़ा जा सके। राज्य में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

### नड्डा के हेलीकॉप्टर के दोनों इंजन फेल

सरायकेला। जेपी नड्डा के हेलीकॉप्टर के दोनों इंजन झारखंड में फेल हो गए। सरायकेला से जमशेदपुर जाने के लिए जेपी नड्डा काशी साहू कॉलेज में हेलीकॉप्टर में सवार हुए थे। साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व बिहार के मंत्री नंद किशोर यादव थे। इस दौरान हेलीकॉप्टर का इंजन स्टार्ट नहीं हुआ। पायलट ने काफी कोशिश की पर दो में से एक भी इंजन स्टार्ट नहीं हो पाया। बाद में अर्जुन मुंडा सड़क मार्ग से जमशेदपुर रवाना हो गये, जबकि नड्डा ने जमशेदपुर जाने का कार्यक्रम रद कर दिया व सड़क मार्ग से रांची चले गए।

## झारखंड में छह सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोजपा एनडीए को दी सीटों की सूची: चिराग पासवान

**पलामू।** झारखंड में होने वाले विस चुनाव में लोजपा भाजपा के साथ मिलकर एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। झारखंड में लोजपा छह विधानसभा सीटों पर दावा कर रही है। इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह व झारखंड के सीएम रघुवर दास को विस सीट की सूची सौंप दी गई है। उक्त बातें सांसद व लोजपा संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में लोजपा द्वारा आयोजित जन हुंकार रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा की देश में नरेंद्र मोदी एवं राज्य में रघुवर दास के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन वाली सरकार चल रही है। जिससे राज्य से लेकर केंद्र तक चहुंमुखी विकास की धारा बह रही है। चिराग ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर दृढ इच्छाशक्ति एवं अखंड भारत के वादे को पूरा करते हुए ठोस कदम उठाया। आज जम्मू-कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत अटूट डोर से बंध चुका है।



## उत्तराखंड: जहरीली शराब से 6 की मौत सीएम ने दिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

एजेंसी ⏭ देहरादून

- मरने वाले लोगों ने ममोज, जूस की दुकान से शराब लेकर पी थी

उत्तराखंड में जहरीली शराब से एक बार फिर मातम पसर गया है। सूबे की राजधानी देहरादून में जहरीली शराब पीने के कारण छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं जहरीली शराब पीने से चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उत्तराखंड पुलिस के महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) अशोक कुमार ने बताया कि शराब पीने के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ने की खबरें शुक्रवार दिन में आनी शुरू हुई थीं। इसमें अब तक कई लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि मरने वाले लोगों ने एक ममोज और जूस की दुकान से शराब लेकर पी थी।

## अखिलेश ने दिया याचिका वापस लेने का संकेत

# बच सकती है शिवपाल की विस सदस्यता

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को अपने चाचा, जसवंतनगर से पार्टी विधायक शिवपाल सिंह यादव की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की याचिका वापस लेने के संकेत दिये। अखिलेश ने प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व में पार्टी से बगावत करने वाले तत्कालीन राज्यसभा सदस्य अमर सिंह, विधायक नितिन अग्रवाल की सदस्यता समाप्त करने की याचिका नहीं दिये जाने संबंधी सवाल पर कहा, हम सबकी सिफारिश वापस ले लेंगे.... संतुष्ट! आप कह रहे हैं कि हमने उनके खिलाफ नहीं किया तो हम सबकी वापस ले लेंगे। पार्टी के दरवाजे सबके लिये खुले हैं। जो आना चाहे, हम उसे आंख बंद करके पार्टी में शामिल कर लेंगे। विस में सपा, विपक्ष के नेता राम गोविंद चौधरी ने गत चार सितंबर को शिवपाल की विस सदस्यता समाप्त करने की अर्जी दी थी। शिवपाल ने अखिलेश से तल्खी के बाद सपा से अलग होकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का गठन किया था, गत लोकसभा चुनाव में सपा के खिलाफ कई जगह प्रत्याशी उतारे थे। हालांकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली थी।



### एनआरसी लागू हुआ तो योगी को छोड़ना पड़ेगा प्रदेश

अखिलेश ने राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) को डराने की राजनीति का जरिया करार देते हुए कहा कि अगर यूपी में एनआरसी की कार्रवाई की गई तो सबसे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रदेश छोड़ना पड़ेगा। जरूरत पड़ने पर यूपी में एनआरसी लागू करने के योगी के बयान के बारे में पूछे गये सवाल पर अखिलेश ने कहा कि यूपी में होगा तो सबसे पहले उन्हें (योगी) ही वापस जाना होगा। वह तो उत्तराखंड के मूल निवासी हैं। हमारे लिये तो आप यह अच्छी खबर बता रहे हैं।

# इंदौर में एक फोन पर सिख समाज के बुजुर्गों को मिलेगा गुरु का लंगर

## गुरु नानकदेवजी के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज ने वरिष्ठों के लिए शुरू की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में सिख समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए गुरु का लंगर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था सिख समाज की सर्वोच्च संस्था श्री गुरुसिंघ सभा ने की है। लंगर के लिए सिर्फ एक फोन गुरुसिंघ सभा के गुरुद्वारा इमली साहिब स्थित कार्यालय पर करना होगा। सेवादार गुरुद्वारे में बना लंगर लेकर संबंधित व्यक्ति के पास पहुंच जाएगा। इस सेवा का निशुल्क लाभ 55 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक नियमित ले सकेंगे। गुरुसिंघ सभा के प्रचार प्रमुख देवेंद्र सिंह गांधी का कहना है कि देश में सिख समाज में इस तरह की यह पहली सेवा होगी। गुरु नानकदेवजी के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज ने यह योजना शुरू की है।

### निराश्रित महिलाओं को दे रहे राशन

निराश्रित महिलाओं के लिए सिख समाज पिछले 15 साल से नानक भलाई केंद्र का संचालन कर रहा है। इसमें हर महीने की 1 से 5 तारीख तक 250 निराश्रित और विधवा महिलाओं को करीब 500 रुपए का राशन दिया जाता है। इसमें हर माह एक लाख 75 हजार का राशन वितरित किया जाता है। इसमें समाज के करीब 200 लोग सहयोग देते हैं। इस योजना के संचालन में करीब 25 लोग सेवा दे रहे हैं।



### जरूरतमंदों को मिले लंगर

इस सेवा की शुरुआत के पीछे मकसद जरूरतमंद बुजुर्गों तक गुरु का लंगर पहुंचाना है। कई ऐसे कारण हैं जिनसे इन्हें उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है।
**मनजीतसिंह भाटिया,** प्रधान गुरुसिंघ सभा, इंदौर

### असमर्थ लोगों की जानकारी हमें दें

यह सेवा शारीरिक रूप से असमर्थ, बेघर बुजुर्ग और अकेले रहने वालों वरिष्ठ नागरिक के लिए शुरू की गई है। ऐसे लोगों की जानकारी हमें दी जा सकती है।
**जसबीर गांधी,** महासचिव गुरुसिंघ सभा, इंदौर

### इसलिए शुरू की सेवा

- समाज में ऐसे बुजुर्ग हैं जिनके बच्चे शहर से बाहर नौकरी करते हैं। घर में अकेले माता-पिता हैं। इनके भोजन संबंधी असुविधा इससे खत्म होगी।
- इस योजना का लाभ वे बुजुर्ग भी उठा सकते हैं जो घर-परिवार में उपेक्षा का शिकार हैं।
- कई बुजुर्ग अपने परिवार से अलग जीवनयापन कर रहे हैं। यह योजना उनके लिए भी फायदेमंद है।
- कई बुजुर्ग शारीरिक रूप से असमर्थ हैं जिनके लिए गुरुद्वारा आना आसान नहीं है। उनके पास भी गुरु का लंगर टिफिन सेवा के माध्यम से पहुंच सकेगा।

# लाली कोल की मां ने कहा- मेरे बेटे ने ही दोनों डकैतों को मारा

## बोलीं-दोनों डकैत लोगों को बहुत परेशान करते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

सतना पुलिस की डकैत बबुली व लवलेश के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान दोनों की मौत के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। दरअसल, हरसेड़ गांव में किसान अवधेश द्विवेदी के अपहरण में डकैतों की मदद करने वाले लाली कोल की मां मुन्नी कोल ने बड़ा खुलासा किया है। मुन्नी कोल ने मीडिया के सामने दिए गए बयान में कहा है कि डकैत बबुली व लवलेश कोल को लाली कोल ने ही मारा है। मुन्नी बाई ने बताया कि दोनों डकैत लोगों को बहुत परेशान करते थे। त्रस्त होकर लाली ने दोनों को मार दिया और खुद आत्मसमर्पण कर दिया।

### पकड़ के बाद रहा था बबुली के साथ



वहीं इस मामले में लाली कोल के चचेरे भाई छेदीलाल रावत ने भी खुलासा करते हुए बताया कि लाली कोल किसान के पकड़ के बाद से बबुली गैंग में रह रहा था। इसके अलावा वह और अन्य दो लोग बबुली कोल को रसद पहुंचाने का काम करते थे। लेकिन उसे बबुली की हरकतों से सख्त नफरत होने लगी थी।

## वनोपज, हैंडलूम कोसा व कृषि उपज क्रेता-विक्रेताओं का सम्मेलन शुरू

# सीएम भूपेश बोले- छग के पारंपरिक फसलों को बनाएंगे ग्लोबल उत्पाद

## स्थानीय उत्पादों के विपणन, प्रसंस्करण और निर्यात की व्यापक संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ के कृषि उपज, वनोपज, हैंडलूम कोसा इत्यादि उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन व विक्रय को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेताओं का सम्मेलन प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मेलन स्थल पहुंच कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य की पारंपरिक फसलें धीरे-धीरे विलुप्त हो रही हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यहां की ऐसी फसलों को पहचान दिलाना है। इस सम्मेलन के जरिए यहां के किसानों की स्थानीय पारंपरिक फसलों को ग्लोबल पहचान मिलेगी। इसमें स्व-सहायता समूह और एफपीओ द्वारा अपने उत्पाद का प्रदर्शन के साथ-साथ विक्रय किया जा रहा है। सम्मेलन के उद्घाटन के इस अवसर पर कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा जल संसाधन मंत्री रवीन्द्र चैबे, मुख्य सचिव सुनील कुजूर,अपर मुख्य सचिव केडीपी राव, प्रमुख सचिव कृषि मनिंदर कौर द्विवेदी, सचिव कृषि हेमंत पहारे, संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री आदि उपस्थित थे।

### खास बातें

- स्थानीय उत्पादों को देश-विदेश में पहचान दिलाना उद्देश्य
- पारंपरिक फसलों को विलुप्त होने से बचाने का प्रयास
- 22 सितंबर तक चलेगा



### ये उत्पाद आए

वनोपज के अंतर्गत मुख्य रूप से महुआ, महुआ बीज, इमली, साल बीज, औषधीय पौधे जैसे कालमेघ, बेहड़ा, हर्रा, चारगुठली, गोंद, लाख, नागरमोथा, शहद, त्रिफला, अश्वगंधा, सफेद मूसली आदि का संग्रहण एवं विक्रय किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में इन उत्पादों के विपणन, प्रसंस्करण और निर्यात की व्यापक संभावनाएं हैं। इस सम्मेलन में 19 देशों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के लगभग 62 क्रेता, देश के अन्य प्रदेशों से लगभग 60 क्रेताओं और प्रदेश से लगभग 120 विक्रेता भाग ले रहे हैं।

### देश-विदेश के व्यापारियों के साथ अनुबंध करेंगे स्थानीय विक्रेता

छत्तीसगढ़ राज्य में उपलब्ध विशेष गुणों से भरपूर फसलों अनाज, दलहन, तिलहन, वनोपज, साग-सब्जी तथा हैण्डलूम, कोसा, सिल्क इत्यादि उत्पादों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह सम्मेलन किया जा रहा है। सम्मेलन में आमंत्रित देश-विदेश के क्रेताओं के साथ राज्य के विक्रेता के बीच चर्चा, अनुबंध, एमओयू इत्यादि संपन्न होंगे। इसमें 16 देशों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर और देश के अन्य प्रदेशों से क्रेताओं तथा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के क्रेता भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में 22 सितम्बर को लोगों के लिए प्रदर्शन के अवलोकन और क्रय-विक्रय के लिए खुला रहेगा।

### इन उत्पादों की बढ़ रहीं है मांग

छत्तीसगढ़ का धान, लाल चावल, काला चावल, आर्गेनिक विष्णुभोग चांवल, अन्य सुगंधित धान की पारंपरिक किस्में व कोदो, कुटकी, रागी, जैसे पारंपरिक व बहुमूल्य कृषि उत्पाद, मखाना, चना, लाल मसूर, सोयाबीन, रामतिल, तिल, फल-सब्जी जैसे फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, हरा मटर, शिमला मिर्च, टमाटर, गवारफल्ली, मूली, अदरक, हरी मिर्च, हल्दी, पपीता, सीताफल, लिची, ड्रैगनफ्रूट, आंवला, कटहल, केला, नासपत्ती, एप्पल बेर, बेल, काजू, नींबू, गेंदा और ग्लेडिलस का उत्पादन किया जा रहा है।

# ग्वालियर में ऐसी रिसर्च हुई, बोल दूं तो तूफान आ जाएगाः राजनाथ

**ग्वालियर ।** ग्वालियर स्थिति रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रतिस्थापन में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ग्वालियर डीआरडीई ने वैज्ञानिकों ने ऐसी उपलब्धियां हासिल कर ली हैं, जिन्हें यदि सार्वजनिक तौर पर बोल दूं तो विश्व में तूफान खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक साइलेंट वर्कर होने के कारण उन्हें अपेक्षित पहचान नहीं मिलती।

- राजनाथ सिंह ने डीईआरडीई लैब के निरीक्षण के दौरान वैज्ञानिकों की जमकर तारीफ की

अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सिटी सेंटर स्थित डीआरडीई लैब शिफ्टिंग का मामला भी उठाया गया। इस पर राजनाथ ने भरोसा दिलाया किया कि जमीन आवंटन होते ही डीआरडीई की परिधि को दो सौ मीटर से जितना कम किया जा सकता है उतना कर दिया जाएगा। जिससे भवनों को कम से कम नुकसान हो। इस दौरान डीआरडीई के प्रमुख डॉ. डी सतीश रेड्डी भी मौजूद थे । राजनाथ सिंह करीब सुबह दस बजे ग्वालियर एयरफोर्स के हवाई अड्डे पर उतरे। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के यहां मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद करीब दो बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## सागर में किया वारदात...

# मप्र की फैक्ट्री से रकम चोरी कर भाग रहा युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मध्यप्रदेश सागर की एक फैक्ट्री के गल्ले से रकम चोरी कर भागे कर्मचारी को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कटनी मेमू ट्रेन से गिरफ्तार किया गया है। जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार किया। रेलवे पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 सितंबर की देर रात सागर के मक्रोनिया क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में युवक ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मक्रोनिया थाने की टीआई ने जीआरपी डीआई को घटना की सूचना के साथ आरोपी की फोटो भी भेजी। इस पर रेलवे की दोनों सुरक्षा टीम प्लेटफार्म पांच में तैनात हो गई।




### आरोपी को लेने पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस

आरोपित को नकद के साथ पकड़ते ही जीआरपी डीआई आरके बोझां ने मक्रोनिया टीआई उपमा सिंह को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वहां से तीन सदस्यीय टीम को रवाना किया गया। टीम आज सुबह बिलासपुर जीआरपी थाने पहुंची। नकद समेत आरोपित को सुपुर्द करने के लिए कागजी प्रक्रिया चल रही है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम, ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | चाणक्यपुरी, बल्लभगढ़ और नरेला सबस्टेशन में पुराने, ओवरएज कैपेसिटर बैंक के साथ श्रृंखला रिएक्टर और संबद्ध कार्य का प्रतिस्थापन। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 1,41,45,501.43 |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 2,20,700/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 01.10.2019 (10.30 बजे) से 15.10.2019 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 15.10.2019 (15.00 बजे) |
| 7. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 10–क.वि.–नई दिल्ली–2019–20 दिनांकः 19.09.2019 3041/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक डिवीजनल इंजीनियर के खंड में DAZ-ANDI के बीच DAZ, ANDI, DKZ, DBSI, SSB, PTNR, KTNR, NRVR स्टेशन और RUB नंबर 6 ए, 9A पर एफओबी के लिए मरम्मत। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | 1,98,62,975.71/- |
| बयाना राशि (रूपये) | 2,49,300/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | 5900/- |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.10.2019 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा आई आर पी एस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/32-2019-20/W-3 दिनांक : 20.09.2019 3040/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### महिला आरक्षक की मौत, डेढ़ माह पहले बच्चे को दिया था जन्म

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के बतौली विकासखंड के सिलमा गांव में शुक्रवार को एक महिला आरक्षक की मौत हो गई। महिला आरक्षक घरघोड़ा थाने में पदस्थ थी। बताया जा रहा है कि मृतका चांति पैंकरा ने डेढ़ माह पूर्व बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे के जन्म के बाद से ही महिला आरक्षक लगातार बीमार रह रही थी। मेटरनिटी लीव पर रहते हुए महिला का घर पर ही इलाज चल रहा था, इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। चांति पैंकरा तीन वर्ष पूर्व पुलिस विभाग में आरक्षक के रूप में भर्ती हुई थी।



# केंद्रीय मंत्री जोशी बोले- पाक की भाषा बोल रहे कांग्रेस के नेता

## कहा- अनुच्छेद 370 का स्वयं डॉ.अम्बेडकर ने भी विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुख्यमंत्री बघेल के साथ कांग्रेस पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि जो राहुल गांधी बोलेंगे वो ही इधर के मुख्यमंत्री बोलेंगे। मैंने पार्लियामेंट में भी बोला था कि जो कांग्रेस पार्टी जो भाषा बोल रही है, वही भाषा पाकिस्तान बोल रहा है। अनुच्छेद 370 का स्वयं डॉ. भीमराम अम्बेडकर ने भी विरोध किया था। थोड़ा संविधान निकालकर मुख्यमंत्री को पढ़ना चाहिए। आर्टिकल 370 को हटाए जाने के बाद लोगों को जागरुक करने के लिए भाजपा के जनजागरण और सेवा सप्ताह कार्यक्रम में शामिल होने प्रहलाद जोशी रायपुर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि 370 को हटाने के लिये संविधान में प्रावधान था, और उस प्रावधान का उपयोग करते हुए उसे हटाया गया है।



### नौकरियों के सवाल पर बचते नजर आए

कश्मीर में किसी प्रकार का कानून लागू नही होने से वहां के लोगों को परेशानी होती थी. कश्मीर कर हित में यह बड़ा फैसला है। यहां के मुख्यमंत्री जो भाषा बोल रहे है, वही भाषा पाकिस्तान बोल रहे है तो आप पाकिस्तान के समर्थक हो या भारत के इस पर कांग्रेस पार्टी को पहले निर्णय लेना चाहिए। अनुच्छेद 370 को लेकर आक्रामक नजर आए प्रहलाद जोशी देश में जा रही लोगों की नौकरियों के सवालों का जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि नौकरी का जो हिसाब दे रहे हैं, वो ठीक नहीं दे रहे है। वहीं देश में छाई हुई मंदी को लेकर केंद्रीय खनन मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि देश में किसी प्रकार की मंदी नहीं है।

# नीट के जरिए ही निजी कॉलेज में होंगे प्रवेश



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अब निजी मेडिकल कॉलेजों में अब दाखिले के नाम पर मनमानी नहीं हो सकेगी। प्रदेश सरकार ने अब एनआरआई और 15 फीसदी मैनेजमेंट कोटे के प्रावधान क खत्म कर दिया है। अब सिर्फ नीट के जरिए ही 100 प्रतिशत मेडिकल सीटों पर दाखिले होंगे। आज जबलपुर पहुंचीं प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा और आयुष मंत्री विजय लक्ष्मी साधो ने इस बात का ऐलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने पर सरकार क्या कदम उठा रही है, उसके बारे में भी जानकारी दी।उन्होंने यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और मेडिकल कालेज की साधारण सभा की बैठक भी ली।


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **जसविन्द्र कौर, पुत्री** बीजेन्द्र सिंह, **निवासीः** प्लाट नं. 63–ए, खसरा नं. 17/10, चन्द्र विहार, निहाल विहार फेस–।।, नांगलोई, दिल्ली है, जो कि थाना क्षेत्र निहाल विहार से दिनांक 26.08.2019 से लापता/अगवा है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 20 वर्ष, **कदः** 5'1", **रंगः** साफ, **चेहराः** गोल, जिसने खाकी लम्बी कुर्ती, नीली जीन्स और पैरों में जूत्ती पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 81–ए, दिनांक 27.08.2019 को थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना निहाल विहार, दिल्ली**
**फोनः 011-25946700, 25946710**

**DP/2648/OD/19**


## युवा ट्रैफिक फोर्स का वीडियो ट्रैफिक नियमों को लेकर कर रहा जागरुक

# सोशल मीडिया पर छाया वाईटीएफ, लाइक हो रहा वीडियो

## शहर के ट्रैफिक एसपी के कहने पर इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने वीडियो के माध्यम से समझाइश का प्रयास शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सोशल मीडिया पर युवा ट्रैफिक फोर्स (वायटीएफ) का वीडियो इन दिनों सुर्खियों में है। युवा इसे सबसे ज्यादा लाइक कर रहे हैं और वीडियो से प्रेरित होकर वह ट्रैफिक नियमों का भी पालन कर रहे हैं। युवा ट्रैफिक फोर्स लगातार कुछ नए प्रयोग कर रहा है, ताकि यातायात के नियमों के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर सकें।

युवा ट्रैफिक फोर्स के अमन गंगराडे, राहुल असाटी, अभिषेक कोरी, आकाश अहिरवार, प्रकृति सिंह और अन्य ने बताया कि शहर के यातायात नियमों के बारे में जानकारी देने के लिए एएसपी यातायात अमृत मीणा ने जानकारी दी। जिसे सुनने के बाद कुछ छात्र उनके सहयोग के लिए तैयार हुए। वहीं शनिवार और रविवार को शहर के मुख्य चौराहों में खड़े होकर यातायात नियमों के बारे में वाहन चालकों को जागरूक करना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके साथी कई छात्र-छात्राएं जुड़ गए।

### खास बातें

- नए प्रयोग कर रहा है युवा ट्रैफिक फोर्स
- दो दिन संभालते हैं चौराहों पर यातायात
- कई स्टूडेंट्स जुड़े

### समझाने पर भी नहीं हो रहा था पूरी तरह सुधार



अमन और उसके साथियों ने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों पर लगातार युवा ट्रैफिक फोर्स वाहन चालकों को नियमों के बारे में जानकारी दे रहा था। लेकिन जरूरी सुधार नहीं आ रहा था। तब विचार किया गया कि लोगों को आकर्षित कैसे करें कि वह नियमों को न केवल समझे उसका पालन भी करें।

### सोशल मीडिया को बानाया माध्यम

युवा ट्रैफिक फोर्स के छात्रों ने युवाओं और अन्य वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया को माध्यम बनाया। इसमें यूट्यूबर प्रिंस मनिहार की वीडियो बनाने में मदद ली। प्रिंस भी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र हैं।

### वीडियो किया शूट और यूट्यूब व वाट्सएप में भेजा

यूट्यूबर प्रिंस ने युवा ट्रैफिक फोर्स के सदस्यों से नियमों का जानकारी देते हुए पुराने वीडियो क्लिप मांगे। साथ ही उनके साथियों का इंटरव्यू लिया। जिसमें उन सभी सदस्यों ने यह बताया कि वाहन चालक नियमों का पालन करके अपने आप को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। वहीं नियमों का पालन करके वह पुलिस का भी सहयोग कर रहे हैं।

### वीडियो का मिला अच्छा रिस्पांस

वीडियो बनाने के बाद यूट्यूब पर जारी किया। वहीं उन सभी के मोबाइल पर भी वह वीडियो को प्रिंस ने भेजा। उन सभी छात्रों ने अपने साथी छात्रों के वाट्सएप में वह वीडियो भेजा। इसके अलावा उनसे भी कहा कि वह अपने परिचित ग्रुपों में यह वीडियो भेजें। ताकि वाहन चलाते वक्त वह नियमों के बारे में जागरूक रहे। इसका बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है।

### लोगों ने युवा ट्रैफिक फोर्स से जुड़ने को कहा

यूट्यूब और वाट्सएप में वीडियो देखकर लोगों ने उनके युवा ट्रैफिक फोर्स में जुड़कर यातायात नियमों के बारे में वाहन चालकों को जागरूक करने कहा। वहीं यह भी वादा किया कि वह वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन करेंगे।


**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**


आरती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **आरती, पुत्री सोने लाल, पता** गली नं.19, रान्होला, दिल्ली, जो दिनांक 01.09.2019 को थाना क्षेत्र, रान्होला, दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में एक **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 558/19 धारा 363 भा.द.स. दिनांक 02.09.2019** थाना रान्होला, दिल्ली में दर्ज है। गुमशुदा लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है:

**नाम** : आरती, **पिता का नाम** : सोने लाल, **उम्र** : 15 साल, **कद** : 4 फुट 10 इंच, **रंग** : सांवला, **चेहरा** : लम्बा, **पहनावा** : जिसने लाले रंग की टी–शर्ट लाल रंग की पैजामा एवं पैरों में हवाई चप्पल पहन रखी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना : रान्होला, दिल्ली**
**फोन : 011-28363001 28363002, 28363003**

DP/2689/OD/19

चिंतन

# 28 दिनों में 5 कदमों से सुधरेगी अर्थदशा

सरकार ने 28 दिन में एक के बाद एक पांच राहतों का ऐलान करके अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश की है। इन कदमों से निश्चित ही अर्थव्यवस्था सुस्ती से निकल सकेगी। पिछले करीब दो साल से ग्लोबल सुस्ती का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में सघन सुस्ती में पहुंच गई। अब तक अमेरिका व चीन के बीच जारी ट्रेड वार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती को भारत में इकॉनोमिक स्लोडाउन की वजह मानती रही सरकार तब जागी, जब लगातार दो तिमाही की जीडीपी में गिरावट दर्ज की गई। विमुद्रीकरण, जीएसटी, बेनामी संपत्ति कानून और संशोधित कंपनी दिवालिया कानून के चलते 2016 से ही कठिन आर्थिक स्थिति का सामना कर रही घरेलू कंपनियों के लिए 2019 आते-आते परिस्थिति और दुरुह हो गया। कंपनियों के कर्ज डिफॉल्ट होने की दर में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे बैंकों के एनपीए में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई। पीएनबी जैसे घोटाले के चलते भी बैंकों की साख व लिक्विडिटी पर गहरा असर पड़ा। रियल एस्टेट सेक्टर की खराब हालत ने अर्थव्यवस्था को कई स्तर पर प्रभावित किया। ग्लोबल सुस्ती के साथ घरेलू स्तर पर ऐसे अनेक कारण हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था उत्तरोत्तर मंदी की दिशा में अग्रसर होती गई। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ लघु व मध्यम उद्योग है, लेकिन इस सेक्टर की हालत सबसे अधिक खस्ता हुई। सरकार ने नोटबंदी जैसे कदम तो उठाए, लेकिन उसके चलते पड़ने वाले असर से निपटने के लिए मैकेनिज्म पर फुलप्रूफ काम नहीं किया। मोदी सरकार ने बजट दर बजट कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डीबीटी के जरिये रियायतों पर अधिक फोकस किया, जबकि उद्योग क्षेत्र को बाजार के हवाले रहने दिया गया। जबकि कृषि, सेवा, जनराहत व उद्योग के बीच संतुलन रहना चाहिए था। देर से सही, लेकिन केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था की दिक्कतों को पहचाना है, उद्योग जगत की कठिनाइयों को समझा है और सरकार चरण दर चरण बूस्टर कदम उठा रही है। कॉरपोरेट टैक्स में सात फीसदी तक की राहत देकर उद्योग जगत को बड़ी रियायत प्रदान की गई है। कॉरपोरेट टैक्स की 30 फीसदी की दर को कम करने की मांग लंबे समय से थी। पहले सेस-सरचार्ज मिलाकर 34.94% कॉरपोरेट टैक्स लगता था। इसे 22 फीसदी कर दिया गया है। सरचार्ज व सेस के साथ अब 25.17 फीसदी कॉरपोरेट टैक्स लगेगा। अब कॉर्पोरेट टैक्स की नई दरें दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे कम हो गई हैं। टैक्स कम होने से मिडकैप व स्मॉलकैप कॉरपोरेट कंपनियों को अधिक सहूलियत होगी। शेयर बाजार ने इसका जोरदार स्वागत किया और सेंसेक्स 1900 व निफ्टी 600 से अधिक अंक चढ़े। एक दिन में यह एक दशक की सबसे बड़ी तेजी है। नई घरेलू मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों पर 15 प्रतिशत टैक्स लेगा, पहले यह दर 25 फीसदी थी। इससे पहले 23 अगस्त को विदेशी और घरेलू निवेशकों पर सरचार्ज बढ़ोतरी का फैसला वापस लेने, बैंकों के पूंजीकरण के लिए 70,000 की रकम देने, रेपो दर को लोन पर ब्याज से जोड़ने, टैक्स अधिकारी की ओर से परेशान नहीं करने आदि की घोषणएं की गई थीं। 28 अगस्त को कोल सेक्टर और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग में 100% व डिजिटल मीडिया में प्रिंट मीडिया की तरह 26% एफडीआई को मंजूरी दी गई थी। 30 अगस्त को 10 बैंकों के चार बैंकों में विलय की घोषणा हुई थी। 19 सितंबर को अक्टूबर से 400 जिलों में लोन मेले आयोजित करने का ऐलान किया गया था। इन कदमों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यूएस यात्रा के दौरान 25 अमेरिकी कंपनियों के प्रमुख से मिलेंगे। इससे नए निवेश आ सकते हैं। सरकार की कोशिश अर्थव्यवस्था को जल्द से जल्द पटरी पर लाने की होनी चाहिए और इसी दिशा में बढ़ती दिख रही है।

विचार

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर

# प्रकृति को सम्मान देकर ही उसका किया जा सकता है संरक्षण

प्राचीन भारतीय परंपरा प्रकृति की पवित्रता में विश्वास करती है। यह परंपरा पर्वतों,नदियों,सूर्य,चंद्रमा और पेड़ों को पवित्र मानती है और जो पवित्र है,हम उसका सम्मान करते हैं। दुर्भाग्यवश,हम पवित्र परंपराओं के नाम पर अपनी नदियों और पर्वतों को प्रदूषित कर रहे हैं।हमारे मन में यह गलतफहमी भी है कि पारिस्थितिक अपघटन तकनीक और विकास के कारण हो रहा है और यह होता रहेगा।लेकिन,ये दोनों आवश्यकताएं पारस्परिक रूप से अनन्य नहीं हैं।तकनीक का उद्देश्य प्रकृति को सुसज्जित करना,सूचना प्रदान करना और मनुष्य को सुविधा प्रदान करना है। जब आध्यात्मिक और मानव मूल्यों को नकार दिया जाता है,तब तकनीक प्रदूषण,विनाश और असुविधाजनक परिस्थितियां उत्पन्न करती है। पर्यावरण में सामंजस्य स्थापित करने और साथ ही साथ तकनीक एवं विज्ञान को विकसित होने देने में आध्यात्मिकता की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।आज के समय में यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। हम प्रकृति से पर्यावरण संरक्षण के लिए सबक ले सकते हैं।प्रकृति कूड़े - कचरे को अवशोषित कर लेती है और हर बार कुछ नया बनाती है।एक व्यक्ति प्रकृति में अतिवादी गुणों को ढूंढ सकता है।लेकिन,इसके बावजूद,प्रकृति में संतुलन बना हुआ है।विज्ञान या तकनीक हानिकारक नहीं है; बल्कि,वह कूड़ा - कचरा हानिकारक है,जो विषैले तत्वों को उत्पन्न करता है।कूड़े - कचरे की मात्रा को न्यूनतम करने और इसको फिर से प्रयोग करने लायक बनाने की आवश्यकता है। वास्तव में,सबसे बड़ा प्रदूषण कारक मनुष्य का लालच है। यह पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण के रास्ते में आ गया है।यह पर्यावरण मित्र उत्पादन अभ्यासों के बजाय, शीघ्र मिलने वाले लाभ और परिणामों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।लालच नकारात्मक भावनाओं और घटनाओं की छापों के द्वारा, सूक्ष्म वातावरण एवम् व्यक्ति के मन को प्रदूषित कर देता है। प्रदूषण भौतिक एवम् सूक्ष्म जगत,दोनों जगहों पर होता है।एक क्रोधित व्यक्ति से क्रोध प्रवाहित होता है, जो उसके आसपास मौजूद लोगों को भी प्रभावित करने लगता है।यह एक श्रृंखला प्रतिक्रिया है।सभी युद्धों की जड़ों में संयुक्त नकारात्मक भावनाएं ही होती हैं।प्रायः,हम इस बारे में सजग नहीं होते हैं कि जो पर्यावरण के विरुद्ध है,वह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक नहीं है।

प्रकृति के प्रति पारंपरिक सम्मान को फिर से जगाकर हम अपने चारों ओर एक सीमा तक शुद्धता ला सकते हैं।हम प्रकृति में ईश्वर को देख सकते हैं - इसके द्वारा हम प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।तब आप पर्यावरण के प्रति सजग हो जाते हैं।प्राचीन एवम् आधुनिक,दोनों ही विधियों को अपनाने की आवश्यकता है। वैदिक कृषि गाय के मूत्र,गाय के गोबर और नीम की पत्तियों के द्वारा की जाती थी,और अब यह प्रमाणित हो गया है कि फसल के उत्पादन के लिए ये विधियां बहुत अच्छी हैं।हाल ही में,भारत में किए गए अनुप्रयोगों ने यह दर्शाया कि उर्वरक एवम् कीटनाशक के बिना प्राकृतिक खेती करने से,फसल का उत्पादन तीन गुना अधिक हुआ।ऐसा नहीं है कि कुछ नया है,तो वह अच्छा है और जो पुराना है, उसे नकार दिया जाए। इन दोनों ही विधियों के अच्छे मिश्रण के द्वारा हमारे जीवन और पर्यावरण में संतुलन आ सकता है।इस प्रकार से,हम पृथ्वी के अपघटन को रोक सकते हैं।यह केवल तभी हो सकता है,जब मानव चेतना लालच,स्वार्थी उद्देश्यों और शोषण से ऊपर उठे।

हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि हम पृथ्वी का कितना शोषण करना चाहते हैं? या हम पृथ्वी का कितना संरक्षण करना चाहते हैं? हमें हमारी पृथ्वी और इस पर रहने वाले सभी प्राणियों का सम्मान और उनकी बहुत अधिक देखभाल करनी चाहिए। हमें रसायन मुक्त एवम् प्राकृतिक खेती करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए और इस बात को सुनिश्चित करना चाहिए कि हम पृथ्वी को प्लास्टिक,ज़हरीले उर्वरकों और रसायनों से प्रदूषित ना करें।ये कदम उठाते हुए हम सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति सजग हो जाएं,यही हमारी प्रकृति के प्रति सच्ची श्रृद्धा होगी।

# श्रीकांत वर्मा के बहाने...



जिरहनामा

कनक तिवारी
9425220737

श्रीकांत तो बहाना हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ के वर्तमान की संस्कृति-दृष्टि को खंगालने की जरूरत है। श्रीकांत वर्मा के नाम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में सृजनपीठ बनी। एक बहुचर्चित कुलपति ने उसे नष्ट कर दिया। उसे एक पद मानकर उस पर प्राध्यापक की नियुक्ति कर दी। बख्शी जी के नाम पर बनी सृजनपीठ में ऐसी नियुक्तियां हुई कि हंसना और रोना दोनों आया। एक विश्वविद्यालय से मानद सर्वोच्च उपाधि जिसे दी गई वह आईने के सामने खड़ा होने पर शरमाता होगा।

छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय ख्याति के बुद्धिजीवियों में श्रीकांत वर्मा का नाम कभी धूमिल नहीं होगा। वे संघर्षशील पीढ़ी के बुद्धिजीवी थे। उन्होंने अपनी पहचान बनाने आत्मविश्वास से लबरेज होकर सीधे दिल्ली कूच किया। साठ के दशक में संवाद और संचार माध्यमों की आज जैसी सघनता नहीं थी। तकनीक के परिष्कार के अभाव में कलम ही लेखक का माध्यम थी। श्रीकांत वर्मा की कलम में वैचारिक और भावनात्मक दोनों तरह की स्याहियां थीं। दिल्ली राजनैतिक राजधानी भले ही रही श्रीकांत को श्रमजीवी की तरह भी संघर्ष करना पड़ा। जिल्लत, अपमान, उपेक्षा सब सहना पड़ा। वह उनकी बुनियादी प्रकृति के खिलाफ था। रेशा रेशा तराशकर इस चर्चित लेखक ने साहित्य घर का बहुत कूड़ा साफ किया। सरमायेदारों की आंखों में पड़े मकड़जाले को साफ कर साहित्य को नई जमीन और प्रतिष्ठा देने में मुक्तिबोध जैसे महारथियों का हमकदम होना कुबूल किया। बिलासपुर को श्रीकांत वर्मा का नगर होने में स्वाभाविक गौरव प्राप्त है। जिस वक्त श्रीकांत आशंकित भविष्य लिए देशांश यात्रा पर दिल्ली की ओर मुखातिब थे। उस समय उसी उम्र के बहुतेरे नवयुवक अक्षांश यात्रा पर बंबई जाकर फिल्मों में अपना भाग्य आजमा रहे थे। श्रीकांत भाग्य नहीं अपने साथ अपना संभावित और परीक्षित कर्म का ताप ले गये थे।

श्रीकांत तो बहाना हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ के वर्तमान की संस्कृति-दृष्टि को खंगालने की जरूरत है। श्रीकांत वर्मा के नाम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में सृजनपीठ बनी। एक बहुचर्चित कुलपति ने उसे नष्ट कर दिया। उसे एक पद मानकर उस पर प्राध्यापक की नियुक्ति कर दी। बख्शी जी के नाम पर बनी सृजनपीठ में ऐसी नियुक्तियां हुई कि हंसना और रोना दोनों आया। एक विश्वविद्यालय से मानद सर्वोच्च उपाधि जिसे दी गई वह आईने के सामने खड़ा होने पर शरमाता होगा। छत्तीसगढ़ी अस्मिता का पुरस्कार ऐसों को दिया गया जिनका छत्तीसगढ़ की संस्कृति तो क्या भूगोल से भी लेना देना नहीं रहा। कनिष्ठ आई.ए.एस. ने वरिष्ठ आई.ए.एस. छत्तीसगढ़ में जन्मे ख्यातनाम लेखक को सांस्कृतिक सलाहकार बनाया। फिर सरकारी पद मानकर हटाया जाना बताया गया। घटिया रचनाओं के प्रकाशन के लिए शासकीय अनुदान पाने आवेदन पत्र रोजगार दफ्तर की शैली में मंगाए गए। अधकचरी समझ के राजनेताओं और नौकरशाहों के बंगलों में तथाकथित लेखक मंडली अपने मुंह मियांमिट्ठू बनती रही। बस्तर और सरगुजा की अप्रतिम आदिवासी संस्कृति तो नक्सलियों के हवाले हो गई है। वहां हर सरकारी विभाग के सबसे घटिया अफसर को काला पानी के नाम पर भेजा जाता है। हबीब तनवीर उन्हें परदेसी लगते रहे। हीरालाल शुक्ल, पूर्णचंद्र रथ, नवल शुक्ल, धनंजय वर्मा, मेहरुन्निसा परवेज वगैरह छत्तीसगढ़ के होने के बावजूद सरकारी आमंत्रणों के लायक नहीं रहे। शानी के लिए मध्यप्रदेश साहित्य परिषद में बहुत कुछ हुआ। मौजूदा मंत्रिपरिषद को शानी का पूरा नाम भी नहीं मालूम होगा। हरि ठाकुर घर को कबाड़ बनाकर छत्तीसगढ़ विषयक रचनाएं लिखते रहे। मुक्तिबोध का घर ढह गया और बख्शीजी का भी। प्रमोद



वर्मा प्रबल हस्ताक्षर थे। जगन्नाथ भानु का घर लोग ढूंढ़ते हैं। रचा होगा छंद और पिंगल। मौजूदा राजनेता जैसी भ्रष्ट भाषा और उच्चारण के सिर चढ़कर बोलते हैं, उनकी आत्मा को भी शांति नहीं होगी। 'छत्तीसगढ़ मित्र' के ऐतिहासिक संपादक माधवराव सप्रे की यादें सुरक्षित रखने का उत्तरदायित्व पौत्र अभय सप्रे और सुधीर शर्मा को उठाना पड़ा। बलदेव प्रसाद मिश्र के नाम पर अविभाजित मध्यप्रदेश में पुरस्कार है और मुक्तिबोध के नाम पर पीठ। श्रीकांत और अशोक वाजपेयी के कारण मुक्तिबोध के इलाज की सर्वोच्च स्तर पर व्यवस्था हो सकी। 'मैं कहती हूं गरीबी हटाओ, वो कहते हैं इंदिरा हटाओ' नारे के सर्जक श्रीकांत थे। कांग्रेस दफ्तर में जिन्हें श्रीकांत मूर्ख कहते, वे बाद में बड़े पदाधिकारी बने। राजसी संस्कारों के लिए संस्कृतिकर्मियों को दिहाड़ी मजदूरों की तरह फूहड़ मंत्रियों के सामने केवल नाचना गाना चाहिए। प्रदेश की कृषि-संस्कृति के परिपाक डॉक्टर रिछारिया का कोई नाम लेवा नहीं है। दक्षिण भारत से आए सपूतों ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा, कानून और राजनीति को नई ऊंचाइयां दीं। कुंद दिमागों के लिए वे परदेसी हैं, बाहरी हैं। व्यवस्था को महर्षि महेश योगी की याद में संस्कृतिकर्मी भाते हैं जो अर्थ-संस्कृति के विकास का परचम थामें।

संस्कृति उसे भी कहते हैं, जब सरकार आयोजित पुस्तक मेले में सर्वोच्च सत्ताधीश हस्ताक्षर करते अपनी किताबें बेचे। पहले से तयशुदा खड़े समर्थक, खरीदार, आकस्मिक दिखाई दें। प्रदेश के सबसे बड़े लेखक को साथ में खड़ा रखा जाए। यह जताने के लिए कि किताबें कैसे बिकती हैं। पाठ्यक्रम में तब्दीलियां की जाएं। स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों के लिए परिभाषा गढ़ी जाए उन्हें मरणोत्तर अधिवास का प्रमाणपत्र तब ही मिलेगा, जब वे उस छत्तीसगढ़ में मरे हों जो प्रदेश उनके मरने के दिन पैदा ही नहीं हुआ हो। अनापशनाप दौलत कमाते मंत्री उन पूर्वजों को संस्कृतिपुरुष सिद्ध करने का बीड़ा उठाये घूम रहे हों जो साहित्य और संस्कृति के ककहरे तक पर बात करने से परहेज करते रहे हों।

बात श्रीकांत वर्मा से शुरू हुई थी। श्रीकांत वर्मा को लेकर कोई वैचारिक स्थायी प्रकल्प सूझा नहीं है। मातृभूमि कलकत्ता के अतिरिक्त विवेकानन्द केवल रायपुर में दो वर्ष से ज़्यादा रहे थे। विवेकानंद प्रबुद्ध विश्व संस्थान जैसी दुर्लभ संस्था बनाने का मेरा प्रस्ताव सरकार के धूलखाने में 2006 से पड़ा है। कोई समझदार होता तो प्रयोजन नहीं गंवाता। श्रीकांत वर्मा के नाम पर बिलासपुर में सड़क बनी है। वह शिक्षा क्षेत्र को व्यापार विहार से जोड़ती है। पूर्व से चलकर पश्चिम तक जाती है। चौराहे पर दीनदयाल उपाध्याय को खड़ा किया गया। श्रीकांत वर्मा ऐसे यात्री थे जिनसे सहमत होना बौद्धिक होने के बाद ही संभव है। उनसे असहमत होने में पसीना आ जाता था। उनकी उपेक्षा करने से व्यवस्था को सुकून मिलता है। व्यवस्था वही है जो अपने सुकून की फिक्र करे। श्रीकांत तो एक बहाना हैं। हर बहाना श्रीकांत नहीं हैं। वह तो सरकार है।

भोपाल के पत्रकार चुन चुनकर छत्तीसगढ़ से पुरानी पांडुलिपियां, दुर्लभ पत्र पत्रिकाएं और अन्य स्मृतिचिन्ह इस आधार पर ले गए कि छत्तीसगढ़ के अशेष हस्ताक्षर पंडित माधव राव सप्रे की स्मृति में वे एक दुर्लभ संग्रहालय बनाएंगे। तब मध्यप्रदेश अविभाजित था। संग्रहालय अथवा इसका अंश छत्तीसगढ़ लाना तो दूर, संग्रहालय इस दुर्लभ सामग्री की फोटो प्रतियां तक उनको आसानी से नहीं देता जिनसे सामग्री वसूली है। छत्तीसगढ़ के दुर्लभ शिलालेख और मूर्तियां अधिकतर प्रदेश के बाहर के संग्रहालयों में हैं। उन्हें वापस लाने की सरकार को चिंता नहीं है। जिस तरह मान लिया गया है कि कोहिनूर हीरा इंग्लैंड का ही है। यह भी शायद है कि बस्तर के कोर्ट ऑफ वाड्र्स के कुछ भवन और भूमियां मुम्बई के कफ परेड इलाके में उपलब्ध हैं। उनका मूल्यांकन करोड़ों रुपये में हो सकता है। छत्तीसगढ़ तो स्टेडियम है। गैलरी में बैठे जनदर्शक कभी रुक रुककर तालियां बजाते हैं। तो कभी रुक रुककर ''बोर हो गए यार'' जैसी फब्तियां भी कसते जाते हैं।

## मन को स्थिर करती है पूर्णता



संकलित

दर्शन

तुम्हारी आत्मा में ब्रह्मांड व्याप्त है। अपने शरीर का सम्मान करो और संसार का परित्याग करके उसका आनंद लो। संसार को पकड़े रहने की तुम्हारी उत्तेजना जीवन में दुःख देती है और परित्याग आत्मा का संरक्षण है। सुखकर और असुखकर घटनाएं दिखने में तुम्हें अलग-अलग लगें, लेकिन वे एक ही दिव्यता से बनी हैं। संसार जो हम देखते हैं, ये संपूर्णता का एक छोटा सा अंश है। संपूर्णता एक शून्य जैसी है, परिपक्व और पूर्ण। शून्य के ज्ञान के अभाव में कोई भी सभ्यता पनप नहीं सकती। दुनिया एक पूर्णता से दूसरी पूर्णता की ओर बढ़ रही है। पूर्णता मन को स्थिर करती है जिससे आप आत्म चिंतन कर सको और इस तरह मन को अंतरस्थ करने को अध्यात्म कहते हैं। ईश दैवत्व सारे ब्रह्मांड में व्याप्त है और इसे एक ऊर्जा के स्वरूप में संबोधित किया जाता है, व्यक्ति के रूप में नहीं। सब कुछ इसी एक चेतना में व्याप्त है, जागो और देखो सारा ब्रह्मांड अनंत है और तुम्हारे भीतर का आंतरिक अवकाश इस ब्रह्मांड के जितना ही संपूर्ण है। अपना कार्य करते रहो और परित्याग करते रहो।

## जीवन में दुखों का कारण



संकलित

प्रेरणा

अज्ञान के कारण भूलें भी अनेक प्रकार की होती हैं। कई बार हमें जीवन में इतनी तकलीफ और कष्टों का सामना करना पड़ता है कि हम समझ नहीं पाते हैं कि आखिर यह सब क्यों हो रहा है और इन सबसे कैसे निपटा जाए। समस्त दुःखों का कारण है, अज्ञान, अशक्ति व अभाव। जो व्यक्ति इन तीनों कारणों को जिस सीमा तक अपने से दूर करने में समर्थ होगा, वह व्यक्ति उतना ही सुखी बन सकेगा। अज्ञान के कारण मनुष्य का दृष्टिकोण दूषित हो जाता है। वह तत्त्वज्ञान से अपरिचित होने के कारण उल्टा-सीधा सोचता और करता है। तदुनुरूप उलझनों में फंसता जाता है और हमेशा दुःखी बनता है। स्वार्थ, लोभ, अहंकार और क्रोध की भावनाएं मनुष्य को कर्त्तव्यच्युत करती हैं और वह दूरदर्शिता को छोड़कर क्षणिक लाभ वाली बातें ही सोचता है तथा वैसे ही करता है। फलस्वरूप उसके विचार और कार्य पापमय होने लगते हैं, जिन्हें वह अपनी रूह में महसूस नहीं कर पाता और लगातार करता ही जाता है। पापों का निश्चित परिणाम दुःख ही है और इससे कोई बच भी नहीं सकता। अज्ञान के कारण वह अपने और दूसरी सांसारिक गतिविधियों के मूल हेतुओं को नहीं समझ पाता और असंभव आशाएं रखता है। इस उल्टे दृष्टिकोण के कारण साधारण सी बातें उसे बड़ी दुःखमय दिखाई देती हैं, जिसके कारण वह रोता-चिल्लाता रहता है।

## संगोष्ठी



वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस शुक्रवार को 'सोमोस कम्युनिटी केयर' द्वारा प्रचारित संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आए प्रतिभागियों से मिलते हुए।

## आज की पाती


### साइबर क्राइम की बढ़ती संभावना

तेजी से डिजिटल होती जा रही हमारी इस दुनिया में साइबर क्राइम की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। आए दिन ऐसी कई घटनाएं सुनाई देती रहती हैं। ऐसे में आने वाली बाधाओं से निपटना भी उतना ही जरूरी है। डिजिटलाइजेशन की राह में सबसे बड़ी चुनौती साइबर क्राइम की ही है। उसके जरिए न केवल लोगों के बैंक खातों को सेंध लगाई जा रही है, बल्कि उनकी निजी सूचनाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है। आपको पता ही है पूर्व में ट्राई प्रमुख के आधार कार्ड के जरिए निजी जानकारी सार्वजनिक किए जाने का मामला खबरों में खूब चर्चित रहा।

-जन्मेजय वासु

## ट्रेंड

### मोदी ने बदली राजनीति



राजनीति मेवा खाने, सत्ता की बंदरबांट करने, परिवार को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार करने की जगह थी, लेकिन मोदी जी ने देश की संस्कृति बदल दी है। मेवा खाने दूंगा नहीं, लोगों की सेवा से पीछे हटूंगा नहीं, इस बात को मोदी जी ने साकार किया है। -जेपी नड्डा

### पर्यावरण की चिंता



यह बिल्कुल सही है कि छात्रों और युवा पीढ़ी को जलवायु संकट और पर्यावरण के प्रभाव के बारे में गंभीर चिंता होनी चाहिए। वे भविष्य के बारे में बहुत यथार्थवादी हो रहे हैं। हमें वैज्ञानिकों की सुनने की जरुरत है। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। -दलाई लामा

### पूरी टीम को बधाई



सोनी टेलिविज़न द्वारा एक उत्सव के रूप में आने के लिए एक आमंत्रण के साथ दिन समाप्त होता है। एक सफल उत्सव। सोनी इस सप्ताह नंबर वन चैनल बन गया है और केबीसी गैर फिक्शन अनुभाग में नंबर वन कार्यक्रम। पूरी टीम को मेरी बधाई। -अमिताभ बच्चन

### सबका धन्यवाद



आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद। मैं अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं। जो आप सबने मुझे प्यार और समर्थन दिया है। इस उपलब्धि का हक़दार हर वो इंसान है जिसने इस सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान दिया है, जय हिंद। -बजरंग पुनिया

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# पाक से भागकर महिला कार्यकर्ता पहुंची अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान की प्रमुख महिला कार्यकर्ता और कथित राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए देशद्रोह के आरोप का सामना कर रहीं गुलालई इस्माइल भागकर अमेरिका पहुंच गई हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने अमेरिका में राजनीतिक शरण की मांग की है। न्यूयॉर्क टाइम्स में गुरुवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) ने 32 वर्षीय गुलालई का नाम निकास नियंत्रण सूची (ईसीएल) में शामिल करने की सिफारिश की थी लेकिन वह पिछले महीने पाकिस्तान से भागने में कामयाब रहीं और अभी अपनी बहन के साथ ब्रुकलिन में रह रही हैं। इस साल मई महीने से ही फरार गुलालई ने यह नहीं बताया कि वह कैसे पाकिस्तान से भागने में कामयाब हुईं। रिपोर्ट में गुलालई के साक्षात्कार को उद्धृत किया गया, 'मैंने किसी हवाईअड्डे से उड़ान नहीं भरी, लेकिन मैं इससे ज्यादा आपको कुछ नहीं बता सकती। देश से भागने की कहानी बताने पर कई लोगों की जान खतरे में पड़ जाएगी।' पिछले साल नवंबर में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) को सूचना दी गई थी कि आईएसआई ने विदेश में कथित देश विरोधी गतिविधियों के कारण गुलालई का नाम ईसीएल में डालने की सिफारिश की है।

## ऑफ बीट

# इजराइल में मिला 1500 साल पुराना यीशु का चित्र



**नईदिल्ली।** गलील के सागर के पास स्थित पौराणिक शहर की खुदाई के दौरान 1500 साल पुराना यीशु का चित्र मिला है जिसे मौजेक पेंटिंग कहते हैं। इस चित्र में यीशु पांच हजार लोगों को पांच ब्रेड खिलाते हुए दिख रहे हैं। उत्तरी इजरायल के हिप्पोस में खुदाई के दौरान एक जला हुआ चर्च मिला है, जिससे सभी पुरातत्वविदों उत्साहित है। यह चर्च पांचवीं सदी का है। इसे 700 ईसवीं में जला दिया गया था, लेकिन इस आग में इसके मौजेक से जड़ित जमीन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हिप्पोस पहले ग्रेको रोमन सिटी का हिस्सा हुआ करती थी। जमीन पर बनी इस मौजेक पेंटिंग में न्यू टेस्टामेंट में बताये गए यीशु के एक चमत्कार को दिखाया गया है जहां यीशु ने पांच ब्रेड और दो मछलियों से ही 5,000 लोगों को खाना खिला दिया था। यूनिवर्सिटी ऑफ हाइफा ने इस जले हुए चर्च की खोज 2005 में ही कर ली थी, लेकिन इसके खुदाई इसी साल शुरू हो पाई। प्रमुख पुरातत्विद् डॉ. माइकल इसेबर्ग ने कहा, मौजेक में मौजूद ब्रेड और मछली के कई तरह के विवरण हो सकते हैं, लेकिन आप न्यू टेस्टामेंट से इसकी समानता को नहीं नकार सकते। गौरतलब है, हाल ही में बीबीसी पर एक रिपोर्ट छपी थी उसके अनुसार यीशु का जन्म कब हुआ, इसे लेकर एकराय नहीं है।

## खबर संक्षेप

### कमल हासन ने युवती की मौत के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**चेन्नई।** मक्कल निधी मय्यम (एमएनएम) संस्थापक कमल हासन ने चेन्नई में एक सड़क दुर्घटना में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती की मौत के लिए 'सरकार की लापरवाही' और आधे-अधूरे काम करने वाले नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। आर शुभाश्री नामक युवती सड़क पर एक होर्डिंग के गिरने की वजह से दोपहिया वाहन से नियंत्रण खो बैठी और सड़क पर गिर गई। पीछे से आ रहे एक पानी वाले टैंकर की चपेट में आ गई। इस घटना पर लोगों ने गुस्सा जाहिर किया है।

### मुंबई में गैस लीक के स्रोत का नहीं चला पता

**मुंबई।** मुंबई के पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों में गंध की शिकायत मिलने के एक दिन बाद भी इसके स्रोत का पता नहीं लगा, लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह गंध एक रासायनिक उर्वरक संयंत्र में गैस के रिसाव की वजह से फैल रही है। नगर निकाय के सूत्रों ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई है। शहर के कई क्षेत्रों से 'गैस लीक' की शिकायतों के बाद गंध के स्रोत का पता लगाने के लिए खोजबीन शुरू की गई थी। मुंबई के पश्चिमी और पूर्वी उपनगरीय क्षेत्रों के अनेक लोगों ने गुरुवार देर रात अज्ञात गंध की शिकायत की थी।

### टिड्डी दल का राजस्थान पर हमला,पंजाब व गुजरात को किया गया सावधान

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** तकरीबन एक दशक बाद फसलों की सबसे बड़ी दुश्मन सेना के रूप में कुख्यात टिड्डी दलों ने राजस्थान में हमला कर दिया है। हालांकि अभी किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। केंद्र ने हमले की आशंका के मद्देनजर पंजाब व गुजरात को भी सतर्क रहने के लिए कह दिया है। कृषि राज्यमंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने शुक्रवार को राजधानी में कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2019 को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि खतरनाक टिड्डी दलों को राजस्थान में बाड़मेर के नजदीक देखा गया है। सरकार की तरफ से उस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। केंद्र सरकार हालात के मद्देनजर राज्य सरकार के साथ मिलकर सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रही है।

### अयोध्या मामला: सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा

# मस्जिद बाबर ने बनवाई, विवादित ढांचे की शिलाओं पर अल्लाह लिखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर बाबरी मस्जिद जमीन विवाद मामले की सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्षकार के वकील ने कहा कि 1985 में न्यास बनाया गया और देश भर में कार सेवकों द्वारा आंदोलन चलाया गया और विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन को संगठित कर गति दी और फिर देश भर में माहौल बनाया गया और 1992 में बाबरी मस्जिद को गिराया गया ताकि हकीकत को मिटाया जा सके और मंदिर बनाया जा सके। सुप्रीम कोर्ट में 28 वें दिन संवैधानिक बेंच के सामने मामले की सुनवाई हुई। अगली सुनवाई सोमवार को होगी। बाबरी वकील महोदय यह बताये कि पूरे भारत को छोड़ कर बाबर ने अयोध्या में उस स्थान पर ही मस्जिद क्यों बनवाई? खुदाई में मस्जिद के नीचे मंदिर के अवशेष मिले हैं। मुस्लिम पक्षकार के वकील राजीव धवन ने कहा बाबरनामा में इस बात का जिक्र है कि बाबरी मस्जिद बाबर ने बनवाई थी और अभिलेखों से साफ है कि मस्जिद बाबर ने बनवाई थी। हिंदू पक्षकारों ने सिर्फ गजेटियर्स का हवाला दिया था और अभिलेखों को छोड़ दिया था।

- 1985 में न्यास बनाया गया और देश भर में कार सेवकों द्वारा आंदोलन चलाया गया
- हिंदू पक्ष की कोशिश है कि हमें जमीन से बाहर कर दिया जाए
- हिंदू पक्षकारों ने सिर्फ गजेटियर्स का हवाला दिया था, अभिलेखों को छोड़ दिया था



### राम मंदिर पर प्रधानमंत्री के बयान पर उद्धव ने कहा : मैं किसी बयानबाजी में शामिल नहीं हूं

**मुंबई।** राम मंदिर पर 'बड़बोलों' को बयान देने से परहेज करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के एक दिन बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि इस मुद्दे पर उनकी पार्टी का रुख हिंदुओं की भावनाओं को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को नासिक में एक रैली में कहा था कि मैं राम मंदिर मुद्दे पर बयान बहादुरों और बड़बोलों को देखकर हैरान हूं। देश में हर किसी को उच्चतम न्यायालय का सम्मान करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय इस मामले की सुनवाई कर रहा है। मैं हाथ जोड़कर इन लोगों से कहना चाहता हूं कि न्यायिक प्रणाली में विश्वास रखें। मोदी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर भाजपा के सहयोगी ठाकरे ने कहा कि वह (मोदी) किनका जिक्र कर रहे हैं। मैं बयानबाजी नहीं कर रहा हूं। मैं सिर्फ हिंदुओं की भावनाओं को प्रदर्शित कर रहा हूं। मोदी ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन मीडिया के एक हिस्से ने दावा किया कि यह बयान सहयोगी शिवसेना के लिए था जो अक्सर अयोध्या मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाती रही है।

### मामले पर कोर्ट सोमवार से एक घंटा अतिरिक्त सुनवाई करेगा

*नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में सोमवार से रोजाना एक घंटा अतिरिक्त सुनवाई करने का निर्णय किया है। एक घंटे का समय इसलिए बढ़ाया गया है ताकि अयोध्या मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी की जा सके। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदसयीय संविधान पीठ ने इस विवाद के दोनों पक्षों के वकीलों से कहा कि उसने सामान्य प्रक्रिया के तहत शाम चार बजे की बजाये रोजाना पांच बजे उठने का निर्णय लिया है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। संविधान पीठ अयोध्या में विवादित 2.77 एकड़ भूमि सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला के बीच बराबर बराबर बांटने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर छह अगस्त से रोजाना सुनवाई कर रही है।*

### रोहित वेमुला और पायल तडवी की माताओं ने डाली थी याचिका

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- दोनों ने ही कथित रूप से जाति आधारित भेदभाव की वजह से आत्महत्या कर ली थी

उच्चतम न्यायालय ने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थाओं में जातीय दुराग्रह खत्म करने के लिये रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं की याचिका पर शुक्रवार को केन्द्र को नोटिस जारी किया। रोहित वेमुला और पायल तड़वी दोनों ने ही कथित रूप से जाति आधारित भेदभाव की वजह से आत्महत्या कर ली थी। हैदराबाद सेन्ट्रल विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे रोहित वेमुला ने कथित रूप से जातीय दुराग्रह की वजह से 17 जनवरी, 2016 को आत्महत्या कर ली थी, जबकि टीएन टोपीवाला नेशनल मेडिकल कालेज की आदिवासी छात्रा पायल तड़वी ने संस्थान के तीन डाक्टरों द्वारा कथित रूप से जाति आधारित भेदभाव किए जाने की वजह से इस साल 22 मई को आत्महत्या कर ली थी। न्यायमूर्ति एन वी रमण और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने इस याचिका पर नोटिस जारी किया और केन्द्र को चार सप्ताह के भीतर इसका जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### मौलिक अधिकारों को अमल में लाने का भी किया अनुरोध

वेमुला और तड़वी की मांओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम हैं लेकिन उन्हें लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसरों में आत्महत्या की घटनाओं के लिखित प्रमाण मिलते हैं। याचिकाकर्ताओं ने समता का अधिकार, जातिगत भेदभाव पर रोक का अधिकार और जीवन का अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों को अमल में लाने का भी अनुरोध किया है। इस याचिका में कहा गया है कि देश भर में उच्च शिक्षण संस्थाओं में बड़े पैमाने पर जाति आधारित भेदभाव होता है और इसी से पता चलता है कि इनमें मौजूदा मानदंडों और नियमों का पालन नहीं होता है।

## गठबंधन पर छाया संकट टला, शिवसेना हुई 126 सीटों पर राजी!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तमाम तल्ख बयानों के बावजूद महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना के बीच मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने की सहमति बन जाने की खबर है। सूबे मे कभी बड़े भाई की भूमिका रही शिवसेना ने लंबी जद्दोजहद के बाद छोटे भाई की भूमिका में रहना स्वीकार कर लिया है। हालांकि इसका अभी आधिकारिक एलान होना बाकी है। सूत्रों के अनुसार,महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से आधी यानि 144 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए भाजपा से झगड़ रही शिवसेना ने सूबे के राजनीतिक माहौल को भांपते हुए अब अपना पैर पीछे खींच लिया है और 126 सीटों पर संतोष करते हुए भाजपा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने पर रजामंद हो गई है।





### अकेले 100 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है एमएनएस पार्टी

राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ सकती है। शुक्रवार को एमएनएस की हुई बैठक में राज ठाकरे ने पार्टी नेताओं से चुनाव लड़ने की तैयारी करने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक राज ठाकरे की पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. पिछले कुछ दिनों से इसपर सस्पेंस बना हुआ था कि राज ठाकरे की पार्टी चुनाव लड़ेगी या नहीं।

### देश में उद्योग सेक्टर को मजबूत करेगा एमएसएमई

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय पांच साल में पांच करोड़ रोजगार सृजन करने की दिशा में उद्योग क्षेत्र को मजबूत करने लिए काम करेगा, जिसके लिए विभिन्न योजनाओं को देशभर में कार्यान्वित करके कारोबारियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उनका मंत्रालय आने वाले पांच साल में 5 करोड़ रोजगार के सृजन के लिए उद्योग सेक्टर को मजबूत करने की नीति पर काम करेगा। इस नीति से देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस मंत्रालय की हिस्सेदारी भी मौजूदा 29 फीसदी से बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगी।

### विरोध...



नई दिल्ली। कांग्रेस की युवा इकाई ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती और बेरोजगारी की स्थिति को लेकर शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आवास के निकट विरोध प्रदर्शन किया।

### तमिलनाडु राज्य क्रिकेट संघ को पदाधिकारियों के लिए चुनाव कराने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु राज्य क्रिकेट संघ को पदाधिकारियों के चयन के लिए चुनाव कराने की अनुमति दे दी लेकिन उसने कहा कि इसके परिणाम न्यायालय के फैसले के दायरे में होंगे। न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एन नागेश्वर राव की पीठ ने कहा कि राज्य क्रिकेट संघ चुनाव करा सकता है लेकिन वह परिणाम घोषित नहीं करेगा। परिणाम की घोषणा इस न्यायालय के आदेश के दायरे में आएगी और पक्षकार कानूनी मदद ले सकेंगे। राज्य क्रिकेट संघ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि संघ को कम से कम चुनाव कराने की अनुमति दी जाए जिसके बाद न्यायालय ने ये निर्देश दिए। हालांकि बीसीसीआई के प्रशासकों की समिति के वकील ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु क्रिकेट संघ उन कुछ अन्य संघों में शामिल है जिन्होंने बीसीसीआई के संविधान का पालन नहीं किया।

### रंग-बिरंगे छाते...



चेन्नई में शुक्रवार को सड़क के किनारे रंग-बिरंगे छाते बेचता हुआ दुकानदार। फोटो : एजेंसी

### धनशोधन देश की एकता के लिए गंभीर खतरा है: कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि धनशोधन (मनीलॉन्डरिंग) न सिर्फ वित्तीय व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए भी खतरा है। इसके साथ ही अदालत ने एक व्यक्ति को बाघ के अंगों की तस्करी के जुर्म में चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश संतोष स्नेही मान ने सूरजभान को धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा तीन और चार के तहत धनशोधन का जुर्म करने के लिए सजा सुनाई और 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि धनशोधन न सिर्फ वित्तीय व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए भी खतरा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की पहल के अनुसार ही धनशोधन रोकथाम अधिनियम को लागू किया गया है, ताकि अपराध के चलते उपजे धनशोधन की चुनौतियों का मुकाबला किया जा सके। बाघ के अंगों की तस्करी के आरोप में सात सितंबर 2013 को तीन लोगों- सूरजपाल, सूरजभान और नरेश को गिरफ्तार किया गया था।



### शिवकुमार ने मांगी बयानों की प्रति, अदालत 26 सितंबर को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक के कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार की अपने बयानों की प्रति मांगने संबंधी याचिका पर वह 26 सितंबर को सुनवाई करेगा। धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने शिवकुमार के जो बयान दर्ज किए हैं, वह उन्हीं की प्रति की मांग कर रहे हैं। शिवकुमार के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि जिन वरिष्ठ अधिवक्ता को मामले पर दलीलें देनी थी वह नहीं आ पाए हैं। इसके बाद न्यायमूर्ति ब्रजेश सेठी ने मामले की अगली तारीख दे दी। शिवकुमार को प्रवर्तन निदेशालय ने तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था। उनके बयान प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज करवाए थे। शिवकुमार ने इसकी लिखित प्रति मांगी है। उन्होंने अदालत से यह भी कहा है कि जांच एजेंसी को उनके खिलाफ पीएमएलए के प्रावधान लागू करने का कोई अधिकार नहीं है। कनकपुर से विधायक शिवकुमार एक अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में हैं और उनकी जमानत याचिका एक निचली अदालत में लंबित है। उच्च अदालत में पेश याचिका में उन्होंने दावा किया है कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत ईडी के निदेशक ही बयान दर्ज करवा सकते हैं जबकि शिवकुमार के मामले में बयान किसी अन्य अधिकारी ने दर्ज करवाए हैं।

- शिवकुमार को ईडी ने तीन सितंबर को किया था गिरफ्तार

### राजीव कुमार ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की

**कोलकाता।** कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को अलीपुर जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। एक दिन पहले महानगर की एक अदालत ने कहा था कि सारदा चिटफंड घोटाला मामले में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई को वारंट की जरूरत नहीं है। कुमार के वकील गोपाल हालदर ने कहा कि याचिका पर शनिवार को अलीपुर जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनवाई हो सकती है। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को अलीपुर की अदालत में अतिरिक्त एसीजेएम के समक्ष याचिका दायर कर कुमार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग की थी।

#### राजीव नहीं पहुंचे सीबीआई कार्यालय

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शुक्रवार को भी सीबीआई कार्यालय नहीं पहुंचे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक दिन पहले ही उनके खिलाफ ताजा नोटिस जारी किया था और सारदा चिट फंड मामले में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त कुमार पर आरोप है।

### एनआरसी मामले में 12 घंटे का बंद

## असम के कुछ हिस्सों में जनजीवन प्रभावित

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण से एक देशज समूह के लोगों को बाहर रखे जाने का विरोध करते हुए असम में एक छात्र संगठन ने 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है, जिससे शुक्रवार को राज्य के कुछ हिस्सों में जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। असम के लिए 31 अगस्त को प्रकाशित राष्ट्रीय नागरिक पंजी को 'त्रुटिपूर्ण' करार देते हुए 'ऑल कोच राजबोंगशी स्टूडेंट यूनियन' (एकेआरएसयू) ने मांग की कि समुदाय के जिन लोगों को राष्ट्रीय नागरिक पंजी से बाहर रखा गया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से इसमें शामिल किया जाए। प्रदर्शनकारियों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि एकेआरएसयू नागरिक पंजीकरण को कतई स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि यह 'त्रुटिपूर्ण' है।



### शाहनवाज ने एनआरसी का बचाव करते हुए कहा, भारत कोई धर्मशाला नहीं है



**मधेपुरा (बिहार)।** राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने शुक्रवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। अभी तक राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) सिर्फ असम में प्रकाशित हुई है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे पूरे देश में लागू करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत देश के मूल नागरिकों की पहचान कर उन्हें एनआरसी में शामिल किया जाता है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि 'दुनिया के सभी हिस्सों से आने वाले लोगों का भारत में स्वागत होगा, अगर वे वैध पासपोर्ट और वीजा के साथ आएंगे।

### कई राज्यों में बाढ़ से तबाही, फसलों और संपत्ति का हुआ नुकसान

## यूपी और बिहार के कई जिले में हालात बेकाबू, म.प्र. में अब तक 225 की मौत

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में बाढ़ ने तबाही मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बड़े पैमाने पर फसलों और संपत्ति को नुकसान हुआ है। राहत और बचाव के कार्य में एनडीआरएफ व सेना की भी मदद लेनी पड़ रही है। मध्य प्रदेश के अधिकतम जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण बाढ़ के हालात बन गए हैं। यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियां उफ़ान पर हैं। बिहार में गंगा सहित कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद पटना के कई इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।



#### मध्य प्रदेश में करोड़ों की फसल बर्बाद


मध्य प्रदेश में अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण राज्य में अब तक 225 लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की तरफ जारी बयान के अनुसार, प्रदेश के 52 में से 36 जिलों में भारी नुकसान हुआ है। अति वर्षा से लगभग 24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 22 लाख किसानों की 9 हजार 600 करोड़ रुपये की खरीफ फसल प्रभावित हुई है।

#### उत्तर प्रदेश में हालत बेहद खराब

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में बाढ़ के हालत विकट हो गए हैं। पूर्वांचल के ज्यादातर बड़े जिले बाढ़ में डूबे हुए हैं। वाराणसी से लेकर प्रयागराज तक पानी ही पानी है। गांव टापू बन गए हैं। सड़क पर नावें चलने लगीं हैं। हालात की गंभीरता ऐसी है कि हफ्ते में दूसरी बार सीएम योगी आदित्यनाथ को बाढ़ की आपदा का जायजा लेने के लिए निकलना पड़ा है। 17 सितंबर को भी योगी ने बलिया के हालात का जायजा लिया था। आज भी योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई दौरा किया है। वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान से 34 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

#### बिहार की कई नदियां उफान पर

बिहार में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति बन गई है। गंगा सहित कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद पटना के कई इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पटना में गंगा नदी अपने किनारों को छोडकर गांवों की ओर बढ़ रही है। शुक्रवार को भी गंगा, गंडक और बागमती कई क्षेत्रों में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।



## मनोज के जबरदस्त फैन पंकज

**मुंबई।** पंकज त्रिपाठी और मनोज वाजपेयी इस वीकेंड में द कपिल शर्मा शो में नजर आएंगे. यहां दोनों एक्टर ने अपने जीवन से जुड़ी कुछ कहानियां बताईं। मनोज वाजपेयी ने बताया कि पंकज त्रिपाठी ने उनके चप्पल ले लिए थे। दरअसल, पटना में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान मनोज चप्पल होटल के कमरे में भूल गए थे। उसे पंकज ने रखा था। ये कहानी बताते हुए पंकज त्रिपाठी भावुक हो गए। पंकज त्रिपाठी ने कपिल शर्मा शो का प्रोमो अपने ट्विटर पर शेयर किया है। इस प्रोमो को शेयर करते हुए पंकज त्रिपाठी ने लिखा, जिंदगी बहुत सारे उपहार रखती है मनोज भईया। एकलव्य की तरह अगर मैं खड़ाऊं में अपना पैर डाल लूंगा। मनोज वाजपेयी ने पंकज त्रिपाठी का जवाब दिया है, उन्होंने लिखा, पंकज जी, आपकी सफलता और विनम्रता हमें बहुत कुछ सिखा जाती है। सदैव प्रसन्न रहें और चमकते रहें।

लाइफ Style

# दीपिका
## सवालों की बौछार

एजेंसी ▶▶| मुंबई


बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण आईफा अवॉर्ड्स 2019 में अपने पर्पल लुक को लेकर चर्चा में रहीं. दीपिका और रणवीर दोनों का एक्सपेरिमेंटल लुक फैंस को काफी पसंद आया। अपने ग्लैमरस लुक की तस्वीरें दीपिका पादुकोण ने इंस्टा पर शेयर की हैं।

जहां दीपिका की एक तस्वीर को देख फैंस उनके प्रेग्नेंट होने के कयास लगा रहे हैं। इस तस्वीर में दीपिका जिस पोज में खड़ी हैं उनका टमी दिख रहा है। बस फिर क्या था, दीपिका की प्रेग्नेंसी को लेकर फैंस के सवालों की बौछार शुरू हो गई। एक यूजर ने लिखा- दीपू पेट से है। दूसरे यूजर ने लिखा- क्या दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं? एक शख्स ने कमेंट करते हुए लिखा- रुको क्या ये दीपिका पादुकोण का बेबी बंप है। फैंस की ये अटकलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ लोग दीपिका को प्रेग्नेंसी की बधाई तक दे रहे हैं। अब दीपिका पादुकोण सच में प्रेग्नेंट हैं या फिर पोज की वजह से ऐसा लग रहा है, ये तो एक्ट्रेस ही बेहतर जानती होंगी। इससे पहले भी दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी की खबरें सामने आई थीं। लेकिन ये सभी कयास गलत साबित हुए। दीपिका पादुकोण इन दिनों अपने वर्क कमिटमेंट को लेकर बिजी हैं। पिछले साल एक्ट्रेस की रणवीर सिंह से शादी हुई है। शादी के बाद दीपिका की पहली फिल्म छपाक अगले साल रिलीज होगी। इसका निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। ये फिल्म एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में दीपिका के साथ विक्रांत मैसी भी नजर आएंगे।



हॉलीवुड मसाला

## कारा ने किया नया खुलासा



**लॉस एंजलिस।** समलैंगिक होने का खुलासा करने वाली मॉडल-एक्ट्रेस कारा डेलेविन इन दिनों चर्चा में हैं। कारा ने एक साथ कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हॉलीवुड प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन को लेकर कहा है कि प्रोड्यूसर ने उन्हें कहा था कि वह एक समलैंगिक महिला के तौर पर कभी इंडस्ट्री में अपना मुकाम नहीं बना पाएंगी। कारा ने आगे बताया कि वीनस्टीन ने जानी-मानी महिलाओं का नाम लेकर उनसे पूछा था कि क्या वह इन महिलाओं के साथ सो चुकी हैं।



## ब्रिटनी के पिता को राहत

**लॉस एंजलिस।** पिछले कुछ वक्त से पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स सुर्खियों में बनी हुई हैं। बीते दिनों ब्रिटनी ने एक्स हसबैंड केविन फेडरलाइन ने ब्रिटनी के पिता जेमी स्पीयर्स पर बेटे के साथ शोषण का आरोप लगाया। मामला कोर्ट तक पहुंचा लेकिन फैसला ब्रिटनी स्पीयर्स के पिता के पक्ष में आया है। अदालत ने मंगलवार को घोषणा की, सबूतों की समीक्षा करने के बाद, उनके पास इस बात के अपर्याप्त प्रमाण हैं कि स्पीयर्स द्वारा अपराध किया गया था।' कोर्ट ने ब्रिटनी स्पीयर्स के पिता को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। दरअसल ब्रिटनी के एक्स हसबैंड केविन फेडरलाइन ने ब्रिटनी के पिता जेमी स्पीयर्स पर उनके 13 साल के बेटे के साथ शोषण का आरोप लगाया था। केविन ने कहा था कि जेमी ने उनके और ब्रिटनी के 13 वर्षीय बेटे सीन प्रेस्टन के साथ मारपीट की। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीन और जेमी में किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई थी। जिसके बाद जेमी ने सीन के साथ मारपीट की।



## 'थलाइवी' में कंगना का स्पेशल मेकअप

**मुंबई।** कंगना रनौत अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जी-जान से जुटी हैं, जो तमिलनाडु की एक्स सीएम दिवंगत सीएम जयललिता की बायॉपिक है। फिल्म का टाइटल 'थलाइवी' है, जिसे लेकर शुरुआत से ही काफी चर्चा है। अब कंगना की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें वह अपने किरदार के लिए प्रोस्थेटिक मेकअप करवाती दिख रही हैं। इस फिल्म में कंगना जयललिता का किरदार निभाती दिखेंगी और अपने इस किरदार के लिए वह क्या कुछ करने को तैयार हैं इसी का एक नजारा यहां हम आपको दिखाने जा रहे हैं। कंगना इस फिल्म में जयललिता के किरदार में ढलने के लिए लॉस ऐंजिलिस पहुंची हैं। हमारे पास कुछ ऐसी तस्वीरें आई हैं, जिसमें कंगना अपने इस कैरक्टर के लिए प्रोस्थेटिक मेकअप का सहारा लेती दिख रही हैं।



## औरंगजेब का किरदार निभाएंगे विक्की

**मुंबई।** एक टीवी शो में एक्टर विक्की कौशल ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स तख्त के बारे में बात की। विक्की कौशल ने तख्त में रणवीर सिंह संग स्क्रीन शेयर करने की एक्साइटमेंट के बारे में बताया। विक्की कौशल रणवीर सिंह संग काम करने के लिए एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा- तख्त की स्क्रिप्ट तैयार है। कॉस्ट्यूम, स्टारकास्ट, लोकेशन सब कुछ बिग है। तख्त की मेरी वर्कशॉप शुरू हो गई है। बता दें, तख्त में विक्की कौशल औरंगजेब का रोल निभा रहे हैं। जब विक्की से पूछा गया कि फिल्म में रणवीर सिंह भी लीड रोल में हैं। खबरें थीं कि आपका रोल कम था, रणवीर जितना मजबूत दिखाने के लिए आपके रोल को फिर से लिखा गया। जवाब में विक्की कौशल ने कहा- मैं अपने रोल के साथ ईमानदार रहूंगा। लेंथ और पार्ट से मुझे फर्क नहीं पड़ता।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा (गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

**टॉवर**

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

☞ निर्देश किसी भी फाइनेंस/टॉवर कम्पनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो तुरंत संपर्क करें 75798-52682 सभी कम्पनी के 4G टॉवर लगवायें 94110-21070

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नौकरी**

☞ B.B.B.P.Y SMS JOB कम्पनी में लड़के-लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड कर्मचारी घर बैठे पार्ट/फुलटाईम SMS भेज कर कमाएं 15000 से 45000 महीना मोबाईल + लैपटॉप+ बाइक फ्री 72569-37167, 91357-58262

**लोन**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**फायनेंस**

☞ MAHINDRA FINANCE लोन योजना एवं जनकल्याण अन्तर्गत 50,000-9500000 मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड एवं सभी प्रकार के लोन पाएं 2% ब्याज 50% सब्सिडी महिला ग्रुप लोन उपलब्ध 94560-39267

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता**

☞ होटल, लॉज, रेस्टोरेंट में महिला / पुरुष, वेटर, रिसेप्शन, सफाई, कुक, कीचन कर्मचारी रहना खाना फ्री। पता- होटल अपना केशरी लॉज एंड होटल शिवप्रभा इन पावर हाऊस, भिलाई (छ.ग.) मो. 98932-15251, 89669-81590

**टावर**

☞ SINGHANIYA GROUP को खाली जमीन, छत, प्लाट, दुकान पर 4G-5G मल्टीमिडिया डिजिटल टावर लगवायें का टेंडर दिया है एडवांस 90 लाख, किराया 85000/- + नौकरी + गाडी 8004018830, 7376517211

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506


## मोदी की बनेगी एक और बॉयोपिक



**मुंबई।** मई 2019 में पीएम नरेंद्र मोदी की बायॉपिक रिलीज हुई थी जिसमें विवेक ओबेरॉय लीड एक्टर के रूप में नजर आए थे। काफी रुकावटों और विवादों के बाद यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब खबर है कि पीएम मोदी पर एक और बायॉपिक बनने जा रही है जिसमें लीड रोल में अक्षय कुमार नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, न सिर्फ अक्षय बलकि इस प्रॉजेक्ट के लिए परेश रावल और अनुपम खेर के नामों पर भी विचार हो रहा है। कहा जा रहा है कि पीएम खुश हैं कि ये तीन ऐक्टर्स उनके रोल को प्ले कर सकते हैं लेकिन संभावना इस बात की ज्यादा है कि यह प्रॉजेक्ट अक्षय की झोली में जाए। एक सूत्र ने बताया, 'अनुपमजी और परेशजी न सिर्फ मोदीजी के करीबी हैं बल्कि वे अच्छे कलाकार भी हैं। हालांकि, अक्षय के इस प्रॉजेक्ट से जुड़ जाने से इसकी रीच बढ़ जाएगी। फिल्म के लिए एक ऐसे ऐक्टर को कास्ट करना जरूरी है जो दर्शकों को आकर्षित करे। यह फिल्म पिछली बायॉपिक से अलग होगी।' कहा यह भी जा रहा है कि पीएम मोदी चाहते हैं कि बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के बजाए उनकी बायॉग्रफी में वास्तविकता हो और वह इस प्रॉजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## सनी का नया शौक

**मुंबई।** बालीवुड की हॉट और बोल्ड एक्ट्रेसेस में से एक सनी लियोनी अब पेंटिंग में अपना हाथ आजमा रही हैं। उन्हें अपने बच्चों नोआ और ऐशर संग



चित्रकारी करते हुए देखा गया। इस बॉलिवुड स्टार ने अपने सोशल अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें वह सफेद शीट पर स्केचिंग करते नजर आ रही हैं। तस्वीर में सनी के बच्चे उनके पीछे बैठकर रंगों के साथ खेलते भी दिख रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज एक नई पेंटिंग शुरू की है और सबसे अच्छी बात यह है कि मेरे बेटे भी बैकग्राउंड में पेंटिंग कर रहे हैं। उम्मीद करती हूं कि यह कभी न बदले।'

## अगले साल आएगा 'मुन्ना भाई' का सीक्वल



**मुंबई।** 2003 में आई मुन्ना भाई एमबीबीएस संजय दत्त और अरशद वारसी के करियर में मील का पत्थर साबित हुई थी। इसके बाद 2006 में इसका सीक्वल आया था। संजय दत्त ने हाल ही में मुन्ना भाई एमबीबीएस के तीसरे सीक्वल बनने का की हिंट दिया था। फिल्म प्रस्थानम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए संजय दत्त ने कहा, राजकुमार हिरानी अभी मुन्ना की स्टोरी के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। यह 2020 तक सामने आ सकती है। इससे पहले अरशद वारसी ने भी मुन्ना भाई एमबीबीएस के सीक्वल का हिंट दिया था। उन्होंने कहा था, राजकुमार हिरानी मुन्ना और सर्किट की दोस्ती के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। मुन्ना और सर्किट की दोस्ती को लोगों ने बहुत पसंद किया था। उम्मीद है कि लोग एक बार फिर सिनेमा पर इनकी दोस्ती को अपना प्यार देंगे।



## ऋतिक, टाइगर का धमाकेदार डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ और ऋतिक रोशन जहां अपने एक्शन सीक्वेंस के लिए बहुत मशहूर हैं, वहीं उनके डांस के दीवानों की भी कोई कमी नहीं है। अब जल्दी ही फैन्स को मिलेगा मौका इन दोनों एक्शन-डांस पावर हाउस को एक साथ देखने का। दोनों की फिल्म वॉर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ का फेस ऑफ दिखाया जाएगा। ताजा खबर ये है कि इसी फिल्म में दोनों गाने 'जय जय शिव शंकर' पर साथ में थिरकते नजर आएंगे।

## टीआरपी की दौड़ में केबीसी पिछड़ा



**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 11' को शुरुआत के एपिसोड से ही दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है, लेकिन इस बार की टीआरपी की जंग में यह 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से काफी पीछे रह गया है। वैसे बता दें कि 'केबीसी11' से ऊपर एक नहीं बल्कि दो सीरियल टीआरपी में आगे हैं। बात करें नंबर दो की तो इस पायदान पर सीरियल 'कुंडली भाग्य' ने कब्जा जमाया है। करण और प्रीता की शादी और फिर करण का शादी के पीछे की असली वजह बताना जैसे ट्विस्ट इसे मजबूती से टॉप 5 में जगह दिलाने में कामयाब हुए। 'कौन बनेगा करोड़पति 11' इस लिस्ट में तीसरी पोजीशन पर है। इस बार शो में आने वाले कंटेस्टेंट अपनी इमोशनल कहानी से सबको भावुक करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं अभी तक इस सीजन को दो करोड़पति मिल चुके हैं।


**सूचना**

मैं, सुनीता पुत्री चन्द्रमोहन, माता चन्द्रवती सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरा इंटरमिडिएट सर्टीफिकेट 2005 रोल नम्बर 0105746जीएसएएस इंटर कालेज मुरसान, जिला हाथरस उत्तर प्रदेश खो गया है। जिस किसी को भी मिलें वह मुझे उक्त मोबाइल नम्बर 9911008238 पर सूचित करें।

**NOTICE**

I, Ishwar Kumar Asht S/o Ramesh Chand R/o 8-A/12A/2, Shiv Mandir Gali No.3, Maujpur, Delhi-110053 declare that I have severed all my relations and debarred my son Abhishek Asht and his wife Ekta from my all movable-immovable properties for their misconduct. I and my family will not be responsible for their any acts in future.

## खबर संक्षेप



### कटक में बीएसएनएल की इमारत में लगी आग

**कटक।** ओडिशा के कटक शहर के बज्रकबाती इलाके में शुक्रवार को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के कार्यालय में आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि करीब छह दमकल गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया। आग इमारत की चौथी मंजिल पर एक कमरे में लगी। अधिकारी ने बताया कि इमारत परिसर से सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि आग में कई दस्तावेज और उपकरण जल गए। कार्यालय में केबल और तारों के कारण आग तेजी से फैल गई। अधिकारी ने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। हो सकता है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो। बीएसएनएल के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना की वजह से शहर में दूरसंचार और अन्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

### कोई भी भाषा थोंपने या विरोध का विषय नहींः नायडू

**हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली।** एक देश-एक भाषा वाले गृहमंत्री के बयान पर देशभर में भाषा को लेकर राजनीति गरमाई हुई। ऐसे में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने लोगों से अधिक से अधिक भाषाएं सीखने का आह्वान करते हुए कहा है कि कोई भी भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए और न ही किसी भाषा विशेष का विरोध होना चाहिए। बल्कि अन्य भाषाओं के साथ भारत में मातृभाषा को पर्याप्त महत्व दिया जाना चाहिए। यह बात शुक्रवार को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने अमेरिका में नासा और अन्य स्थानों का भ्रमण करने के बाद स्वदेश लौटे मनीपाल के शारदा आवासीय विद्यालय के छात्रों के साथ मुलाकात के दौरान हुई बातचीत में कही। नायडू ने जोर देकर कहा कि भारत कई भाषाओं से समृद्ध है और ऐसे में छात्रों तथा शिक्षकों को नयी भाषाएं सीखने के साथ ही अपनी मातृभाषा को भी पूरा महत्व देना अत्यंत आवश्यक है।

केडी सिंह पर कसा शिकंजा

# ईडी ने तृणमूल सांसद के सरकारी घर पर मारा छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के.डी.सिंह के यहां स्थित आवास तथा कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी कर 32 लाख रुपये नकद तथा 10 हजार अमेरिकी डॉलर जब्त किये। ईडी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। ईडी ने कहा कि सांसद तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लौंड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की गयी। ईडी ने कहा कि अलकेमिस्ट समूह की 14 कंपनियों के पंजीकृत कार्यालयों समेत दिल्ली और चंडीगढ़ में सात स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की गयी। अलकेमिस्ट समूह सांसद सिंह द्वारा नियंत्रित कंपनी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि इन छापेमारी में के.डी.सिंह के दिल्ली स्थित आवास से घुमा-फिरा कर किये लेनेदेन से संबंधित कई दस्तावेज, डिजिटल सबूत तथा संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किये गये। इनके साथ ही 32 लाख रुपये नकद तथा 10 हजार अमेरिकी डॉलर भी जब्त किये गये।" बयान में कहा गया कि सांसद सिंह का आधिकारिक आवास यहां लुटियंस क्षेत्र में तुगलक लेन में स्थित है। ईडी ने जांच के सिलसिले में सांसद को पिछले साल समन जारी किया था। ईडी ने यह कार्रवाई ऐसे समय की है जब




- जब्त किये 32 लाख रुपये नकद, 10 हजार अमेरिकी डॉलर किये जब्ज

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली में ही हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात भी कर चुकी हैं। ईडी ने कहा कि उसने सांसद के चंडीगढ़ स्थित आवास तथा उनकी कंपनियों से जुड़े दो निदेशकों के घर की भी तलाशी ली। ईडी मनी लौंड्रिंग के दो मामलों में सिंह, उनसे जुड़ी कंपनियों तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच कर रही है। पहला मामला कोलकाता पुलिस की प्राथमिकी पर तथा दूसरा मामला बाजार नियामक सेबी के आरोपपत्र पर आधारित है।

### विवि परिसर में तोड़फोड़ करने वालों को दंडित किया जाएगा : चटर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री पार्थ चटर्जी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार उन लोगों को सजा देगी जिन्होंने यादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को तोड़-फोड़ की और छात्रों पर हमला किया । मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय पहुंचकर केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को वहां से निकालने वाले प्रदेश के राज्यपाल जगदीप धनकड़ से उम्मीद है कि वह विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसरों और उन तमाम छात्रों को न्याय प्रदान करेंगे जिन्हें मंत्री के दौरे के दौरान और बाद में पीटा गया था। चटर्जी ने कहा कि हमें उन दोषियों को अवश्य सजा देनी चाहिए जिन्होंने यादवपुर विश्वविद्यालय में लड़कियों समेत छात्रों पर हमला किया और परिसर में तोड़फोड़ की।

### बाबुल सुप्रियो पर हमले के विरोध में कोलकाता की सड़कों पर बीजेपी का प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी में केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो पर हमले के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही है। कोलकाता की सड़कों पर बीजेपी कार्यकर्ता विरोध रैली निकाल रहे हैं। इस दौरान बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश मजूमदार ने कहा कि बाबुल सुप्रियो पर वामपंथी छात्र संगठन स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और नक्सलियों ने हमला किया और उनके साथ मार-पीट की है। राज्य में कानून



व्यव्स्था नहीं है। बता दें कि कोलकाता की जादवपुर यूनिवर्सिटी में गुरुवार को छात्रों के एक समूह ने केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो का घेराव किया और उन्हें काले झंडे दिखाए। सुप्रियो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। जैसे ही बाबुल यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंचे तो कुछ वामपंथी छात्रों ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए वहां से चले जाने को कहा। छात्रों ने 'बाबुल सुप्रियो वापस जाओ, वापस जाओ' के नारे लगाए। इस दौरान वामपंथी छात्र संगठनों ने बाबुल सुप्रियो के खिलाफ नारेबाजी के साथ उन्हें कैंपस में घेरे रखा। मामला इतना बढ़ गया कि यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर सुरंजन दास को बीच बचाव करना पड़ा। इस दौरान वाइस चांसलर ने जब छात्रों से बात करने की कोशिश की तो उनको भी विरोध का सामना करना पड़ा।

### ई-सिगरेट के बाद सभी तंबाकू उत्पादों पर रोक लगे : गोवा एनएसयूआई

**पणजी।** गोवा में कांग्रेस की छात्र इकाई ने ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि इसका विस्तार सभी तंबाकू उत्पादों तक होना चाहिए। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की गोवा इकाई के प्रमुख अहराज मुल्ला ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कदम देश के युवाओं के भविष्य की रक्षा करेगा। उन्होंने लिखा कि एनएसयूआई ई-सिगरेट को प्रतिबंधित करने के कदम की प्रशंसा करती है। साथ ही हम दृढ़ता से मानते हैं कि सामान्य सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों को प्रतिबंधित करने पर विचार नहीं करना तर्क से परे और आश्चर्यजनक है। मुल्ला ने कहा कि चुनिंदा तरीके से प्रतिबंध देशों के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने लोगों खासतौर पर युवाओं के स्वास्थ्य पर खतरे को देखते हुए बुधवार को ई-सिगरेट और इस तरह के उत्पादों के आयात और बिक्री पर रोक लगा दी थी। सरकार ने बिक्री को अपराध बनाने के लिए अध्यादेश लाने और तीन साल की सजा एवं जुर्माने का प्रावधान करने की घोषणा की थी।

### डॉ. अजय कुमार आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) में गुरुवार को शामिल हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी और पूर्व लोकसभा सांसद अजय कुमार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। डॉ.अजॉय कुमार का जन्म 10 अगस्त 1962 को कर्नाटक के मैंगलोर में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा हैदराबाद से की। उन्होंने 1985 में जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च पुदुचेरी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। 1986 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चुने गए। डॉ. कुमार को 1986 और 1996 के बीच एसपी पटना और एसपी जमशेदपुर के रूप में उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए जाना जाता है। बिहार और झारखंड में माफिया राज के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए उन्हें खासकर जाना जाता है।

अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर सौदा दलाली मामला

## सीबीआई को मिली मिशेल से पूछताछ की इजाजत, लिखावट का लेगी नमूना

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर सौदा दलाली मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को तिहाड़ जेल में बंद बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल से जेल में पूछताछ करने और हैंड राइटिंग के नमूने लेने की इजाजत दी है। सीबीआई 3 दिन के अंदर मिशेल से पूछताछ कर सकती है और उनकी लिखावट के नमूने ले सकती है। सीबीआई मिशेल से 24 से 26 सितंबर के बीच 2 दिनों के लिए पूछताछ और अगले 1 दिन हैंड राइटिंग के नमूने ले सकती है। बता दें कि अगस्ता वेस्टलैंड मामले में रतुल पुरी की



गिरफ्तारी के बाद पैदा हुए नये घटनाक्रम को लेकर सीबीआई क्रिश्चियन मिशेल से पूछताछ करना चाहती थी। सीबीआई ने इसके लिए राउज एवेन्यू कोर्ट में आवेदन किया था। अदालत ने सीबीआई के आवेदन को स्वीकार करते हुए मिशेल से पूछताछ के लिए दो दिन और उसके लिखावट का नमूना लेने के लिए एक दिन का समय दिया है।

#### अदालत ने इससे पहले क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी

बता दें कि इससे पहले अदालत ने क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। दिसंबर 2018 में क्रिश्चियन मिशेल का संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पण किया गया था। बता दें कि अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर मामले के तीन आरोपियों में से क्रिश्चियन मिशेल एक है। इस मामले के दो अन्य आरोपी गुइदो हाश्के और कार्लो गेरोसा हैं।

इस मामले में रतुल पुरी पर क्रिश्चियन मिशेल और इंटरसेलर से पैसा लेने का आरोप है।

### डिजीलॉकर या एप में अपलोड वाहन संबन्धी दस्तावेज मान्य होंगे

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा परिवहन संबंधी अन्य सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्वीकार करने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एसओपी की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय ने नवम्बर 2018 में केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन किया था कि इसके माध्यम से पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस तथा परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तुत करने के लिए सहायता की गई।

### मुंबई में खाली इमारत का एक हिस्सा ढहा, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** मुंबई में खाली हिमारत का एक हिस्सा शुक्रवार सुबह ढह गया हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। महानगरपालिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारी ने बताया कि यह चार मंजिला इमारत महानगर के दक्षिणी हिस्से में मुंबई पुलिस मुख्यालय के पास लोकमान्य तिलक मार्ग पर स्थित है। उन्होंने कहा कि 'अहमद' नामक इमारत का एक हिस्सा जर्जर स्थिति में था और उसे पहले ही खाली करा लिया गया था। यह हिस्सा सुबह करीन पौने ग्यारह बजे ढह गया। अधिकारी ने कहा कि इमारत काफी पुरानी थी और अधिकारियों ने पहले ही उसमें रहने वालों से इमारत खाली करा ली थी। इसलिए कोई भी घायल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मलबे को साफ करने के लिए विभिन्न एजेंसियों को काम पर लगाया गया है।



### हमारी मांगे पूरी करो...



राज्य सरकार के खिलाफ जबलपुर में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को डॉक्टरों ने अपनी शैक्षिक डिग्रियों की प्रतियां जलाईं।

## दूसरी पीढ़ी के चार आईआईएम को एमएचआरडी से मिलेगी मदद!

**हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली।** फंड की कमी की वजह से लंबित पड़ा चार भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) के स्थायी कैंपस का निर्माण कार्य फिर से शुरु हो सकता है। इसके पीछे एक बड़ा कारण बीते मंगलवार को आईआईएम रायपुर के डीन (अकेडमिक्स) और आईआईएम काशीपुर, उदयपुर, त्रिरूचेरापल्ली के निदेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक से की गई उस मुलाकात को बताया जा रहा है, जिसके बाद मामले को लेकर मंत्रालय में हलचल काफी तेज हो गई है। गौरतलब है कि यह चारों आईआईएम दूसरी पीढ़ी के प्रबंधन संस्थान हैं। इन्हें केंद्र सरकार की तरफ से वर्ष 2008-09 के कैबिनेट के फैसले के हिसाब से स्थायी कैंपस के निर्माण के लिए कुल करीब 333 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई थी।

- बीते 17 सितंबर को इनके प्रतिनिधियों की विभागीय केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद बंधी आस

#### मदद का इच्छुक मंत्रालय

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग के सचिव आर.सुब्रमण्यम ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि मंत्रालय ने चारों आईआईएम संस्थानों से जुड़े हुए इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करना शुरु कर दिया है। इसमें एक तर्क यह भी है कि इन्हें बाकी बचे हुए स्थायी कैंपस के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए हायर एजुकेशन फंडिंग एजेंसी (हीफा) के जरिए वित्तीय मदद दी जा सकती है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के साथ इनकी हालिया हुई बैठक के बाद सामने आए चारों आईआईएम का पक्ष जानने के बाद मंत्रालय ने इसे लेकर आगे बढ़ने के लिए जरुरी कागजी कार्रवाई का खाका तैयार करने की शुरुआत कर दी है।

कश्मीर में पाबंदी पर जितेंद्र सिंह ने कहा

## मानव जीवन इंटरनेट से ज्यादा अहम

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद राज्य के हालात को लेकर चारों तरफ चर्चा जारी है। कश्मीर के कई इलाकों में अभी भी धारा 144 लागू है और राज्य के नेताओं को हिरासत में रखा गया है। मानवाधिकार सहित तमाम मुद्दों पर सवालों के इंडिया टुडे कॉनक्लेव 2019 में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने जवाब दिए। उन्होंने कहा कि कश्मीर में सामान्य व्यवस्था बहाल हो चुकी है। घाटी में चीजें उस रास्ते पर जा रही हैं जैसा कश्मीरी चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में जो पाबंदी लगाई गई है वह ऐहतियात के तौर पर उठाया गया कदम है ताकि शरारती तत्व कानून व्यवस्था को नुकसान न पहुंचा सकें। कश्मीर के राजनेताओं को हिरासत में रखे जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के समय भी उनके सबसे करीबी मित्र शेख अब्दुल्ला को जेल में रखा गया था। बल्कि उन्हें तो तमिलनाडु की जेल में रखा गया।



#### लोग खुद घर से बाहर नहीं निकल रहे

जितेंद्र सिंह ने कॉन्क्लेव में कहा कि वक्त और इतिहास बताएगा कि जो हमने कश्मीर के लिए किया वह राज्य के लोगों के लिए सही था। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अब कोई प्रतिबंध नहीं है। लोग खुद घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। अधिकांश इलाकों में कोई कर्फ्यू नहीं है. स्कूल खुले हैं और बच्चे जा रहे हैं. लेकिन वहां 100 प्रतिशत अटेंडेंस नहीं है।

#### कश्मीर में कोई कर्फ्यू नहीं है

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि कश्मीर में कोई कर्फ्यू नहीं है। केवल 12 पुलिस थाने ऐसे हैं, जहां पाबंदियां लागू हैं। संचार माध्यमों पर रोक लगाए जाने पर उन्होंने कहा कि मानव जीवन इंटरनेट से ज्यादा महत्वपूर्ण है। कश्मीर को लेकर हिपोक्रेसी चल रही थी। जितेंद्र सिंह ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह बहुत दयालु और प्रगतिशील हैं। नेताओं को हिरासत में रखा जाना ऐहतियात के तौर पर कदम उठाया गया है।

### रेलवे ने बेहतर सेवा के लिए सांसदों से मांगे सुझाव

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश में रेलवे सुधार की दिशा में परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए रेलवे ने जनप्रतिधियों के साथ समन्वय बनाकर उनसे बेहतर रेल सेवा देने की दिशा में सुझाव मांगने की परंपरा को शुरू किया है। इसी के तहत उत्तर रेलवे के लखनऊ और मुरादाबाद मंडल के सांसदों के साथ बैठक करके विचार विमर्श किया।केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने देश के सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को देश में बेहतर रेल सेवा के लिए आम जनता के बीच पहुंच रखने वाले जनप्रतिधियों के सुझाव लेने के लिए बैठकें करने के निर्देश जारी किये थे। इन्ही दिशानिर्देशों के तहत शुक्रवार को यहां उत्तर रेलवे के मुख्यालय बडौदा हाउस में लखनऊ तथा मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के सांसदों के साथ रेल अधिकारियों ने विचार-विमर्श किया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा

# मेरा मंत्रालय पांच साल में पांच करोड़ रोजगार लाने पर करेगा काम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार 5 करोड़ रोजगार के सृजन के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र (एमएसएमई) उद्योग सेक्टर को मजबूत करेगी. साथ ही इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई की हिस्सेदारी भी मौजूदा 29% से बढ़कर 50% हो जाएगी। गडकरी के मुताबिक, सरकार का जोर देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दोबारा मजबूत करना चाहती है। गडकरी ने ब्रॉड गेज मेट्रो को किफायती, कुशल और समय की बचत वाला विकल्प बताया। उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग निर्माण मंत्री गडकरी ने कहा कि हम



अपने निर्वाचन क्षेत्र नागपुर में भी ब्रॉडगेज मेट्रो ला रहे हैं। ये नागपुर को वर्धा, भंडारा रोड, रामटेक और नरखेड से जोड़ेगा। ब्रॉड गेज पर मेट्रो चलाने पर विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह शहरों और इसके सैटेलाइट शहरों के बीच यात्रा को किफायती बनाता है। मिसाल के तौर पर लोग मेरठ या पानीपत में रह सकते हैं और आसानी से हर दिन काम के लिए दिल्ली जा सकते हैं, इसलिए यह शहर के साथ-साथ यात्रियों के लिए भी फायदे की स्थिति है।

#### मोदी ने भारत को 5-ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है

गडकरी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 5-ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है और इसे हासिल करने के लिए मेरा मंत्रालय अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ नौकरी पैदा करने पर भी काम करेगा।


#### वर्तमान में मेट्रो रेल निर्माण की लागत लगभग 320 करोड़ रुपये प्रति किमी है

गडकरी ने कहा कि वर्तमान में मेट्रो रेल निर्माण की लागत लगभग 320 करोड़ रुपये प्रति किमी है, जबकि ब्रॉड गेज मेट्रो की लागत करीब 3 करोड़ रुपये प्रति किमी है। इसके अलावा, ब्रॉड गेज नेटवर्क का उपयोग करने पर लगभग तीन गुना अधिक यात्री इतनी ही जगह पर आ सकते हैं। साथ ही मेट्रो ट्रेनों की गति एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में काफी ज्यादा होगी। गडकरी ने यह भी कहा कि उन्हें पुरानी कारों, बसों और दोपहिया वाहनों की स्क्रैपिंग की नीति को लेकर केंद्रीय कैबिनेट के विचार की अनुमति मिल चुकी है। वित्त मंत्रालय पहले ही प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका है। सरकार बहुत जल्द इसे मंजूरी दे देगी। पुराने वाहनों के लिए स्क्रैपिंग नीति लाने से दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में वाहनों की भीड़ कम करने में मदद करेगी। इन शहरों में 10 से 15 साल पुराने वाहन बड़ी संख्या में हैं।

आनन-फानन में बुलाई आर्मी और पुलिस

## पशुपतिनाथ मंदिर में मिला संदिग्ध सामान

**काठमांडू।** हिंदुओं के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पशुपतिनाथ मंदिर में शुक्रवार को संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया है। पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना पर आनन-फानन में पुलिस पहुंची। सुरक्षा दृष्टिकोण को देखते हुए मंदिर परिसर में सेना के जवानों को भी बुला लिया गया है। पुलिस संदिग्ध वस्तु को अपने कब्जे में लिया है।



हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह क्या है। यहां आपको बता दें कि पशुपतिनाथ भगवान शिव शंकर को समर्पित एशिया के चार सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक है। इसका निर्माण 5वीं शताब्दी में हुआ था। बाद में मल्ल राजाओं की ओर से इसे पुनर्निर्मित किया गया था। मूल मंदिर को कई बार नष्ट किया गया और निर्माण किया गया. हालांकि आखिरी बार मंदिर को नरेश भूपलेंद्र मल्ला ने 1697 में वर्तमान स्वरूप दिया। मान्यता है कि यह मंदिर सृष्टि के निर्माण के समय से है। यहां पहली बार शिव लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य शिवालय शैली में एक सोने की छत, चार तरफ से ढकी हुई चांदी और बेहतरीन गुणवत्ता की लकड़ी की नक्काशी है। कई अन्य हिंदू और बौद्ध देवताओं को समर्पित मंदिर पशुपतिनाथ के मंदिर के आसपास हैं।

## खबर संक्षेप

### हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज पर 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दक्षिण कोरिया की कंपनी हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज के ऊपर 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। यह




जुर्माना पर्यावरण संबंधी नियमों का उल्लंघन कर खराब डीजल इंजन आयात करने और बेचने के कारण लगाया गया है। अमेरिका के न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2012 से 2015 के बीच डीजल से चलने वाले करीब 2,300 भारी निर्माण वाहनों का आयात किया, जिनमें ऐसे इंजन लगे थे जो अमेरिका के उत्सर्जन मानकों के अनुकूल नहीं हैं।

### कॉरपोरेट कर में कटौती से कंपनियों की बढ़ेगी शुद्ध आय

**नई दिल्ली।** मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का कंपनी कर की दर में कटौती के निर्णय से भारतीय कंपनियों की आय बढ़ेगी और साख के लिहाज से सकारात्मक कदम है। मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट फाइनेंस ग्रुप) विकास हलान ने कहा, 'भारत सरकार का मूल कंपनी कर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करने के निर्णय से भारतीय कंपनियों की शुद्ध आय बढ़ेगी और साख के लिहाज से सकारात्मक है।'

### दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में सुधार की उम्मीद : दास

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने फिर से



खर्च करना शुरू कर दिया है। इससे पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़े बेहतर होंगे। दास ने पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि की दर कम होकर छह साल के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ जाने के लिये सरकार के बेहद कम खर्च को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने फिर से खजाना खोल दिया है, इससे आने वाले समय में वृद्धि तेज होगी।

### आर्थिक नरमी मानवनिर्मित अब सरकारों के कदम उठाने की बारी

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व प्रमुख क्रिस्टीन लगार्ड ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी नरमी को मानवनिर्मित करार दिया और कहा



कि इसे मानव ही सही भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रेक्जिट तथा व्यापार तनाव जैसी समस्याएं हमने खुद ही बनाई हैं और हम इसे ठीक भी कर सकते हैं। लगार्ड ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर को कमजोर बताते हुए कहा कि इसके इर्द-गिर्द जोखिम बना हुआ है। उन्होंने नीति निर्माताओं से मानवनिर्मित व्यवधान करने की अपील की।

### ट्विटर ने बंद किया फर्जी हजारों खाते

**वाशिंगटन।** ट्विटर ने फर्जी खबरें फैलाने तथा सरकार समर्थित प्रचार अभियान को आगे बढ़ाने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, चीन और स्पेन जैसे देशों में हजारों खाते बंद कर दिए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि चीन के ट्विटर खाते हांगकांग में चल रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर विरोधाभासी बातें फैलाने में संलिप्त थे। इसी तरह कतर और यमन को निशाना बनाकर सउदी अरब के पक्ष में माहौल बनाने को लेकर संयुक्त अरब अमीरात तथा मिस्र स्थित कई खाते बंद किये गये।

# 14 करोड़ 17.1 लाख टन से अधिक रहेगा खरीफ फसल उत्पादन : मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि राज्य मंत्री पुरषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को कहा कि चालू मानसून सत्र में बरसात अच्छी होने से देश में खरीफ उत्पादन पिछले साल के 14 करोड़ 17.1 लाख टन से कहीं अधिक रहेगा।

- फसलों का रकबा 1,054.13 लाख हेक्टेयर पर अपरिवर्तित

मंत्री ने कहा कि बाढ़ की वजह से कुछ राज्यों में खरीफ की फसलें प्रभावित हुई हैं लेकिन इससे कुल उत्पादन पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। कृषि-रबी अभियान विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के मौके पर रूपाला ने संवाददाताओं से कहा, खरीफ की फसल की स्थिति अच्छी है। कुछ स्थानों पर, अधिक बारिश के कारण फसल को नुकसान हुआ है। फिर भी, हम पिछले साल की तुलना में इस बार खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर करेंगे। बाढ़ की वजह से कम से कम 12 राज्य प्रभावित हुए हैं।

फसल वर्ष 2019-20 (जुलाई-जून) के चालू खरीफ सत्र में बोई जाने वाली फसलों का रकबा 1,054.13 लाख हेक्टेयर पर अपरिवर्तित बना रहा। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू सत्र में धान का रकबा 5.25 लाख हेक्टेयर घटकर 378.62 लाख हेक्टेयर है जबकि दलहन का रकबा 2.41 लाख हेक्टेयर घटकर 132.99 लाख हेक्टेयर रह गया। हालाँकि, मोटे अनाजों का रकबा 3.1 लाख हेक्टेयर बढ़कर 178.12 लाख हेक्टेयर हो गया।

## राष्ट्रीय सम्मेलन के मौके पर कृषि राज्य मंत्री रूपाला ने दी जानकारी

### रबी सत्र में मक्का और सरसों का रकबा अधिक होने की उम्मीद



अधिकारी ने कहा कि अच्छे मानसून के कारण अब मिट्टी की नमी बेहतर होने से रबी की बुवाई की संभावनाएं उज्ज्वल दिख रही हैं और जलाशय भी भरे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रबी फसलें ज्यादातर सिंचित क्षेत्र में उगाई जाती हैं। रबी सत्र में मक्का और सरसों का रकबा अधिक होने की उम्मीद है। इससे पहले सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रूपाला ने राज्यों से कहा कि वे तिलहन के रकबे और उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दें तथा खाद्य तेलों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करें। राज्यों को किसानों को तिलहन उगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

### फसल बीमा दावों के तेजी से निपटाने के निर्देश

रुपाला ने कहा, हम दालों के मामले में लगभग आत्मनिर्भर हो गए हैं। तिलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करके खाद्य तेल के आयात पर निर्भरता को कम करने की जरूरत है। राज्यों को किसानों को तिलहन उगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने अपने अधिकारियों के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी फसल बीमा दावों के तेजी से निपटाने के उपाय करने का निर्देश दिया। मंत्री ने राजस्थान में रेगिस्तानी टिड्डों के दिखने का उल्लख करते हुए पंजाब और गुजरात सरकारों को सतर्क रहने और इस समस्या से निपटने की तैयारी को कहा है।

## सरकार ने की कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती और कैपिटल गेन्स टैक्स सरचार्ज की छूट

# शेयर बाजार में उछाल, निवेशकों ने एक ही दिन में कमाए 7 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री के बड़े ऐलानों के बाद शेयर बाजार में दिन भर 'दिवाली' का माहौल रहा। सरकार के उपहार से खुश बाजार 2200 अंक तक उछल गया और 1921.15 अंक चढ़कर बंद हुआ। कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती और कैपिटल गेन्स टैक्स सरचार्ज की छूट से खुश निवेशकों ने एक घंटे में 5 करोड़ बनाए तो बीएसई में लिस्टेड शेयरों ने दिनभर में लगभग 7 लाख करोड़ की कमाई कर ली।

- टैक्स कटौती के इन ऐलानों से सरकारी खजाने पर 1.45 लाख करोड़ रुपए का बोझ

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक 1,921.15 पॉइंट चढ़कर 38,014.62 पर बंद हुआ। दिनभर में सेंसेक्स ने 2284.55 अंक के आंकड़े को छुआ। बीएसई के डेटा के मुताबिक लिस्टेड कंपनियों का कैपिटल एक ही दिन में बढ़कर 145 लाख करोड़ पर पहुंच गया जो कि गुरुवार को 138 लाख खरोड़ था। निफ्टी भी 11 हजार के पार पहुंचकर बंद हुआ।

वित्त मंत्री के ऐलानों के बाद कंपनियां बेहद खुश हैं साथ ही विदेशी निवेशकों ने भी इन फैसलों का स्वागत किया है। जानकारों का का मानना है कि अगर कंपनियों को फायदा होगा तो वह लाभ अपने ग्राहकों के बीच भी ट्रांसफर करेंगी और इससे मांग में बढ़ोतरी होगी जो कि आर्थिक सुस्ती का सबसे बड़ा कारण है। कैपिटल मार्केट में फंड के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में बढ़ाया गया सरचार्ज इक्विटी शेयरों की बिक्री से हुई आमदनी पर नहीं देना होगा। इस छूट के दायरे में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकभी आएंगे जो डेरिवेटिव्स में कारोबार करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि कटौती के बाद सेस और सरचार्ज जोड़कर प्रभावी कॉर्पोरेट टैक्स दर 25.17 पर्सेंट हो जाएगी, जो पहले 30 पर्सेंट थी। पहले कॉर्पोरेट टैक्स की प्रभावी दर 34.94 प्रतिशत थी। इसके अलावा मिनिमम ऑल्टरनेटिव टैक्स में भी कटौती की गई है। टैक्स कटौती के इन ऐलानों से सरकारी खजाने पर 1.45 लाख करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा।

### खास बातें

- निवेशकों ने एक घंटे में बनाए 5 करोड़ रुपए
- बाजार 2200 अंक तक उछला और 1921.15 अंक चढ़कर बंद हुआ
- बीएसई में लिस्टेड शेयरों ने दिनभर में लगभग 7



### सेंसेक्स में एक दिन में पहली बार हासिल की 2,200 पॉइंट्स से ज्यादा की उछाल

मुंबई। कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती और कैपिटल गेन्स टैक्स सरचार्ज में छूट का वित्त मंत्री की ओर से ऐलान होते ही शेयर बाजार झूम उठा। दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स ने 2,280 अंकों तक की उछाल हासिल कर ली। सेंसेक्स में महज एक दिन में ही करीब 6 फीसदी का यह जोरदार उछाल देखने को मिला है। ऐतिहासिक आंकड़ों के लिहाज से बात करें तो शेयर बाजार में महज एक दिन में यह अब तक की सबसे बड़ी उछाल है। इससे पहले 18 मई, 2009 को बाजार 2,110 पॉइंट उछला था। सेंसेक्स 1,921.15 अंकों की बड़ी उछाल के साथ 38,014.62 और निफ्टी 11,200 पर बंद हुआ।

### कब-कब बाजार ने लगाई जोरदार छलांग

| कब | पॉइंट्स |
|---|---|
| 20 सितंबर, 2019 | 2,280 |
| 18 मई, 2009 | 2,110 |
| 20 मई, 2019 | 1421 |
| 25 जनवरी, 2008 | 1139 |
| 25 मार्च, 2008 | 928 |
| 14 नवंबर, 2007 | 893 |
| 23 अक्टूबर, 2007 | 878 |
| 1 मार्च, 2016 | 777.35 |
| 12 अक्टूबर, 2018 | 732.43 |
| 15 जनवरी, 2015 | 728.73 |
| 10 सितंबर, 2013 | 727.03 |

### 1 घंटे में निवेशकों ने बनाए 5 लाख करोड़

घरेलू कॉर्पोरेट जगत और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (**FPIs**) के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के राहत वाले बड़े ऐलानों के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी **BSE** के डेटा के मुताबिक, ऐलानों के तुरंत बाद बाजार चढ़ने लगा और कुछ ही देर में मार्केट कैपिटलाइजेशन 143.45 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो गुरुवार को 138.54 लाख करोड़ रुपए था। यानी करीब 5 लाख करोड़ की बढ़त। बीएसई का सेंसेक्स नए रेकॉर्ड बनाता जा रहा है। सेंसेक्स में एक दिन में 2000 से ज्यादा पॉइंट्स की तेजी इससे पहले करीब 10 साल पहले देखी गई थी। वहीं, निफ्टी 50 भी 500 अंक से ज्यादा जोड़कर 11,250 के पार पहुंच गया, 10 सालों में पहली बार का इंट्राडे हाई है।

# सरकारी योजना में हर महीने मिलेगी 10 हजार रुपए तक पेंशन




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल में ही सरकार ने अपनी एक अहम योजना प्रधानमंत्री वय वंदन योजना में अहम बदलाव किए हैं। योजना की निवेश की रकम की सीमा सरकार ने दोगुनी कर दी है और इसके अलावा समय अवधि भी बढ़ा दी है। यानी अब इस योजना के तहत आपको हर महीने 10 से 12 हजार रुपए तक पेंशन मिल सकती है। प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के तहत नागरिकों को दस साल तक आठ फीसदी सालाना रिटर्न की गारंटी के साथ पेंशन दी जाती है। हालांकि इसमें पेंशन लेने वाले के पास विकल्प है कि वह मासिक, तिमाही, छमाही और सालाना पेंशन ले सकते हैं। योजना में 60 साल और उससे अधिक उम्र के नागरिक निवेश कर सकते हैं।

- प्रधानमंत्री वय वंदन योजना में दस साल तक करना होगा निवेश

प्रधानमंत्री वय वंदन योजना में 10 वर्षों तक निवेश करना होता है। पीएमवीवीवाई को जीवन बीमा निगम चलाता है। इसमें निवेश ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। ये पीएमवीवीवाई स्कीम में निवेश करने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2020 है। इस स्कीम में निवेश एक बार पैसा देकर किया जा सकता है।

### किया ये बदलाव

10,000 रुपये तक मिल सकेगी पेंशन, निवेश की रकम की सीमा दोगुनी करने से वरिष्ठ नागरिकों को काफी फायदा होगा। सरकार द्वारा अब निवेश सीमा 15 लाख रुपये कर दी गई है, जबकि पहले यह 7.5 लाख रुपए थी। अब नागरिकों को प्रति माह 10,000 रुपये तक की पेंशन मिल सकेगी। पहले प्रधानमंत्री वय वंदन योजना चार मई 2017 से तीन मई 2018 के लिए ही थी। अब इसके तहत निवेश करने की अवधि को बढ़ाकर 31 मार्च 2020 कर दिया गया है।

### इतना करना होता है निवेश

पीएमवीवीवाई में न्यूनतम निवेश 1,44,578 रुपए और अधिकतम 14,45,783 रुपए करना होता है। इससे आपको मासिक 12,000 रुपए और साल में 1.20 लाख रुपए पेंशन मिलती है। इसमें सालाना 8.3 फीसदी का सालाना रिटर्न मिलता है। बैंक जिस तरीके से ब्याज दर घटा रहे हैं उसे देखते हुए पीएमवीवीवाई सीनियर सिटीजन के लिए निवेश का अच्छा विकल्प है। हालांकि इसमें लेने वाले के पास विकल्प है कि वह मासिक, तिमाही, छमाही और सालाना पेंशन की पेमेंट ले सकते हैं।

# होटल-वाहन उद्योग को जीएसटी में राहत

## वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की बैठक

- कैफीन युक्त पेय पदार्थ हुए महंगेए 1000 से कम किराए वाले होटल कमरों पर जीएसटी नहीं
- समुद्री नौकाओं का ईंधन, ग्राइंडर, इमली और कुछ विशेष किस्म के रक्षा उत्पादों पर जीएसटी में छूट दी गई

**पणजी।** जीएसटी परिषद ने आर्थिक नरमी के बीच विभिन्न उद्योगों को राहत देते हुए होटल और वाहन उद्योग जैसे कुछ क्षेत्रों को कर में राहत देने का फैसला किया है। इसके विपरीत, कैफीन वाले पेय पदार्थों तथा रेल गाड़ी के सवारी डिब्बे एवं वैगन पर जीएसटी का बोझ बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में यहां जीएसटी परिषद की शुक्रवार को हुई बैठक में समुद्री नौकाओं का ईंधन, ग्राइंडर, इमली और कुछ विशेष किस्म के रक्षा उत्पादों पर जीएसटी में छूट दी गई। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा कि 1,000 से 7500 रुपये तक के होटल कमरों पर जीएसटी की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत किया गया है। वहीं, 7,500 रुपये से अधिक के होटल कमरों पर 28 प्रतिशत की जगह पर 18 प्रतिशत का जीएसटी लगेगा। एक हजार रुपये से कम के होटल कमरों पर कोई जीएसटी नहीं है। उन्होंने बताया कि जीएसटी परिषद ने 28 प्रतिशत के जीएसटी के दायरे में आने वाले 10 से 13 सीटों तक के पेट्रोल वाहनों पर उपकर को घटाकर एक प्रतिशत और ऐसे डीजल वाहनों पर उपकर की दर को घटाकर तीन प्रतिशत किया है। समुद्री नौकाओं का ईंधन, ग्राइंडर, इमली और हीरा, रूबी, पन्ना या नीलम को छोड़कर अन्य अर्ध कीमती रत्नों पर कर की दर घटाई गई है। भारत में नहीं बनने वाले कुछ विशेष किस्म के रक्षा उत्पादों को भी जीएसटी से छूट दी गई है। परिषद ने रेल गाड़ी के सवारी डिब्बे और वैगन पर जीएसटी की दर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत किया है। कैफीन वाले पेय पदार्थों पर जीएसटी की वर्तमान 18 प्रतिशत की दर की जगह 28 प्रतिशत की दर से कर और 12 प्रतिशत का अतिरिक्त उपकर लगाया गया है।

## 28 दिन में सुधार के 5 बड़े कदम

# कॉरपोरेट व निवेशकों को राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अर्थव्यवस्था को तेजी देने के लिए सरकार ने 28 दिन के भीतर 5 बड़े कदम उठाए। इस श्रृंखला में वित्त मंत्रालय ने सबसे बड़े फैसले की घोषणा शुक्रवार को की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि घरेलू और नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स घटाया जाएगा। सरकार के फैसले का असर यह होगा कि नई दरों के हिसाब से कंपनियों की टैक्स देनदारी करीब 10% घट जाएगी। सुधार के इन कदमों की शुरुआत 23 अगस्त को हुई थी, जब सरकार ने घरेलू और विदेशी निवेशकों को राहत देते हुए टैक्स सरचार्ज में बढ़ोतरी वापस ली थी।

**पहला कदम: विदेशी-घरेलू निवेशकों पर सरचार्ज बढ़ोतरी का फैसला वापस**

23 अगस्त को सीतारमण ने विदेशी और घरेलू निवेशकों पर सरचार्ज बढ़ोतरी का फैसला वापस लेने की घोषणा की थी। यह फैसला मौजूदा वित्त वर्ष से लागू होगा। इसी दिन बैंकों के पूंजीकरण के लिए 70,000 की रकम देने, आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती का फायदा ग्राहकों को तुरंत देने, ऑटो सेक्टर के लिए 31 मार्च 2020 तक खरीदे गए बीएस-IV वाहन रजिस्ट्रेशन की पूरी अवधि के लिए वैध करने की घोषणा की गई। करदाताओं को परेशान करने वाली घटनाओं को रोकने के लिए विजयादशमी से इनकम टैक्स असेसमेंट फेसलेस करने का ऐलान किया। इसके तहत टैक्स संबंधी नोटिस कंप्यूटराइज्ड सिस्टम से ही जारी होगा। कंप्यूटर जेनरेटेड यूनिक डॉक्यूमेंट आईडेंटिफिकेशन नंबर के बिना कोई भी कम्युनिकेशन वैध नहीं माना जाएगा।

**दूसरा कदम: कोल सेक्टर में 100% एफडीआई को मंजूरी**

वित्त मंत्रालय ने 28 अगस्त को अर्थव्यवस्था से जुड़ी दूसरी घोषणा की। सीतारमण ने कोयला खनन और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी दे दी। चीनी के निर्यात पर 6,268 करोड़ की सब्सिडी का ऐलान भी किया। डिजिटल मीडिया में प्रिंट मीडिया की तरह 26% एफडीआई को मंजूरी दे दी। सरकार ने सिंगल ब्रांड रिटेल में एफडीआई से नियमों में भी ढील देने का फैसला किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि देशभर में अगले 2 साल में 75 सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

**तीसरा कदम: 10 सरकारी बैंक मर्ज होकर 4 बैंक बनेंगे**

30 अगस्त को सरकार ने 10 सरकारी बैंकों का मर्जर करने की घोषणा की। इस विलय से 4 बड़े बैंक बनेंगे। इनका कुल कारोबार 55.81 लाख रुपए करोड़ का होगा। 2017 में देश में 27 सरकारी बैंक थे, अब यह 12 रह जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से बैंकों के कर्ज देने की क्षमता बढ़ेगी और उनकी बैलेंस शीट मजबूत होगी।

**चौथा कदम: नकदी बढ़ाने के लिए 400 जिलों में लोन मेले लगेंगे**

19 सितंबर को वित्त मंत्री ने कहा कि सरकारी बैंक अगले अक्टूबर से 400 जिलों में लोन मेले आयोजित करेंगे। ये व्यवस्था नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) और रिटेल ग्राहकों के लिए होगी। इनमें घर खरीदार और किसान भी शामिल होंगे। 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक पहले चरण में 200 जिले कवर किए जाएंगे। दूसरे चरण में बाकी 200 जिले 11 अक्टूबर के बाद कवर किए जाएंगे। फेस्टिवल सीजन में ज्यादा से ज्यादा कर्ज वितरण सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया।

**पांचवां कदम: घरेलू कंपनियों का कॉर्पोरेट टैक्स 30% से घटकर 22%**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 सितंबर को गोवा में जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले कहा- घरेलू कंपनियों और नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए अध्यादेश के जरिए कॉर्पोरेट टैक्स घटाया जाएगा।

घरेलू कंपनियां अगर अन्य कोई छूट नहीं लेती हैं तो उन्हें सिर्फ 22% टैक्स देना होगा। सरचार्ज और सेस मिलाकर प्रभावी टैक्स दर 25.17% होगी। कॉर्पोरेट टैक्स की मौजूदा दर 30% है। सेस और सरचार्ज मिलाकर 34.94% टैक्स लगता है। यानी नई दरों के मुताबिक कंपनियों की टैक्स देनदारी करीब 10% घट जाएगी।

## 'पूसा चिकपी 10216' व 'सुपर एन्नीगेरी 1' किस्म के चने के बीज विकसित

# कृषि वैज्ञानिकों ने की चने की दो नई किस्में विकसित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी अनुसंधान संस्था भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने शुक्रवार को कहा कि आण्विक (सूक्ष्म) प्रजनन विधि के माध्यम से चने की दो उन्नत किस्में विकसित की हैं। ये उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित छह राज्यों में खेती के लिए उपयुक्त बताई गई हैं। आईसीएआर और कर्नाटक के रायचूर स्थित कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय ने इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रापिक्स के साथ मिल कर जिनोम-हस्तक्षेप' के माध्यम से 'पूसा चिकपी 10216' और 'सुपर एन्नीगेरी 1' किस्म के चने के बीज विकसित किए हैं।

- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित छह राज्यों में खेती के लिए उपयुक्त



चने की इन किस्मों से आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को किसानों को फायदा होगा। आईसीएआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 'पूसा चिकपी 10216' सूखे क्षेत्रों में भी अच्छी उपज दे सकती है। इसकी औसत पैदावार 1,447 किलो प्रति हेक्टेयर है। देश के मध्य के इलाकों नमी की कम उपलब्धता की स्थिति में यह 'पूसा 372' से लगभग 11.9 प्रतिशत अधिक पैदावार देती है। यह 110 दिन में तैयार हो जाती है और इसके 100 बीजों का वजन लगभग 22.2 ग्राम होता है। इसमें फुसैरियम विल्ट, सूखी जड़ सड़न और स्टंट रोगों के प्रति मध्यम प्रतिरोधी क्षमता है।

### सुपर एन्नीगेरी 1 : औसत उपज 1,898 किलो प्रति हेक्टेयर

*मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए अच्छा माना गया है। अधिकारी ने कहा कि चने की दूसरी नई किस्म 'सुपर एन्नीगेरी 1', को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात में जारी करने के लिए उपयुक्त पाया गया है। इसकी औसत उपज 1,898 किलो प्रति हेक्टेयर है। यह किस्म 95-110 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है। भारत ने दलहन उत्पादन में देर से आत्मनिर्भरता हासिल की है। सरकार की विभिन्न पहलकदमियों के कारण दालों का उत्पादन, जुलाई में समाप्त हुए फसल वर्ष 2018-19 के दौरान दो करोड़ 32.2 लाख टन तक होने का अनुमान है। पूसा संस्थान के डॉ भारद्वाज चेल्लापिला ने कहा कि 'पूसा चिकपी 10216' आण्विक प्रजनन प्रविधि से विकसित सूखा सहिष्णु चने की पहली किस्म है।*

# रुपए में तेजी के बीच सोना 170 रुपए टूटा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कार्पोरेट कर की दरों में कटौती की घोषणा के बाद रुपए के मजबूत होने से दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 170 रुपए टूटकर 38,390 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी में भी तकनीकी सुधार देखा गया और यह 120 रुपए घटकर 47,580 रुपए प्रति किलो पर आ गयी। गुरुवार को चांदी का बंद भाव 47,700 रुपए/किलो ग्राम और सोना 38,560 रुपए/ दस ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) तपन पटेल ने कहा, 'वित्त मंत्री द्वारा निगमित कर में कटौती की घोषणा के बाद



दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 170 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आयी। सीतारमण द्वारा निवेश और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न उपायों की घोषणा के बाद शुक्रवार को कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए का हाजिर भाव 66 पैसे मजबूत होकर 70.68 तक पहुंच गया था।

## खबर संक्षेप



### प्रणीत बाहर, भारतीय अभियान समाप्त

**चांग्झू।** बी साई प्रणीत शुक्रवार को यहां तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एंथोनी सिनिसुका जिनटिंग से हार गये जिससे भारत का चीन ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। बासेल में एक महीने पहले दुनिया के 15वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने इस इंडोनेशियाई को हराकर विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक कांसा जीता था। लेकिन वह यहां इसी प्रतिद्वंद्वी से 55 मिनट में 21-16 , 6-21 , 16-21 से हार गये। जिनटिंग का सामना आठवें वरीय डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

### दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ ड्रा मैच में पांचाल का शतक


**मैसुरु।** सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को शतकीय पारी खेली जिससे भारत ए ने मुकाबले को ड्रा पर समाप्त किया।



दो मैचों की इस श्रृंखला के पहले मैच को भारत ने जीता था जिससे श्रृंखला 1-0 से उसके पक्ष में रही। गुजरात के बल्लेबाज पांचाल ने 192 गेंद की पारी में नौ चौके और चार छक्कों की मदद से 109 रन बनाए जिससे भारतीय टीम ने 70 ओवर में तीन विकेट पर 202 रन बनाकर पारी घोषित कर दी।

### अबुधाबी टी10 लीग की नई टीम होगी बांग्ला टाइगर्स

**अबुधाबी।** अबुधाबी टी10 लीग ने 14 नवंबर से शुरू हो रहे आगामी सत्र के लिए शुक्रवार को नई टीम बांग्ला टाइगर्स को लीग से जोड़ा।



यह टी10 लीग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त 10 ओवर प्रारूप का इकलौता टूर्नामेंट है जिसे अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से लाइसेंस प्राप्त है। मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक, 'बांग्लादेश की मजबूत क्रिकेट परंपरा को प्रतिनिधित्व देने के मकसद के साथ लीग में इस टीम को शामिल किया गया है।'

### दबाव बल्लेबाज पर, लोग मनोरंजन के लिए आते हैं


**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर तबरेज शम्सी को लगता है कि टी20 बल्लेबाजों का प्रारूप है जिसमें उनके जैसे गेंदबाज मैदान में आए दर्शकों का मजा किरकिरा ही करते हैं।



कलाई के इस स्पिनर ने भारत के खिलाफ मोहाली में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट झटका और अब उनकी टीम चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रृंखला बराबर करने की कोशिश में जुटी है, जहां वह स्थानीय आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेलते थे। शम्सी दक्षिण अफ्रीका के लिये 17 वनडे और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

### विश्व चैंपियनशिप : 10वें स्थान पर रहे जेरेमी

**पटाया।** युवा ओलंपिक के स्वर्ण पदकधारी जेरेमी लालरिनुगा को तीन असफल प्रयास का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे यह भारतीय यहां विश्व भारोत्तोलनक चैंपियनशिप की आसान ग्रुप बी प्रतिस्पर्धा में 10वें स्थान पर रहा।



जेरेमी ने पुरुष 67 किग्रा ग्रुप बी स्पर्धा में 296 किग्रा (136 किग्रा और 163 किग्रा) का वजन उठाया। सोलह वर्षीय भारोत्तोलक ने स्नैच में 132 किग्रा का वजन उठाया। दूसरे प्रयास में वह अपने शरीर के भार से दोगुना वजन 136 किग्रा उठाने में कामयाब रहे। लेकिन अपने अंतिम प्रयास में वह 139 किग्रा का भार नहीं उठा सके। अगर वह ऐसा कर लेते तो यह उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और नया युवा विश्व रिकार्ड होता।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने किया तुलनात्मक अध्ययन

# रोहित और धोनी की उपस्थिति के कारण कप्तान के रूप में विराट प्रभावी : गंभीर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कप्तान इसलिए दिखते हैं क्योंकि उनके पास टीम में महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के रूप में दो सफल कप्तान मौजूद हैं। धोनी को भारत के महान कप्तानों में से एक माना जाता है जिन्होंने टीम को दो विश्व कप दिलाए हैं जबकि रोहित फ्रेंचाइजी कप्तान के रूप में काफी सफल रहे हैं और मुंबई इंडियंस को चार आईपीएल खिताब दिला चुके हैं।

गंभीर ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, 'अभी कोहली को लंबा सफर तय करना है। कोहली पिछले विश्व कप में (इंग्लैंड में) काफी अच्छा था लेकिन उसे अब भी काफी दूर तक जाना है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इसलिए इतनी अच्छी कप्तानी करता है क्योंकि उसके पास रोहित शर्मा है, उसके पास लंबे समय से महेंद्र सिंह धोनी है।'

**खास बातें**

- आरसीबी के नेतृत्व के मामले में कोहली का योगदान शून्य
- रोहित मुंबई इंडियंस को चार आईपीएल खिताब दिला चुके हैं
- धोनी भारत को दो विश्व कप दिलाने वाले महान कप्तान









### आरसीबी में कोहली गंभीर कप्तान नहीं


*कोहली के इंडियन प्रीमियर लीग में रिकार्ड की बात करते हुए गंभीर ने कहा कि कप्तान के प्रभावी होने की परीक्षा तब होती है जब आपको कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलती। गंभीर आईपीएल टीम कोलकाता नाइटराइडर्स को अपनी कप्तानी में दो खिताब दिला चुके हैं। उन्होंने कहा, 'कप्तानी के गुण की परख तब होती है जब आप एक फ्रेंचाइजी की अगुआई करते हैं, जब आपके पास सहयोग के लिए अन्य खिलाड़ी नहीं होते।' जब भी मैंने इसके बारे में बात की है, मैं हमेशा ही ईमानदार रहा हूं। देखिए, रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए क्या हासिल किया है, देखिए धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए क्या हासिल किया है। अगर आप इसकी तुलना आरसीबी से करोगे तो नतीजा सभी के सामने हैं, सब देख सकते हैं।'*

### टेस्ट में सलामी बल्लेबाजी के लिए किया रोहित का समर्थन

गंभीर ने टेस्ट प्रारूप में बल्लेबाजी के आगाज के लिए सीमित ओवर के उप कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि लोकेश राहुल को लंबा समय दिया गया। अब समय है कि रोहित को टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी का आगाज कराया जाए। अगर आप उसे टीम में चुनते हो, तो उसे अंतिम एकादश का हिस्सा होना चाहिए। अगर वह आपकी अंतिम एकादश में फिट नहीं होता तो उसे 15 या 16 खिलाड़ियों की टीम में चुनने का कोई मतलब नहीं। वह इतना बेहतरीन खिलाड़ी है कि उसे बेंच पर नहीं बिठाया जा सकता।'

## अब धोनी से आगे सोचना चाहिए, विश्व टी20 के लिए पंत मेरी पसंद : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व टी20 को देखते हुए भारतीय क्रिकेट के लिए अब महेंद्र सिंह धोनी से आगे के बारे में सोचने और युवाओं में निवेश करने का समय आ गया है। हालांकि उपलब्ध विकल्पों पर काफी बहस चल रही है क्योंकि ऋषभ पंत मिले मौकों का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। लेकिन अगले साल होने वाले विश्व टी20 के लिए वह गावस्कर की 'पहली पसंद' हैं।



यह पूछने पर कि धोनी को बांग्लादेश दौरे के लिए चुना जाना चाहिए, गावस्कर ने नकारात्मक जवाब दिया। गावस्कर ने कहा, 'नहीं, हमें उनसे आगे देखने की जरूरत है। कम से कम मेरी टीम में महेंद्र सिंह धोनी शामिल नहीं हैं। अगर आप टी20 विश्व कप के बारे में बात कर रहे हो तो मैं निश्चित रूप से ऋषभ पंत के बारे में सोचूंगा। अगर मुझे एक अन्य विकल्प की जरूरत होगी तो मैं संजू सैमसन के बारे में सोचूंगा क्योंकि संजू एक अच्छा विकेटकीपर और एक अच्छा बल्लेबाज है।'

**विश्व चैंपियनशिप : सेमीफाइनल में पंघाल ने 3-2 से हासिल की जीत**

# पंघाल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय, कौशिक ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| एकातेरिनबर्ग

एशियाई चैंपियन अमित पंघाल (52 किग्रा) शुक्रवार को यहां कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को हराकर विश्व पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए जबकि मनीष कौशिक (63 किग्रा) को सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दूसरे वरीय पंघाल ने इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में 3-2 से जीत हासिल की। अब फाइनल में शनिवार को उनका सामना उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव से होगा जिन्होंने फ्रांस के बिलाल बेनामा को दूसरे सेमीफाइनल में शिकस्त दी।

**खास बातें**

- फाइनल में आज अमित का सामना उज्बेकिस्तान के जोइरोव से
- पहली बार एक से ज्यादा पदक जीतेंगे भारतीय मुक्केबाज

राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता कौशिक ने अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया। उन्हें क्यूबा के शीर्ष वरीय और पिछले चरण के स्वर्ण पदकधारी व मौजूदा पैन अमेरिकी खेलों के चैंपियन गोमेज क्रूज से 0-5 से हार मिली। पंघाल ने जीत के बाद कहा, 'मुकाबला मेरे लिये अच्छा रहा, हालांकि मैंने जितना सोचा था मुझे उससे ज्यादा जोर लगाना पड़ा। यह भारतीय मुक्केबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि है और मुझे जो समर्थन मिल रहा है, उसका शुक्रगुजार हूं।'




### भारत के लिए बड़ी उपलब्धि

भारत ने कभी भी विश्व चैंपियनशिप के एक चरण में एक से ज्यादा कांस्य पदक हासिल नहीं किए हैं लेकिन पंघाल और मनीष कौशिक (63 किग्रा) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर इसे बदल दिया। इससे पहले विजेंदर सिंह (2009), विकास कृष्ण (2011), शिव थापा (2015) और गौरव बिधुड़ी (2017) ने विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल किए थे।

### पंघाल के मैच का रोमांच

पंघाल ने अपनी तेजी और परिस्थितियों के मुताबिक प्रदर्शन की काबिलियत की बदौलत अपने से लंबे कजाखस्तानी मुक्केबाज को पस्त किया जो क्वार्टर फाइनल में अर्मेनिया के मौजूदा यूरोपीय स्वर्ण पदकधारी आर्टर होवहानिस्यान को हराकर यहां तक पहुंचा था। रोहतक का यह मुक्केबाज काफी सटीक था, उसके मुक्कों में काफी दम था और कजाखस्तान के मुक्केबाज के खिलाफ डिफेंस भी शानदार रहा। पंघाल ने पहले दौर में अपने प्रतिद्वंद्वी की चाल को समझने में समय लगाया। बिबोसिनोव भी हालांकि कमतर नहीं थे, उन्होंने लंबाई का पूरा फायदा उठाने का प्रयास किया लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने उसे दूर ही रखा ताकि प्रतिद्वंद्वी के मुक्के शरीर पर नहीं लगे।

# बजरंग और दहिया ने जीता कांस्य पदक

विश्व चैम्पियनशिप में तीन पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने पूनिया




बजरंग




रवि दहिया

**नूर सुल्तान (कजाखस्तान)।** बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को यहां पुरूषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीतकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपना कुल तीसरा पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में तीन पदक जीतने वाले वह भारत के पहले पहलवान बन गए हैं। बजरंग ने इससे पहले 2013 में कांस्य और 2018 में रजत पदक जीता था। बजरंग ने शुक्रवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर को 8-7 से हराया। ओचिर अंडर-23 वर्ग में एशियाई चैम्पियन है। ओचिर ने मुकाबले की शुरुआत में ही बजरंग को मैट से बाहर कर दबाव में ला दिया। उन्होंने बजरंग की हाथों पर मजबूत पकड़ बनाई जिससे यह भारतीय पहलवान जवाबी हमला नहीं कर पाया। इसके बाद ओचिर ने चार अंक हासिल कर 6-0 की बढ़त कायम कर ली। बजरंग ने दूसरे पीरियड में अपने अंदाज में जवाबी हमले के साथ वापसी की। उन्होंने पहले विरोधी खिलाड़ी की बढ़त को कम किया और फिर एक अंक की बढ़त हासिल कर करीबी मुकाबले को 8-7 से अपने नाम कर लिया। यह मौजूदा सत्र का पहला टूर्नामेंट है जहां बजरंग फाइनल में जगह पक्की करने में नाकाम रहे।

### दहिया ने रेजा को हराकर कांस्य पर किया कब्जा

**नूर सुल्तान (कजाखस्तान)।** पहलवान रवि दहिया ने शुक्रवार को ईरान के एशियाई चैंपियन रेजा अत्री नागर्ची को हराकर अपनी पहली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। दहिया ने पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वी को 6-3 से हराया। इससे पहले दिन में बजरंग ने पुरुषों के 65 किग्रा में कांस्य पदक जीता। यह उनका विश्व चैंपियनशिप में तीसरा पदक है। बजरंग ने कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर को 8-7 से हराया।



### वापसी मैच में ही हारे सुशील

**नूर-सुल्तान।** पहलवान सुशील कुमार की विश्व चैंपियनशिप में आठ साल बाद वापसी महज छह मिनट तक रही और उन्हें शुक्रवार को यहां शुरुआती दौर में अजरबेजान के खादजिमुराद गादजिएव से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के ओलंपिक पदकधारी पहलवान सुशील ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए 9-4 की बढ़त बना ली थी लेकिन लगातार सात अंक गंवाकर वह 74 किग्रा क्वालीफिकेशन दौर का मुकाबला 9-11 से हार गए। अजरबेजान का पहलवान इसके बाद अपनी क्वार्टर फाइनल मुकाबले अमेरिका के जोर्डन अर्नस्ट बरो से हार गया।

### विश्व चैम्पियनशिप में पदक को लेकर आश्वस्त था: मनीष

**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के अपने पहले अभियान में कांस्य पदक जीतने वाले मनीष कौशिक (63 किग्रा) ने कहा कि वह चयन परीक्षण में सफलता हासिल करने के बाद से ही प्रतियोगिता में पदक जीतने को लेकर आश्वस्त थे।



हरियाणा में मुक्केबाजी का गढ़ कहे जाने वाले भिवानी से महज पांच किलोमीटर दूर देवसार गांव के 25 साल के इस खिलाड़ी को रूस के एकातेरिनबर्ग में चल रही प्रतियोगिता में क्यूबा के शीर्ष वरीय एंडी गोमोज क्रूज से हार कर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## रूपिंदर और ललित की भारतीय टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** फारवर्ड ललित उपाध्याय और ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह की शुक्रवार को 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हाकी टीम में वापसी हुई जो मनप्रीत सिंह की अगुआई में 26 सितंबर से तीन अक्टूबर तक बेल्जियम दौरे पर जायेगी। भारतीय टीम एक हफ्ते के दौरे पर बेल्जियम के खिलाफ तीन मैच और स्पेन के खिलाफ दो मैच खेलेगी। ललित उपाध्याय ने भुवनेश्वर में पुरुष विश्व कप खेलने के बाद टीम में वापसी की है जबकि रूपिंदर ने इस साल के शुरू में ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा में नहीं खेला था। गोलकीपर पी आर श्रीजेश ओलंपिक टेस्ट प्रतिस्पर्धा में आराम के बाद टीम से जुड़े हैं जबकि कृष्ण बी पाठक टीम में दूसरे गोलकीपर होंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, 'बेल्जियम की टीम मजबूत है और अगर हम उनके खिलाफ उनकी सरजमीं पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो रूस के खिलाफ ओलंपिक क्वालीफायर से पहले टीम के आत्मविश्वास में काफी बढ़ोतरी होगी। हम स्पेन से भी कड़ी चुनौती की उम्मीद कर रहे हैं।'

बेल्जियम दौरे के लिए टीम में हुआ चयन



**भारतीय टीम इस प्रकार है :** गोलकीपर : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, डिफेंडर : हरमप्रीत सिंह (उप कप्तान), सुरेंद्र कुमार, बीरेंद्र लकड़ा, वरूण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, खादंगबाम कोथाजीत सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह (कप्तान), हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, फारवर्ड : मंदीप सिंह, एस वी सुनील, ललित कुमार उपाध्याय, रमनदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह और आकाशदीप सिंह।

## क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 2022 में पाक दौरे की उम्मीद

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को 2022 में पाकिस्तान दौरे की उम्मीद है लेकिन मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंता बनी रहेगी और वह खिलाड़ियों की सुरक्षा को खतरे में नहीं डालेंगे।

श्रीलंकाई टीम पर मार्च 2009 के दौरे के दौरान लाहौर में आतंकी हमला हुआ था जिसमें छह खिलाड़ी घायल हुए थे। इसमें छह पाकिस्तानी पुलिसकर्मी और दो नागरिकों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद अधिकतर अंतरराष्ट्रीय टीमों ने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। आस्ट्रेलिया क्रिकेट के उच्च स्तरीय दल ने एक दशक से अधिक समय में पाकिस्तान का दौरा किया और रॉबटर्स गुरुवार को ही लौटे हैं। सरकार की सलाह पर 1998 के बाद से आस्ट्रेलियाई टीम वहां नहीं खेली हैं लेकिन कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान का दौरा 2022 को होना है। रॉबर्ट्स ने मेलबर्न के एसईएन रेडियो को बताया कि वह खुद जमीनी हालात देखना चाहते थे। रॉबर्ट्स ने कहा, 'हम पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी चाहते हैं। हम अपने लोगों को खतरे में नहीं डालेंगे। चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## अफगानिस्तान को हराकर जिम्बाब्वे ने दर्ज की टूर्नामेंट की पहली जीत

**चटगांव।** तेज गेंदबाज क्रिस मपोफु (30 रन पर चार विकेट) और कप्तान हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा (71 रन) के शानदार खेल के दम पर जिम्बाब्वे ने तीन देशों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट की पहली और सांत्वना जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान को 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद 19.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने उतरे अफगानिस्तान को विकेटकीपर रहमनुल्लहा गुरबाज (61) और हजरतुल्लाह जजई (31) ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़ कर शानदार शुरुआत दिलाई। गुरबाज ने 47 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के लगाए जबकि जजई ने 24 गेंद में तीन चौके और दो छक्के लगाये। इस जोड़ी के टूटने के बाद टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही।

- सात विकेट से हराया, क्रिस मपोफु ने चार विकेट, मसाकाद्ज़ा ने 71 रन की शानदार पारी खेली

मपोफु के अलावा जिम्बाब्वे के लिए सी.टी. मुतोंबोदजी ने दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को मसाकाद्ज़ा ले अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने 42 गेंद की पारी में चार चौके और पांच छक्के जड़े।

**प्रो कबड्डी: पंकज मोहिते ने शानदार खेल दिखाया**

# पुनेरी ने बेंगलुरु को 42-38 से शिकस्त दी

एजेंसी ▶▶| पुणे

प्रो कबड्डी लीग में पुणे लीग के आखिरी मुकाबले में घरेलू टीम पुनेरी पलटन ने बेंगलुरु बुल्स को 42-38 से हरा दिया। पुणे के डिफेंस और रेडिंग में पंकज मोहिते ने शानदार खेल दिखाया। इस मैच के बाद पुणे की टीम 42 अंकों के साथ प्वॉइंट्स टेबल में 8वें पायदान पर है, वहीं बेंगलुरु की टीम चौथे पायदान पर है। बेंगलुरु बुल्स ने पहले हाफ की शुरुआत शानदार तरीके से की और 3 प्वॉइंट की बढ़त बना ली लेकिन चौथे मिनट तक पुनेरी पलटन ने स्कोर बराबर कर लिया। 5वें मिनट में पंकज मोहिते ने सुपर रेड कर पुणे को बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद पुनेरी पलटन ने बेंगलुरु बुल्स को ऑल आउट कर दिया और 4 प्वॉइंट की बढ़त बना ली। हाफ टाइम तक स्कोर 20-15 से पुनेरी पलटन के पक्ष में रहा। पवन सेहरावत पहले हाफ में 9 मिनट तक बाहर बैठे रहे और सिर्फ 2 ही प्वॉइट ले पाए। यही बेंगलुरु बुल्स के पिछड़ने की वजह बना। वहीं पुनेरी पलटन के डिफेंस ने बेहतरीन खेल दिखाया।



### पटना पाइरेट्स ने तेलुगु टाइटंस को बराबरी पर रोका

**पुणे।** तीन बार की चैम्पियन पटना पाइरेट्स ने आखिरी पांच मिनट में शानदार खेल के दम पर प्रो कबड्डी लीग के मुकाबले में शुक्रवार को यहां तेलुगु टाइटंस को 42-42 की बराबरी पर रोक दिया। स्टार रेडर प्रदीप नरवाल 17 अंक बना कर एक बार फिर मुकाबले में पटना की वापसी करवाई। मैच खत्म होने से सात मिनट पहले पटना की टीम आठ अंक (29-37) से पिछड़ रही थी लेकिन नरवाल और कोरिया खिलाड़ी ली जंग-कुन (सात अंक) के शानदार खेल से टीम ने बराबरी कर तीन अंक हासिल किया। तेलुगु टाइटंस के लिए सिद्धार्थ देसाई (12 अंक) और रजनीश (10 अंक) ने सुपर टेन किए लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

## खबर संक्षेप

### संरा मुख्यालय में 'गांधी सौर पार्क' का उद्घाटन करेंगे मोदी

**न्यूयॉर्क।** भारत की ओर से अपनी तरह की पहली सांकेतिक पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र की यात्रा के दौरान 50 किलोवाट क्षमता के 'गांधी सौर पार्क' का उद्घाटन करेंगे। यह कदम जलवायु परिवर्तन वार्ता से भी आगे जाने की भारत की इच्छाशक्ति को रेखांकित करता है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की छत पर स्थापित सौर पैनलों को उपहार में दिया है और विश्व निकाय के सभी 193 सदस्यों के लिए एक-एक पैनल लगाया गया है। पूरी परियोजना पर दस लाख डॉलर खर्च हुए हैं।

### अमेरिका में गोलीबारी में एक की मौत, पांच घायल

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस के नजदीक की सड़कों पर हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। एनबीसी वॉशिंगटन ने पुलिस के हवाले से बताया कि गोलीबारी की घटना व्हाइट हाउस से करीब तीन किमी दूर स्थित कोलंबिया हाइट्स में हुई। घटना बृहस्पतिवार की रात दस बजकर छह मिनट पर हुई। यह क्षेत्र उत्तर पश्चिम वॉशिंगटन में है। इस खबर में बताया गया कि पुलिस को गोली चलाने की घटना की जानकारी मिली और इसमें घायल छह लोगों का भी पता चला। पुलिस ने बताया कि पांच घायलों को अस्पताल ले जाया गया जिनमें से कम से कम एक की हालत गंभीर है।

### अमेरिका के आसमान से 50 साल में गायब हुए तीन अरब परिंदे

**वाशिंगटन।** उत्तरी अमेरिका के आसमान से पिछले 50 साल में तीन अरब परिंदे गायब हो गए हैं। यह खुलासा 1970 से लेकर अब तक पक्षियों की मौजूदगी पर किए गए एक व्यापक अध्ययन में हुआ है। नया अध्ययन पक्षियों की कम होती संख्या पर केंद्रित था बजाय कि उनके विलुप्त होने पर। साइंस पत्रिका में गुरुवार को प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक करीब 50 साल पहले कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका में करीब 10.2 अरब पक्षी थे जिसमें 29 फीसदी की कमी आई है और अब यहां 7.2 अरब पक्षी रह गए हैं।


### अमेरिका दौरे से पहले ट्वीट कर प्रधानमंत्री मोदी बोले


# मजबूत होंगे सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के रिश्ते

**ट्रंप से मुलाकात का बेसब्री से इंतजार**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका दौरे के लिए रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि अमेरिका दौरे पर दुनियाभर के नेताओं से मिलने का मौका मिलेगा। अपने ताबड़तोड़ किए गए 9 ट्वीट्स में अमेरिका दौरे को लेकर अपने कार्यक्रमों की रुपरेखा भी बताई और अमेरिका के साथ नए संबंध स्थापित होने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि वो भारतीय समुदाय को संबोधित करने के अलावा एनर्जी कंपनियों के सीईओ से मुलाकात भी करेंगे। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार सवा 10 बजे ह्यूस्टन में विशाल जनसमूह होगा। हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी उपस्थिति के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह उपस्थिति भारत और अमेरिका के संबंधों को एक नई मजबूती प्रदान करेगा। वहीं एक अन्य ट्वीट में कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं।





#### कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरे के दौरान बेहद व्यस्त कार्यक्रम होगा। एक हफ्ते के लंबे उनके दौरे के एजेंडे में कई मसले शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा, विभिन्न उद्योगों से जुड़े कॉरपोरेट प्रमुखों से भी मिलेंगे। पीएम मोदी 21 सितंबर को ह्यूस्टन में सीईओ के साथ राउंडटेबल मीटिंग करेंगे जिसमें बीपी, एक्सोनमोबिल, एमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी, विन्मार इंटरनेशनल और आईएचएस मार्किट के प्रमुख भी हिस्सा लेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री स्टार्टअप्स के शीर्ष अधिकारियों से भी मिल सकते हैं और भारत में उनकी मौजूदगी बढ़ाने के लिए उनको प्रोत्साहित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री 21 से 27 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की इस अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप से दो बार मुलाकात होगी। पहली मुलाकात 22 सितंबर को ह्यूस्टन में भारतीय प्रवासियों के कार्यक्रम 'हाउडी मोदी' के दौरान होगी, जब ट्रंप इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। दूसरी मुलाकात 24 सितंबर को होगी जब दोनों नेता द्विपक्षीय वार्ता के दौरान न्यूयॉर्क में मिलेंगे।

#### गांधी जयंती पर बेहद अहम कार्यक्रम

इस वर्ष महात्मा गांधी की 150वीं जयंती है। पीएम ने बताया कि भारत इस अवसर पर यूएन में एक कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है जिसमें दुनियाभर के नेता गांधीजी के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे। पीएम ने कहा कि अमेरिका दौरे से उन्हें दुनिया के कई प्रमुख नेताओं के साथ मुलाकात का सुनहरा अवसर मिलेगा। मोदी ने बताया कि भारत प्रशांत महासागर के महाद्वीपीय राष्ट्रों और केरीकॉम ग्रुप के नेताओं के साथ मुलाकातों का कार्यक्रम आयोजित करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में उन्हें ग्लोबल गोलकीपर्स गोल्स अवॉर्ड 2019 पुरस्कार से नवाजे जाने के लिए मेलिंडा और गेट्स फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि भारत ने स्वच्छ भारत के गांधीजी के सपने को पूरा करने के लिए पिछले पांच वर्षों में साफ-सफाई की व्यस्था सुधारने की दिशा में कई प्रयास किए। मोदी ने बताया कि वह यूएन में आयोजित हो रही क्लाइमेट ऐक्शन समिट और यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के समारोह के साथ-साथ ब्लूमबर्ग बिजनस फोरम के उद्घाटन सत्र में मौजूद रहेंगे।

### सरकार ने जीएसटी दर घटाई

# अब होटल में कमरा लेना होगा सस्ता



- अब 7500 रुपये से कम के होटल किराये पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगा
- अभी तक 7500 रुपये से कम के होटल किराये पर 18 फीसदी जीएसटी देना पड़ता था

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में होटल किराये में जीएसटी दरों को घटा दिया गया है। इससे अब लोगों को कम दाम पर होटल रूम मिल सकेंगे। अब 7500 रुपये से कम के होटल किराये पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अलावा 7500 रुपये से ज्यादा के होटल किराये पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। अभी तक 7500 रुपये से कम के होटल किराये पर 18 फीसदी जीएसटी देना पड़ता था, जबकि 7500 रुपये से ज्यादा के होटल किराये पर 28 फीसदी जीएसटी लगता था। इस तरह 7500 रुपये से कम के होटल किराये पर लगने वाले जीएसटी की दर में 6 फीसदी और 7500 रुपये से अधिक के होटल किराये पर जीएसटी की दर में 10 फीसदी की कटौती की गई है। यह फैसला गोवा में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 37वीं बैठक में लिया गया।

#### एजेंडे में कई बदलाव करने की बात कही गई थी

इस बैठक के एजेंडे में ऑटोमोबाइल, बिस्किट, माचिस, आउटडोर कैटरिंग सेगमेंट के जीएसटी रेट में बदलाव की बात रखी गई थी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि नई घरेलू कंपनी जिसका गठन 1 अक्टूबर 2019 या उसके बाद हुआ है और जो नए सिरे से निवेश कर रही है, वो 15 फीसदी के दर से इनकम टैक्ट का भुगतान करे। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी 31 मार्च 2023 से पहले उत्पादन शुरू कर देती हैं, तो 15 फीसदी टैक्स देना होगा। सभी तरह के सरचार्ज और सेस पर 17.10 फीसदी प्रभावी दर होगी।

### आज राजधानी के विज्ञान भवन में होगी बैठक

# कैब की बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतिम प्रारूप पर होगी माथापच्ची

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा शनिवार को केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (कैब) की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक करेंगे। मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि राजधानी के विज्ञान भवन में होने वाली इस बैठक की खास बात यह है कि इसमें शायद पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब इसे केवल किसी एक एजेंडे को ध्यान में रखकर ही बुलाया गया है और वह है राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2019 के प्रारूप पर बोर्ड के तमाम पक्षों से विचार-विमर्श कर उसे अंतिम रूप देना। बैठक में दो सत्र होंगे। एक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के स्कूली शिक्षा से जुड़े भाग पर और दूसरे में उच्च-शिक्षा के विषय को लेकर व्यापक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन पर चर्चा होगी और सभी के सुझावों को एकत्रित कर भविष्य में लिए जाने वाले अंतिम निर्णय का खाका खींचा जाएगा।

MHRD
GOVERNMENT OF INDIA

- बैठक में दो सत्र होंगे
- एक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के स्कूली शिक्षा से जुड़े भाग पर और दूसरे में उच्च-शिक्षा के विषय को लेकर व्यापक प्रस्तुतियां दी जाएंगी

#### 31 मई को मिली रिपोर्ट

एनईपी को लेकर गठित की गई कस्तूरीरंगन समिति ने करीब साढ़े तीन महीने पहले 31 मई को अपनी रिपोर्ट केंद्रीय एमएचआरडी मंत्री को सौंपी थी। इसके बाद उन्होंने इसे विभिन्न पक्षों से सुझाव लेने के लिए पब्लिक डोमेन में डाला था। आंकड़ों के हिसाब से तब से लेकर आज तक एक लाख से अधिक सुझाव मंत्रालय को मिले हैं। जिन्हें छांटने के लिए गठित की गई कमेटी ने पूर्व में दिए गए सुझावों से मिलते-जुलते सुझावों को गैर-जरुरी मानकर अलग कर दिया और बाकी नए सुझावों को एनईपी के अंतिम प्रारूप में शामिल कर लिया।

### पाक से भागकर महिला कार्यकर्ता अमेरिका पहुंची, शरण मांगी

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान की प्रमुख महिला कार्यकर्ता और कथित राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए देशद्रोह के आरोप का सामना कर रहीं गुलालई इस्माइल भागकर अमेरिका पहुंच गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने अमेरिका में राजनीतिक शरण की मांग की है। न्यूयॉर्क टाइम्स में गुरुवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) ने 32 वर्षीय गुलालई का नाम निकास नियंत्रण सूची (ईसीएल) में शामिल करने की सिफारिश की थी लेकिन वह पिछले महीने पाकिस्तान से भागने में कामयाब रहीं और अभी अपनी बहन के साथ ब्रुकलिन में रह रही हैं।

### सऊदी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा लेंगे: पेंटागन

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका को सऊदी तेल संयंत्रों पर सप्ताहांत में होने वाले हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा लेने का पूरा भरोसा है। पेंटागन के प्रवक्ता जोनाथन हॉफमैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस बात के संकेत मिले हैं कि हमलों के पीछे ईरान का हाथ है लेकिन अमेरिका चाहता है कि सऊदी अरब यह घोषणा करे कि हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है।




### मुलाकात...



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और मंगोलिया के राष्ट्रपति खाल्तमागिन बटुल्गा ने शुक्रवार को दोनों देशों के गहरे द्विपक्षीय सहयोग एवं लोगों के बीच सम्पर्क को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

### इजराइल संसदीय चुनाव परिणाम

# पीएम नेतन्याहू की पार्टी दूसरी सबसे बड़ी पार्टी

एजेंसी ▸▸ यरूशलम



- नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को इस चुनाव में 31 सीटें मिली

इजराइल में इस हफ्ते हुए आम चुनाव के परिणामों के बाद गतिरोध शुरू हो गया है क्योंकि देश में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी देश में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है किंतु प्रधानमंत्री पद पर बने रहने के लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना होगा। देश में मंगलवार को हुए आम चुनावों के लगभग पूर्ण नतीजे आने के बाद पूर्व सैन्य प्रमुख बेनी गैंट्ज की मध्यमार्गी ब्लू एंड व्हाइट पार्टी को 120 सीटों वाले सदन में 33 सीटें मिली हैं। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को इस चुनाव में 31 सीटें मिली हैं। लेकिन बहुमत गठबंधन बनाने के लिए दोनों के पास कोई स्पष्ट रास्ता दिखाई नहीं पड़ रहा है।

### संरा सम्मेलन से पहले दुनियाभर में लोगों का आह्वान

# जलवायु परिवर्तन को लेकर प्रदर्शन

**दिल्ली/कैनबरा।** न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन से पहले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के कदम उठाने का आह्वान करते हुए दुनिया भर में हजारों जगह प्रदर्शन हुए। नयी दिल्ली में दर्जनों छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और एक रैली के दौरान आवास तथा शहरी मामलों के मंत्रालय के बाहर नारे लगाए- 'जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई हो' और 'हम साफ हवा में सांस लेना चाहते हैं।' ऑस्ट्रेलिया में कई जगह शुक्रवार को हजारों प्रदर्शनकारी रैलियों में जमा हुए। ऐसी ही एक शुरुआती रैली ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहर सिडनी और राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा में हुई, जिसे "वैश्विक जलवायु "वैश्विक जलवायु हड़ताल" नाम दिया गया। ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शनकारियों ने देश में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाने का आह्वान किया।

#### हम साफ हवा में लेना चाहते है सांस




- दर्जनों छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया

#### 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को घटाकर शून्य करने के लक्ष्य रखा जाए

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया दुनिया का सबसे बड़ा कोयला और तरल प्राकृतिक गैस का निर्यातक है। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को वैश्विक जलवायु हड़ताल का आयोजन 110 कस्बों और शहरों में किया। इस दौरान सरकार और कारोबारियों से कहा गया कि वे 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को घटाकर शून्य करने के लक्ष्य को पूरा करने का वादा करें। ऐसी ही रैलियों का आयोजन शुक्रवार को दुनिया भर में करने की योजना है। अमेरिका में शुक्रवार को 800 से अधिक आयोजन की तैयारी है।

### इंडोनेशिया खत्म करेगा विवाह से पूर्व सेक्स करने वाला कानून

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो ने विवाह पूर्व यौन संबंध और पुरुष समलैंगिकता को प्रतिबंधित करने वाले नये कानून को पारित करने में विलंब करने के लिए कहा है। इस विवादास्पद विधान का सार्वजनिक विरोध शुरू हो गया है। विदोदो ने शुक्रवार कहा कि आपराधिक संहिता में होने वाले इस प्रस्तावित संशोधन की विस्तार से समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने संसद से अगले सप्ताह खत्म होने जा रहे उसके सत्र से पहले इस प्रस्तावित कानून पर मतदान को रोक देने के लिए कहा है। कानून में किये जा रहे इस परिवर्तन से विश्व के इस सबसे बड़े मुस्लिम देश में लाखों लोग प्रभावित होंगे। इससे समलैंगिक और विवाह से पहले या विवाहेत्तर यौन संबंध रखने वालों को जेल जाना पड़ सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109